▸ वर्ष 72 ▸ अंक 328 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, मंगलवार 26 अगस्त, 2025
▸ भाद्रपद शुक्ल पक्ष 03, विक्रम संवत् 2082
▸ नगर ▸ मूल्य 5 रुपए ■ ■

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण


www.dainikjagranmpcg.com


किसी भी तरह की लत बुरी होती है चाहे वह नशा शराब हो, मॉर्फिन हो या आदर्शवाद।
-कार्ल जंग

■ कल से लागू होगा 50 फीसदी टैरिफ ■ फिच ने भारत की रेटिंग बीबीबी-बरकरार रखी

# ट्रंप टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर होगा मामूली असर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** २७ अगस्त से लागू हो रहे ५० फीसदी ट्रंप टैरिफ के पहले ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने भारत को लेकर बड़ी बात कही है। एजेंसी का मानना है कि अमेरिकी टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर मामूली असर होगा। इसे आखिर में कम भी किया जा सकता है। फिच ने भारत की क्रेडिट रेटिंग को भी बीबीबी-पर बरकरार रखा है। भारत के मजबूत आर्थिक विकास,स्टेबल इकोनॉमी ने इस रेटिंग को सपोर्ट किया है। रेटिंग एजेंसी ने वित्तीय वर्ष 2026 में भारत का जीडीपी रेट 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है, जो वित्तीय वर्ष २०25 के जैसा है। हालांकि, फिच ■ शेष पृष्ठ 7 पर




**बीबीबी-क्या है** सबसे निचली 'इन्वेस्टमेंट ग्रेड' रेटिंग। इसका मतलब है कि कर्ज चुकाने की क्षमता ठीक है, लेकिन आर्थिक दिक्कतों में थोड़ा जोखिम हो सकता है। निवेश सुरक्षित, पर सीमित भरोसा। वहीं, बीबीबी ये बीबीबी-से एक कदम ऊपर। कर्ज चुकाने की क्षमता अच्छी, जोखिम कम, और निवेशकों का भरोसा थोड़ा ज्यादा।

### अमेरिका के टैरिफ का मामूली प्रभाव

रेटिंग एजेंसी ने कहा, यूएस को होने वाले निर्यात का भारत की जीडीपी में सिर्फ 2 फीसदी हिस्सा है, इसलिए सीधा प्रभाव मामूली होगा। हालांकि, टैरिफ को लेकर अनिश्चितता का निवेश पर नकारात्मक असर पड़ेगा। अमेरिका द्वारा आखिर में 50 फीसदी टैरिफ को कम कर दिया जाएगा।

### एसएंडपी ने बढ़ाई क्रेडिट रेटिंग

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने भारत की लॉन्ग-टर्म क्रेडिट रेटिंग को बीबीबी-से बढ़ाकर बीबीबी कर दिया है। वहीं इंडियन इकोनॉमी को लेकर आउटलुक स्टेबल रखा है। एजेंसी का कहना है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। आर्थिक विकास भी तेजी से हो रहा है।


## ...तो आरबीआई लेगा नीतिगत फैसले: गवर्नर

**नई दिल्ली।** ट्रंप टैरिफ के चलते अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर आरबीआई की भी नजर है। गवर्नर संजय मल्होत्रा ने संकेत दिए हैं कि टैरिफ का असर घरेलू आर्थिक वृद्धि पर पड़ने की स्थिति में नीतिगत कदम उठाएंगे। मल्होत्रा ने फिक्की-आईबीए वार्षिक बैंकिंग कॉन्क्लेव में सोमवार को कहा कि बैंकिंग सेक्टर को पर्याप्त लिक्विडिटी उपलब्ध कराई है आगे भी जरूरत पर वह हम देंगे, ताकि अर्थव्यवस्था की वृद्धि को समर्थन मिले, विशेष रूप से उन सेक्टरों को जो ज्यादा प्रभावित होंगे। अगर ऐसी स्थिति आई, तो हम अपनी जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटेंगे।



### कुछ सेक्टर्स पर पड़ सकता है असर

गवर्नर ने कहा, टैरिफ का मोटे तौर पर असर न्यूनतम रहेगा,लेकिन जेम्स,ज्वेलरी, टेक्सटाइल्स, परिधान, एमएसएमई जैसे क्षेत्रों पर संभावित असर हो सकता है। सरकार मुक्त व्यापार समझौतों पर काम कर रही है, जिनमें से कुछ काफी समय से प्रगति पर हैं। हम ईजिंग साइकिल में हैं।



भारत के सबसे निरंतर और विश्वसनीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने खेल को अलविदा कह दिया!






## संक्षिप्त खबरें

पहली बार तीनों सेनाओं का संयुक्त सेमिनार

### आज महू आएंगे राजनाथ और तीनों सेना प्रमुख

**महू, जेएनएन।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार देश की तीनों सेनाएं युद्ध पद्धति में नवाचार और रणनीतिक विमर्श को लेकर राष्ट्रीय स्तर का 'रण संवाद 2025' आयोजित कर रही हैं। यह आयोजन 26, 27 अगस्त को महू के सैन्य संस्थान में होगा। इसमें 26 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ शिकरत करेंगे। सीडीएस जनरल अनिल चौहान, थलसेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नेवी चीफ एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह भी मौजूद रहेंगे। पहली बार तीनों सेनाओं का संयुक्त सेमिनार हो रहा है।



### इजरायल के हमले में चार पत्रकार सहित की 14 मौत

**तेल अवीव, जेएनएन।** फिलिस्तीन में इजरायल ने सोमवार को बड़ा हमला किया है। गाजा में हुए हमले में नासिर मेडिकल कॉम्प्लेक्स को निशाना बनाया गया है। इसमें 4 पत्रकारों समेत कुल 14 लोग मारे गए हैं। इनमें से एक पत्रकार अल जजीरा से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। कतर के टीवी चैनल ने भी इसकी पुष्टि की है। नासिर अस्पताल की ओर से जारी बयान में भी जानकारी दी गई है। हमले में कुल 14 लोग मारे गए हैं, जिनमें कई पत्रकार शामिल हैं। इसके अलावा बड़ी संख्या में लोग घायल भी हुए हैं। मारे गए पत्रकारों में अल जजीरा का कैमरामैन मोहम्मद सलाम भी शामिल हैं। रॉयटर्स के लिए काम करने वाले हुसम अल-मासरी शामिल हैं। एपी से जुड़ी मरियम अबू डग्गा की भी मौत हो गई है।

### 22 दिन पहले तस्मानिया से उड़ा विमान गायब

**नई दिल्ली, जेएनएन।** 8 मार्च 2014 को कुआलालंपुर से बीजिंग रवाना हुआ मलेशियाई प्लेन एमएच-370 अचानक लापता हो गया था। विमान में 239 लोग सवार थे। 10 साल से ज्यादा समय बीतने के बाद दुर्घटना का कारण आज भी एक रहस्य बना हुआ है। अब ऑस्ट्रेलिया में एक घटना ने इसकी यादें ताजा कर दी हैं। यहां दो लोगों और उनके कुत्ते को लेकर जा रहा यात्री विमान 2 अगस्त से लापता है। 22 दिन बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिल पाया। विमान में 72 वर्षीय ग्रेगरी वॉन, 66 वर्षीय पार्टनर किम वार्नर और उनका कुत्ता मौली सवार थे। विमान को ग्रेगरी ही चला रहे थे। फ्लाइट ने बीते 2 अगस्त को तस्मानिया के जॉर्जटाउन हवाई अड्डे से दोपहर लगभग 1 बजे उड़ान भरी थी। विमान को पहले विक्टोरिया ले जाया गया और फिर वे न्यू साउथ वेल्स के हिलस्टन एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए थे, लेकिन बास स्ट्रेट के ऊपर विमान अचानक गायब हो गया। जानकारी के मुताबिक जब शाम तक भी विमान से कोई सूचना नहीं मिली, तो परिवार ने अलार्म बजाया। इसके बाद खोज शुरू की गई। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने उत्तरी तस्मानिया, बास स्ट्रेट और विक्टोरिया में कई हेलीकॉप्टरों, नावों और जहाजों की मदद से तलाशी शुरू की। हालांकि, 22 दिनों के बाद भी अधिकारियों को कोई सफलता नहीं मिल पाई है। उन्हें न तो कोई मलबा मिला है और न ही एक्सीडेंट के कोई संकेत। वहीं विमान से कोई इमरजेंसी संकेत भी नहीं भेजे गए थे, जिसे लेकर हैरानी जताई जा रही है।

इंग्स का नया ठिकाना बनता प्रदेश, भोपाल के बाद अब इंदौर में पकड़ी बड़ी खेप

# महिला तस्कर से मिले 48.50 लाख कैश, एक करोड़ रु. की ब्राउन शुगर

### इंदौर पुलिस की कार्रवाई झुग्गी में नोट गिनने रात को बुलाना पड़ी मशीन


**जागरण, इंदौर।** राजधानी भोपाल में एमडी ड्रग्स की दो फैक्टरी और 24 करोड़ रुपए के गांजे की बड़ी खेप मिलने के बाद ड्रग्स तस्करी का नया ठिकाना माने जा रहे मध्यप्रदेश के इंदौर में पुलिस को एक झुग्गी से 48 लाख 50 हजार रुपए कैश मिले हैं। झुग्गी में रखे डिब्बों और पीपों से लगातार निकल रहीं नोटों की गड्डी निकलते देख पुलिस को गिनती करने के लिए रात में ही मशीन बुलाना पड़ गई। यह झुग्गी एक महिला तस्कर की है। इस तस्कर की झुग्गी से पुलिस को एक करोड़ रुपए कीमत की ब्राउन शुगर भी मिली है।

इंदौर क्राइम ब्रांच ने रविवार देर रात बड़ी छापामार कार्रवाई को अंजाम देते हुए नाथ मोहल्ला, अहीरखेड़ी से कुख्यात महिला ड्रग तस्कर सीमा नाथ पति महेश टोपी को गिरफ्तार किया है। इस महिला तस्कर पर पहले भी कई मामले दर्ज हैं। यह तस्कर लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को लंबे समय से चकमा दे रही थी। सतत निगरानी के बाद पुलिस द्वारा तस्कर को पकड़ने घेराबंदी की गई, पुलिस ने जब आरोपी की झुग्गी में छानबीन शुरू की, तो वहां उसे उम्मीद से ज्यादा हाथ लगा। सीमा नाथ के कब्जे से पुलिस ने 516 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय मार्केट में कीमत 1 करोड़ से रुपए से ज्यादा बताई जा रही है। वहीं पुलिस को पुलिस को झुग्गी से 48 लाख 50 हजार नकदी और एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा भी मिला। पुलिस को झुग्गी में रखे डिब्बों और लोहे की कोठियों में से 100, 200 और 500 रुपए के नोट के बंडल भी मिले हैं। नोटों के यह बंडल कोठी में कपड़ों बीच छुपाकर रखे गए थे। नोट इतने अधिक थे कि उन्हें गिनने के लिए रात में ही मशीन बुलाना पड़ी। तस्कर के पास से पुलिस को कुल 18 हजार 100 नोट मिले, जो कुल 48 लाख 50 हजार रुपए के हैं। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।


ड्रग तस्कर सीमानाथ।

### सस्ते में खरीद कर वसूलती थी महंगे दाम

पूछताछ में सीमा नाथ ने कबूल किया है कि वह लंबे समय से नशे का कारोबार कर रही थी। वह सस्ते दामों पर ड्रग्स खरीदकर शहर में महंगे दामों पर बेचती थी। नशे की खुराक को वह घर पर ही इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौलकर नशेड़ियों तक पहुंचाती थी। आरोपी खुद नशे की आदी बताई जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, सीमा पहले भी कई मामलों में जेल जा चुकी है। उस पर दर्जनभर से अधिक अपराध दर्ज हैं। पिछले महीने जुलाई में ही उसका एक साथी रवि उर्फ काला रघुवंशी को 11.78 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसी से पूछताछ में सीमा का पूरा रिकॉर्ड पुलिस के पास आ गया। इंदौर क्राइम ब्रांच इस साल अब तक ड्रग माफियाओं के खिलाफ 72 मामलों में 130 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।



### भोपाल में मिल चुकी हैं ड्रग बनाने की 2 फैक्टरी

बीते दस महीनों में भोपाल में ड्रग्स बनाने की दो बड़ी फैक्टरी मिल चुकी हैं। अक्टूबर 2024 में राजधानी के बगरोदा में एनसीबी व गुजरात एटीएस ने फैक्टरी पकड़ी थी। यहां से 1814 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स भी जब्त की गई थी। इसके बाद इसी माह डीआरआई ने छापामार कार्रवाई कर जगदीशपुरा में एक फैक्टरी पकड़ी है, जिसमें पुलिस को 92 करोड़ रुपए का एमडी ड्रग्स मिला था। वहीं दो दिन पूर्व ही डीआरआई ने रेलवे स्टेशन से 24 करोड़ रुपए कीमत का हाइड्रोपोनिक (पानी में उगाए जाने वाली तकनीक) वीड की बड़ी खेप जब्त की थी। गौरतलब है कि अब तक भोपाल में 16 से 20 अगस्त के बीच डीआरई ने लगभग 116 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। इन दोनों मामलों के आरोपियों को अदालत के आदेश पर जेल भेजा गया है।

प्रदेश में 5 और सरकारी मेडिकल कॉलेज खुलेंगे

# उपचार से ज्यादा लोगों को स्वस्थ रखने पर फोकस: नड्डा



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि नई स्वास्थ्य नीति को नए तरीके से तैयार किया गया। अब हम इलाज की पुरानी व्यवस्था के बजाय नागरिक बीमार ही न पड़ें, इसके लिए प्रिवेन्टिव और प्रमोशनल हेल्थकेयर पर फोकस कर रहे हैं। भारत पहला देश है, जो अधिकतम आबादी को बीमारी के उपचार के लिए 5 लाख सालाना हेल्थ कवरेज दे रहा है।

नड्डा सोमवार को जबलपुर के घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस सांस्कृतिक सूचना केंद्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, हम देश में टोटल हेल्थ केयर में विकास और विस्तार की एक नई कहानी लिख रहे हैं। आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के जरिए हमने यह कर दिखाया है। मप्र की सरकार ने भी यह करके दिखाया है और इसके लिए सीएम डॉ. यादव और विभाग का अमला बधाई और साधुवाद का पात्र हैं। नड्डा ने कहा, दिल्ली ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### डायरेक्ट होंगे पंचायत, निकाय चुनाव: सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को जबलपुर में बड़ी घोषणा की, जिसमें उन्होंने कहा, आने वाले त्रिस्तरीय पंचायत और निकाय चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए कार्यकर्ताओं को अभी से जुटना होगा। जबलपुर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से वर्ष 2023 के विधानसभा और वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को ऐतिहासिक विजय मिली है। पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और मप्र की भाजपा सरकार के जनहितैषी कार्यों और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी संगठन को और मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा, नगरीय निकाय चुनाव व पंचायत के चुनाव अब सीधे होंगे। पार्टी है तो सरकार है और सरकार है तो प्रतिष्ठा है, इसलिए जनता के हित में कार्य करें।

# रिश्वतखोरी में सस्पेंड बाबू रात में दफ्तर में निपटा रहा फाइल

### वायरल वीडियो में दफ्तर में काम करते हुआ कैद

**जागरण, मुरैना।** रिश्वत मांगने और लापरवाही के मामले में शिक्षा विभाग से सालभर पहले निलंबित बाबू विनोद शर्मा मुख्यालय स्थित बीईओ कार्यालय में रात के समय काम करते कैमरे में कैद दिख रहे हैं। सोमवार को वीडियो भी सामने आया है। मालूम हो कि एक साल पहले चंबल संभाग के आयुक्त को जनसुनवाई में रामदीन राही और कमलेश जादौन ने शिकायत की थी कि बाबू विनोद शर्मा रिटायरमेंट फंड के लिए पैसे मांगता है और दो साल से काम नहीं कर रहा था। जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद 14 अगस्त 2024 को उसे निलंबित कर पोरसा शिक्षा कार्यालय में अटैच कर दिया गया। पोरसा के बीईओ नरेंद्र तोमर ने बताया कि विनोद शर्मा को पिछले साल उनके कार्यालय में अटैच किया था, लेकिन वह आज तक वहां नहीं पहुंचे। इस बारे में 17 अगस्त 2024 को डीईओ को पत्र भी लिखा गया था।



### रात में ही खोलता है ऑफिस

निलंबन के बावजूद विनोद शर्मा रात में मुख्यालय स्थित बीईओ दफ्तर में काम करता है। बीईओ श्याम सिंह तोमर ने कहा कि वर्तमान बाबू को काम समझ नहीं आता, इसलिए विनोद को बुला लिया जाता है। हालांकि, नियमित काम बाबू राजोरिया ही देख रहे हैं। एडीएम अश्वनी कुमार रावत ने कहा, यह गंभीर मामला है। जांच कर संबंधित पर कार्रवाई करेंगे।

# भर्ती घोटाला: ईडी को देख टीएमसी विधायक दीवार कूदकर भागा, नाले में फेंका मोबाइल

**कोलकाता, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को स्कूल भर्ती घोटाले मामले में टीएमसी विधायक जीवन कृष्ण साहा को गिरफ्तार किया है। ईडी की टीम रेड के लिए पहुंची थी, लेकिन विधायक को इसकी जानकारी मिल गई। वे रेड के पहले दीवार फांदकर भागने की कोशिश करने लगे। इस दौरान साहा ने मोबाइल फोन भी नाले में फेंक दिया, जिसे ईडी ने बरामद कर लिया है। विधायक की गिरफ्तारी के समय की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। एक फोटो में कीचड़ में सने नजर आ रहे हैं। साहा मुर्शिदाबाद के बुरवान से विधायक हैं। ईडी की तरफ से दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग केस में टीएमसी विधायक साहा, उनके रिश्तेदार और सहयोगी को आरोपी बनाया गया है। साहा को विशेष अदालत में पेश किया जाएगा और आगे की जांच के लिए उनकी हिरासत मांगी जाएगी।


विधायक साहा।

### 1 व्यक्ति को लेकर साहा के घर पहुंची ईडी

स्कूल शिक्षक भर्ती घोटाले से जुड़े बीरभूम के एक व्यक्ति ने पैसों की लेन-देन की सूचना मिलने के बाद साहा के परिसरों की तलाशी ली। ईडी की टीम ने बीरभूम के उस व्यक्ति के साथ साहा के घर पर छापा मारा। इससे पहले ईडी ने साहा की पत्नी से भी पूछताछ की थी। साहा को सीबीआइ ने भी 2023 में इसी घोटाले से जुड़े आरोप में गिरफ्तार किया था और बाद में रिहा कर दिया गया था। यह मामला सीबीआई की उस एफआईआर से उठा, जिसे कलकत्ता हाईकोर्ट ने 9वीं से 12वीं के सहायक शिक्षकों और प्राइमरी टीचर्स की भर्ती में अनियमितताओं की जांच करने का निर्देश दिया था

### स्कूल भर्ती घोटाला केस में ईडी दायर कर चुकी 4 चार्जशीट

ईडी ने इससे पहले प. बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, सहयोगी अर्पिता मुखर्जी, टीएमसी विधायक और प. बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य के अलावा कुछ अन्य लोगों को भी इस मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद चटर्जी को टीएमसी ने निलंबित कर दिया था। मामले में ईडी 4 चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। ईडी ने पहली चार्जशीट 19 सितंबर 2022 को दाखिल की थी। इसमें पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी का नाम शामिल था। इन दोनों के पास 103.10 करोड़ रुपए की नकदी, गहने और अचल संपत्ति (जमीन-जायदाद) का पता लगा था।

### पीएम मोदी की डीयू डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैचलर डिग्री सार्वजनिक नहीं होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) का आदेश पलट दिया। दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस सचिन दत्ता ने सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी (डीयू) की याचिका पर अपना फैसला सुनाया। कोर्ट कहा कि विश्वविद्यालय डिग्री दिखाने के लिए बाध्य नहीं है। दरअसल, सीआईसी ने 2016 में एक आरटीआई एक्टिविस्ट की याचिका पर दिल्ली यूनिवर्सिटी को 1978 में बीए की परीक्षा पास करने वाले सभी छात्रों के रिकॉर्ड सार्वजनिक करने का आदेश दिया था। पीएम मोदी ने भी इसी साल परीक्षा पास की थी। आरटीआई एक्टिविस्ट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट संजय हेगड़े ने दलील दी-जो जानकारी मांगी गई है, वह हर विवि सार्वजनिक करता है।

**हाईकोर्ट ने सीआईसी का आदेश पलटा**

सेहत — मुंबई में भारतीय आहार विशेषज्ञों ने किया चौंकाने वाला खुलासा

# जलेबी की तुलना में इमरती ज्यादा बेहतर

**मुंबई, जेएनएन।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की स्वस्थ आहार संबंधी सलाह लोगों को पसंद नहीं आई, खासकर जब समोसे और जलेबी जैसे पॉपुलर स्ट्रीट फूड को चर्चा में लाया गया, लेकिन भारतीय आहार विशेषज्ञों (डायटीशियंस) ने एक ऐसी सच्चाई बताई जो कई लोगों के लिए पचाना मुश्किल है, खासकर जब बात हर दिल पसंद जलेबी की हो। मुंबई के डायटीशियंस ने जलेबी की तुलना में इसकी बहन कही जाने वाली इमरती को ज्यादा बेहतर बताया है। जलेबी को उसके साथ खाए जाने वाले कांबीनेशन चीजों से ज्यादा नुकसानदेह बताया है।

जलेबी भारतीय परिवारों में हर छोटी खुशियों के जश्न में बहुत पसंद की जाती हैं। यह सुनहरा व्यंजन हर उत्सव का हिस्सा है। हालांकि, जब आहार विशेषज्ञ जलेबी के स्वास्थ्य लाभों के बारे में बताते हैं, तो यह मिठास आपके मुंह में कड़वा स्वाद छोड़ सकती है। अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल मुंबई की आहार विशेषज्ञ फौजिया अंसारी बताती हैं, जलेबी मुख्य रूप से मैदे से बनाई जाती है, घी या तेल में तली जाती है और चीनी की चाशनी में भिगोई जाती है। पोषण की दृष्टि से इसमें साधारण कार्बोहाइड्रेट, कैलोरी बहुत अधिक होती हैं, लेकिन जरूरी पोषक तत्व कम होते हैं। इसका एकमात्र छोटा सा लाभ यह है कि इसमें चीनी की मात्रा अधिक होने से यह तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है, लेकिन इससे रक्त शर्करा में वृद्धि होती है। कई लोग रबड़ी या फाफड़ा के साथ जलेबी खाना पसंद करते हैं, वहीं ठाणे की मुख्य आहार विशेषज्ञ गुलनाज शेख कहती हैं कि जब आप जलेबी में गाढ़े दूध से बनी रबड़ी मिलाते हैं, तो कैलोरी और वसा की मात्रा दोगुनी हो जाती है। इससे सेचुरेटेड फैट, चीनी बढ़ जाती है, जो आपके लिवर, हृदय और कमर के लिए हानिकारक है। जलेबी को फाफड़ा (तली चीज) के साथ खाने पर तले हुए आटे में और ज्यादा तला हुआ आटा मिल जाता है। इससे अतिरित तेल, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट बनते हैं, जिन्हें पचाना मुश्किल होता है। अंसारी कहती हैं कि फाफड़ा मिलाने से इसमें और भी स्वाद आ जाता है, क्योंकि यह उच्च वसा, उच्च कार्बोहाइड्रेट, डीप-फ्राइड मिश्रण बन जाता है, जो पाचन पर बोझ है और रक्त शर्करा बढ़ा देता है।



### जलेबी बनाम इमरती, कौन ज्यादा सेहतमंद?

नारंगी रंग की इमरती पीले रंग की जलेबी की जगह नहीं ले सकती, फिर भी अंसारी कहती हैं जलेबी मैदे और चीनी की चाशनी से बनाई जाती है और इमरती उड़द दाल के घोल से बनाई जाती है, इसलिए इसमें जलेबी की तुलना में थोड़ा ज्यादा प्रोटीन, फाइबर होता है। हालांकि, इसे भी डीप फ्राई से चीनी की चाशनी में भिगोया जाता है, जिससे यह कैलोरी से भरपूर हो जाती है। पोषण की दृष्टि से इमरती प्रोटीन सामग्री के कारण जलेबी से थोड़ा बेहतर विकल्प है, लेकिन दोनों को संतुलित मात्रा में खाना चाहिए। अंसारी कहती हैं कि आदर्श रूप से इसे केवल कभी-कभार ही खाना चाहिए, रोजाना नहीं।






# केजेएस सीमेन्ट लेडीज ने मराठी वेशभूषा में मनाई हरियाली तीज



**जागरण, सतना।** केजेएस सीमेन्ट राजनगर के आवासीय परिसर स्थित देवेन्द्रराज क्लब में महिला मंडल ने हरियाली तीज उत्सव नृत्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती आभा सिंघवी ने इस वर्ष की हरियाली तीज का टॉपिक सर्व मराठी रखा इसलिए सभी महिलाएं मराठी संस्कृति में रचे बसे परिधान में समारोह स्थल पर पहुंचीं। समारोह स्थल डीआरसी परिसर को फूलों की आकर्षक रंगोली रंगीन गुब्बारों तथा पुष्पहारों से सजाया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत रिंकी मिश्रा ने गणेश वंदना नृत्यगान से की। इसके बाद शिव.वंदना एवं मराठी लावणी पर सामूहिक नृत्य हुए । रैंप वॉक में भी बैकग्राउंड में मराठी गीत संगीत गूंजता रहा। साजसज्जा पूर्ण मराठी वेशभूषा एवं नफासत के आधार पर ललिता शुक्ला को हरियाली क्वीन का पारितोषिक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संचालन में आभा सिंघवी जी का सहयोग उत्सव समिति की सदस्य रश्मि श्रीवास्तव रविता शुक्ला एवं विनीता सिन्हा ने किया । सभी ने मिलकर क्विज हाउसिंग विभिन्न गेम्स एवं मनोविनोद से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में सोनू सिंह बघेल, संध्या सिंह चौहान, दीपा शुक्ला, दीपिका वर्मा, पूनम पांडे प्रतिभा श्रीवास्तव, रिंकी मिश्रा, प्रीति गुप्ता, पूनम सानी, मौसमी जानां, महिमा चतुर्वेदी, कृष्णा साहू, आभा राय, भूमि साहू एवं चांदनी सक्सेना की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# शिक्षकों की हाजिरी के नाम पर मनमानी बर्दाश्त के बाहर : शैलेन्द्र

**सतना।** शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के नाम पर बार.बार जारी किए जा रहे मनमाने और अव्यवहारिक आदेशों को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध जताया है। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा विभाग के अफसरशाही रवैये से न केवल शिक्षकों पर अनावश्यक दबाव बन रहा हैए बल्कि इसका सीधा असर शैक्षणिक गुणवत्ता पर भी पड़ रहा है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि विभाग के आला अफसरों द्वारा प्रयोग किया जा रहा मोबाइल ऐप आधा.अधूरा हैंए जिनमें तकनीकी खामियां हैं। कई ग्रामीण और दूरस्थ विद्यालयों में नेटवर्क की समस्या के कारण ये ऐप न तो सही से काम करते हैं और न ही शिक्षकों की उपस्थिति सही ढंग से दर्ज हो पा रही है। इसके बावजूदए विभाग के अधिकारी शिक्षकों पर लगातार अनावश्यक दबाव बनाकर भय का वातावरण निर्मित कर रहे हैं । श्री त्रिपाठी ने कहाए ष्शिक्षक पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ विद्यालयों में शैक्षणिक कार्य कर रहे हैं। लेकिन विभागीय अफसर मनमाने आदेश जारी कर शिक्षकों की गरिमा को ठेस पहुंचा रहे हैं। अगर विभाग को शिक्षकों की ईमानदारी पर इतना ही संदेह है तो वह प्रत्येक स्कूल में बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट मशीन लगाकर उपस्थिति दर्ज करवाएं । लेकिन यह विवादित और अविश्वसनीय मोबाइल ऐप किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।ष् श्री त्रिपाठी ने साफ शब्दों में कहा कि शिक्षक भयमुक्त होकर पूर्ववत पद्धति से अपनी उपस्थिति दर्ज करें और पूरी लगन से विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने के अपने कर्तव्यों का पालन करें। उन्होंने विभाग को चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षकों के आत्मसम्मान ए स्वाभिमान और कार्यस्थल की गरिमा से किसी प्रकार का खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।'

# अशोक कुमार गुप्ता का उत्कृष्ट विद्यालय में हुआ सम्मान




**जागरण, सतना।** पद्मा श्री से सम्मानित अशोक कुमार गुप्ता का पूर्व छात्र रहे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट क्रमांक 01 सतना द्वारा सम्मान किया गया। नगर का उत्कृष्ट विद्यालय में सतना वेंकट क्रमांक एक के पूर्व छात्र रहे डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता, डॉक्टर कंचन गुप्ता, डॉक्टर संजय महेश्वरी डॉक्टर आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना ,कलेक्टर की धर्मपत्नी नमामि एस सोनकिया विद्यालय के प्राचार्य के एस बघेल एवं समस्त स्टाफ एव छात्रों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। अतिथियों के स्वागत के लिए छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया संस्था प्राचार्य के एस बघेल ने चंदन एवं तुलसी का पेड़ देकर तिथियां का स्वागत किए ।तत्पश्चात प्राचार्य द्वारा स्वागत भाषण दिया गया एवं सम्मान पत्र का वाचन किया गया। प्राचार्य महोदय द्वारा अतिथियों के स्वागत में कक्षा से निकलकर पद्मश्री से अलंकृत विद्यालय के पूर्व छात्र रहे डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता डॉक्टर आशुतोष गुप्ता पुलिस अधीक्षक सतना डॉक्टर संजय कुमार महेश्वरी एवं डॉक्टर कंचन गुप्ता एवं कलेक्टर सर की धर्मपत्नी नमामि एस सोनकिया का सअभिनंदन किया गया । कार्यक्रम में डॉक्टर संजय माहेश्वरी जी द्वारा बच्चों को प्रेरणादाई बातें कही गई और आप भी 75 वर्ष पूर्व इसी मंच में बैठ सकते हैं आपका बशर्ते आपका एक लक्ष्य निर्धारित होना चाहिए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता अपनी शैक्षणिक यात्रा की चर्चा की एवं यूपीएससी की तैयारी के संबंध में बातें कहीं डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता कार्यक्रम में भाव विभोर होकर के 75 वर्ष की उम्र में अपनी कक्षा से लेकर के पद्मश्री अवार्डेड एवं देश.विदेश में एक प्रख्यात कास्ट कॉस्मेटिक सर्जन की यात्रा बच्चों को प्रेरणादाई बातें कहीं बच्चों ने सम्मानित सभी अतिथियों से नमामि ऐसी सुनाकिया मैडम से डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता जी से डॉक्टर आशुतोष गुप्ता से डॉक्टर संजय महेश्वरी जी से बड़े रोचक प्रश्न पूछे गए और बहुत ही सरल और सहज भाव से इन प्रश्नों के उत्तर अतिथियों द्वारा बच्चों की जिज्ञासा को पूर्ण की गई।



# 5 दुकानदारों पर लगाया स्पॉट फाइन

**जागरण सतना।** शेर सिंह मीना आयुक्त नगर पालिक निगम सतना के आदेशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सेमरिया चौक,रीवा रोड में 5 दुकानों पर कुल 1750 रुपए की स्पॉट फाइन की कार्यवाही की गई।

# ग्राम भदौरा वेयरहाउस के पीछे चल रहे जुआं फड़ पर पुलिस की दबिश



**जागरण, कटनी।** बड़वारा थाना क्षेत्र के ग्राम भदौरा स्थित वेयरहाउस के पीछे लंबे समय से संचालित हो रहे जुआ फड़ पर बड़वारा पुलिस ने दबिश दी। कार्रवाई के दौरान कटनी व जबलपुर के नामचीन जुआरी रंगे हाथों पकड़े गए। पुलिस ने आरोपियों से नगद रुपए और ताश के पत्ते बरामद कर जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि भदौरा स्थित वेयरहाउस के पीछे जुआ चल रहा है। दबिश के दौरान पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर जुआ खेलते जुआरियों को पकड़ा। कटनी के जुआरियों में बल्ली निषाद 47 पिता लाल निषाद निवासी कटनी, गौरव मेहरा 27 निवासी संजय नगर, कमलेश पटेल 29 निवासी जूहला, भल्लू खान 27 निवासी मझगवां, मुकेश पटेल 24 निवासी कटंगी कला को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से 18 हजार 600 नगद व ताश की गड्डी जब्त की गई। दूसरी टोली में जबलपुर व कटनी के अन्य जुआरी शामिल थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राकेश पटेल 48 निवासी जयप्रकाश वार्ड पनागर, लाला उर्फ राजकुमार विश्वकर्मा निवासी किदवई वार्ड कटनी, हरीश आर्या 34 निवासी महाराजपुर, विनोद विश्वकर्मा 44 निवासी पनागर, विजय ठाकुर 51 निवासी पनागर को गिरफ्तार किया। इनके पास से 16 हजार 900 नगद व ताश के पत्ते बरामद हुए।

# विधायक राजेन्द्र मेश्राम की मंशा ठीक नहीं : सुरेंद्र




**जागरण, बैढ़न।** गौ बोधिवृक्ष संविधान बचाओ मोहल्ला समिति के तत्वाधान में राहुल गांधी के निर्देशन में मोहल्ला के लोगों को रोजगार शिक्षा एवं स्वास्थ्य की जानकारी देने पहुंचे अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साकेत ने कहां की राजेंद्र मेश्राम विधायक विधानसभा क्षेत्र देवसर की मन्शा ठीक नहीं है देवरी पंचायत में उन्होंने कार्यालय खोला है और उस कार्यालय पर लिखा हुआ है कि मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं मैं कहना चाह रहा हूं विगत 15 वर्षों से उधम सिंह मार्ग डॉ आंबेडकर मार्ग साहू जी मार्ग सहित रोजगार के लिए हमारे युवा दर.दर भटक रहे हैं लेकिन क्या मजाल विधायक उक्त मार्ग एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाए हो वो तो केवल देवरी पंचायत को अपनी शान शौकत दिखाने आते हैं अगर देवरी पंचायत के प्रत्येक मोहल्ले का भलाई करना चाहते तो घर.घर मोहल्ले मोहल्ले जाकर उनसे समस्या पूछते और उनका हल निकालते लेकिन 15 वर्षों के अंदर किसी भी दिन उन्होंने किसी भी मोहल्ले में मोहल्ले के भलाई के लिए नहीं गये है अंबेडकर मार्ग की तो कई वर्षों से पुल टूटी हुई है जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग एवं कई सामाजिक संगठन इन रोडो को निर्माण के लिए आवेदन दिए हैं लेकिन यह केवल कागजों में ही बन जाते हैं और उनका बिल बन जाता है मोहल्ले के कई माताएं बहने ऐसी भी हैं जिनका आज भी समग्र आईडी नहीं बना हुआ है बरसात के मौसम में शुद्ध पानी का अभाव है आए दिन सड़क दुर्घटना में लोगों की जान चली जाती है लेकिन क्या मजाल विधायक इन समस्याओं को हल करने के लिए कदम बढ़ाया हो क्योंकि उन्होंने अपने कार्यालय पर लिख ही दिया है कि मैं क्या आपकी मदद कर सकता हूं देवरी पंचायत के मोहल्लों की कोई समस्या ही उनको नहीं दिख रही है क्या मजाल आंगनबाड़ी केंद्र स्कूल स्वास्थ्य केंद्र एवं पंचायत भवन में चले जायें उन में क्या कमी है कर्मचारी सही समय पर आ रहे हैं लोगों को उसका लाभ मिल रहा है या नहीं यह तो केवल अपने कार्यालय पर लिखकर देवरी पंचायत को स्वर्ग बनाना चाहते हैं वैसे तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार एवं उनके नेता भारतीय संविधान एवं डॉ.अंबेडकर जी के बहुत बड़े दुश्मन हैं ।

# शकुंतला कनकने के निधन पर शोक



**अमदरा ।** झुकेही निवासी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालमुकुंद कनकने की पत्नी पूर्व सरपंच झुकेही श्री मति शकुंतला कनकने का अचानक शनिवार को सुबह निधन हो गया जिनका अंतिम संस्कार रविवार को किया जाएगा श्रीमती शकुंतला कनकने के निधन पर पूर्व जनपद अध्यक्ष केदार दुबे कमलेश सुहाने भाजपा जिला अध्यक्ष रामाधार चौबे अवधेश परौहा संजय राय पूर्व मंडी अध्यक्ष भुनेश्ववर परौहा वीरेंद्र शुक्ला सुजीत शिवहरे मंडल अध्यक्ष चंद्रभान पटेल रमाकांत दुबे शिवप्रसाद त्रिपाठी रामरतन शिवहरे कैलाश सोनी विनोद शुक्ला गोविन्द अग्रवाल ओंकर पटेल मुन्ना जायसवाल रमेश गुप्ता राजेंद्र दहिया जिला पंचायत सदस्य राजेश परोहा अशोक पटेल शिवप्रसाद परोहा बड़े सेठ दीपचंद छिरोलिया अरविन्द गर्ग सुजीत शिवहरे राजेन्द्र दहिया कृष्ण कुमार परोहा दीपू तिवारी सफ्दर अली खान नवाब खान अधिवक्ता दिनेश सोनी ग्राम सरपंच जग्गी कोल रामसेवक विश्वकर्मा सेवालाल यादव अनिल सुहाने राम लाल पाण्डेय रामसुजन पाण्डेय परसोत्तम द्विवेदी राज किशोर द्विवेदी पुरुषोतम पटेल ने शोक व्यक्त किया है ।

# राजेश ताम्रकार का निधन



**उचेहरा।** सामाजिक कार्यकर्ता 56 वर्षीय राजेश ताम्रकार का कुछ माह पूर्व तिघरा के पास एक्सीडेंट हो गया था इलाज के दरमियान मैहर के निजी अस्पताल में बीते दिन अंतिम सांसे ली । निधन की खबर सुनते ही उनके शुभचिंतको में शोक की लहर दौड़ गई । ज्ञात हो कि राजेश ताम्र कार नगर के वरिष्ट पत्रकार कैलाश ताम्रकार के छोटे भाई थे ।

# एएचपीएस की ऐतिहासिक उपलब्धि, एशियन आइस स्केटिंग शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी में भारत की चमक



**जागरण, सतना।** एशियन आइस स्केटिंग शॉर्ट ट्रैक ट्रॉफी 20-23 अगस्त पहली बार भारत में आयोजित हुई और इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सतना अकैडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल एएचपीएस की छात्राओं ने देश का नाम रोशन किया। सतना की वंडर गर्ल पहल मोंगिया ने जूनियर ई वर्ग 333 मीटर में कांस्य पदक जीतकर यह गौरव हासिल किया। वहींए सतना और एएचपीएस की मैजिक गर्ल उद्रेका सिंह ने 3000 मीटर महिला रिले में रजत पदक अपने नाम कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान मजबूत की। मुख्य कोच वैभव अग्रवाल ने इसे श्राष्ट्र और सतना के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। इस सफलता पर चेयरमैन शम्मी पूरीए डायरेक्टर सनातन अग्रवाल प्राचार्य डॉ हिमानी सिंह उप.प्राचार्य संजीव सिंह सेंगर और स्कूल कोच हर्ष कसौंधन ने छात्राओं को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को खेलों में समर्पण और मेहनत की प्रेरणा देगी। यह आयोजन न केवल भारत की बढ़ती संभावनाओं को दर्शाता है बल्कि एएचपीएस सतना की वंडर गर्ल और मैजिक गर्ल को देश की नई खेल ध्वजवाहक के रूप में स्थापित करता है।

# सिंगरौली को मिली मेडिकल कॉलेज की सौगात

## केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री तथा मुख्यमंत्री ने जबलपुर से वर्चुअल के माध्यम से किया लोकार्पण




**जागरण, बैढ़न।** 288 करोड़ की लागत से निर्मित सिंगरौली मेडिकल कालेज का केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने जबलपुर से वर्चुअल के माध्यम से लोकापर्ण किया। समारोह को संबोधित करते हुयें केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। उन्होने कहा कि आज जहा दो मेडिकल कालेजो का लोकापर्ण किया जा रहा है। वही पीपीपी मॉडल पर धारए बैतूलए पन्ना एवं कटनी मेडिकल कालेजो की स्थापना हेतु अनुबंध किया गया है। उन्होने कहा कि मध्यप्रदेश को स्वास्थ्य को स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई तस्वीर मिली है देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई स्वास्थ्य पालीसी लाई गई है जो कि ईलाज के साथ साथ रोकथामो पर भी आधारित है इसके अंतर्गत कई नवाचार जैसे स्मार्ट चैट बाट आयुष्मान सखी स्वास्थ्य यकृत मिशन अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु के समस्त जनो की स्क्रीनिंग कराने के साथ साथ वयवंदना कार्ड के माध्यम से सम्मिलित किया गया है। जो अंतिम छोर व्यक्ति को लाभान्वित करेगे। वही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को आज मेडिकल कालेज के रूप में एक बड़ी सौगत फ्रि से प्राप्त हुई है। उन्होने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में अंग्रणी स्थान बनाई हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति का ईलाज एवं जान बचाने के लिए प्रदेश सरकार के द्वारा जहा एयर एम्बुलेश की सुविधा प्रदान की है वही प्रदेश सरकार ने राहगीर योजना संचालित कर घायलो को पहुचाने वालो को 25 हजार का पुरूस्कार भी प्रदान कर रही है ताकि दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति का समय पर ईलाज देकर जान बचाई जा सके। तथा एम्बुलेंश के साथ साथ शव वाहनो की भी व्यवस्थाए कराई गई है। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य से संबंधित जो भी योजनाए है शत प्रतिशत क्रियन्वन कर हितग्राहियो को लाभ प्रदान किया जा रहा है। वही मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ला के द्वारा भी अपने उद्बोधन में प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य योजनाओ के क्रियान्वन के संबंध में अवगत कराते हुयें कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओ का लाभ अंतिक छोर पर खड़े व्यक्ति को प्राप्त हो रही है। वही स्वास्थ्य मातृत्व मृत्यु दर में कमी आई है वही गंभीर मरीजो को ईलाज कराने के लिए अभियान चलाकर पात्र व्यक्तियो के आयुष्मान कार्ड बनवाया गया है जिसका लाभ सभी समाज के सभी वर्गो को मुहैया कराया जा रहा है। विदित हो कि बहुप्रतिक्षित मेडिकल कालेज के लोकापर्ण की खबर प्राप्त होते ही सिंगरौली जिले मे खुशियों की लहर छा गई। मेडिकल कालेज न होने से जहा बड़ी दुर्घटना घटित होने पर जहा वाराणसीए रीवा जबलपुर ले जाने में कठिनाई होती थी। अब इन कठिनाईयो से जिले को निजात मिलेगा। मेडिकल कालेज के सभागार में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन का व्हीसी के माध्यम से देखा एवं सुना गया। इस अवसर पर नगर निगम की महापौर श्रीमती रानी अग्रवाल प्राधिकरण के अध्यक्ष दिलीप शाह कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश एसडीएम सृजन बर्मा एनसीएल सीएमडी बी. साई राम नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान विधायक प्रतिनिधि रावेन्द्र चतुर्वेदी पार्षद राम गोपाल पाल प्राधिकरण के नरेश शाह मेडिकल कालेज के डीन डॉ. आर.डी दत्त सीएमएचओ डॉ.पुष्पराज सिंह सिविल सर्जन डॉ. देवेन्द्र सिंह डॉ. गंगा वैश्य डॉ. सरिता शाह डॉ.जूही सिंह डॉ.उबैद नुमान डॉ. बृजेश उपाध्याय डॉ. नीलम सोनी एवं डीण्बी प्रोजेक्ट लिमिटेड के जनरल मैनेजर राजेश सिंह सहित जन प्रतिनिधिगण एनसीएल एनटीपीसी के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम जन आदि उपस्थित रहे।

# तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने : विनोद तिवारी

**मैहर।** म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की संभागीय बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए विनोद तिवारी को सर्वसम्मति से मैहर जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं अशोक तिवारी को प्रांतीय संयोजक शिक्षा विभाग मनोनीत किया गया इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष विजय मिश्रा प्रांतीय महामंत्री आर डी द्विवेदी संभागीय अध्यक्ष प्रतीक पाण्डेय, सतना जिलाध्यक्ष विकल्प गौतम, सिंगरौली जिलाध्यक्ष दयाशंकर त्रिपाठी, सीधी जिलाध्यक्ष कृपाचार्य गौतम,रीवा जिलाध्यक्ष राजेश तिवारी, मऊगंज जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार चतुर्वेदी अमरपाटन ब्लॉक अध्यक्ष मानिललाल प्रजापति, मैहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश मिश्रा सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी को बधाई देते हुए साथियों ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत एवं सक्रिय होगा। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष शिवनारायण मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष अजय दुबे श्याम लाल दाहिया जिलाध्यक्ष मनमोहन दुबे रामप्रकाश खरे राजेन्द्र शुक्ला राजेन्द्र सिंह लक्ष्मीकांत मिश्रा देवदत्त पाण्डेय दिनेश अग्रवाल आशुतोष त्रिपाठी विजय मान भरत शरण शुक्ल रामावतार साकेत अनुरूद्ध शर्मा प्रमोद शर्मा अंजू सिंह सुषमा श्रीवास्तव दयावती पटेल आदि साभी साथी।

# कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने के दिए निर्देश

**जागरण, शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन तक की लंबित शिकायतों निराकरण 30 अगस्त तक सभी अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों की मानीटरिंग एल-1 अधिकारी स्वयं करें तथा उन शिकायतों का निराकरण के जवाब दर्ज कराएं। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण हेतु मैदानी अमले को भी दायित्व सौंपे तथा जिला प्रमुख अधिकारी शिकायतो के निराकरण की स्थिति की मॉनीटरिंग करें। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें कम संख्या में हैं, उन विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी शत-प्रतिशत शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित करें। माह जुलाई की ग्रेडिंग में जिन विभागों का निराकरण प्रतिशत औसत से कम रहा है, वे विभाग अनिराकृत शिकायतों के कारण सहित जवाब प्रस्तुत करें। यह भी ध्यान रखा जाए कि कोई भी शिकायत अनअटेंडेट नहीं रहें। आंशिक रूप से दर्ज शिकायतों के निराकरण निम्नगुणवत्ता वाला नहीं रहे।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समय-सीमा में दी जाने वाली सेवाओं का निराकरण समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। इसी तरह आपने अन्य विभागों के अधिकारियों जहां लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सिटिजन चार्टर लागू है ।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै अमित प्रताप सिंह राठौर पिता श्री कृष्ण प्रताप सिंह राठौर उम्र 32 साल निवासी ग्राम जमुनिया 159 पो.कृष्णगढ तह. रामपुर बाघेलान जिला सतना म.प्र. का होकर शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मैने अपने नाम से एलआईसी सीधी में पॉलसी क्र. 208048159 दिनांक 28.3.2014 में लिया था जिसमें मेरा नाम अमित प्रताप सिंह परिहार दर्ज है जिसमें मेरा सरनेम गलत है मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा नाम अमित प्रताप सिंह राठौर दर्ज है जो सही एवं सत्य है। एलआईसी पॉलसी में मेरा सही नाम अमित प्रताप सिंह राठौर दर्ज कर इसी नाम से भुगतान किया जाये एवं मुझे इसी नाम से जाना जाये। अमित प्रताप सिंह परिहार एवं अमित प्रताप सिंह राठौर दोनो ही नाम मुझ शपथ कर्ता के ही है।

# दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के चिन्हांकन हेतु क्लस्टर शिविरों का होगा आयोजन

**जागरण, बैढ़न ।** जिला सिंगरौली अन्तर्गत जिला प्रशासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वाधान में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों के चिन्हांकन हेतु क्लस्टर शिविर का आयोजन 25 अगस्त से 23 सितम्बर तक किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में क्लस्टर शिविर हेतु नोडल ग्राम पंचायतों में उनसे संलग्नित अन्य ग्राम पंचायतों के लाभार्थीगण समय 11. 00 बजे सुबह से शाम 06. 00 बजे के मध्य पहुँचकर अपना आवेदन ;मय समग्र आईडी दिव्यांगता प्रमाण पत्रए आधार कार्ड की छायाप्रतियाँ 02 पासपोर्ट साइज फोटो उपस्थित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करें। शिविर में प्राप्त आवेदकों के मूल्यांकन उपरांत मूल लाभार्थियों को सहायक उपकरण की उपलब्धता के संबंध में कार्यवाही की जाना है। यह भी ध्यान रहे कि जिन दिव्यांगजनों को पूर्व में सहायक उपकरण जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र सिंगरौली इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा उपलब्ध कराये गए है उनके प्राप्ति के 03 वर्ष पूर्ण होने पर ही पात्रता होगी। बैटरी युक्त ट्रायसाइकल की स्थिति में अवधि 05 वर्ष है। क्लस्टर शिविर के आयोजन हेतु ड्यूटी में संलग्नित कर्मचारी एवं अधिकारीगण सक्रिय त्वरित सहभागिता करेंगें।

**Government of Madhya Pradesh**
Higher Education Department,
**PM College of Excellence, Govt. PG College Satna, Road Satna-485001, Dist. Satna, Madhya Pradesh**
E mail address: hegpgcsat@mp.gov.in

**Tender Notice -NIT No: 4328/ स्वशासी /2025, Satna, dated 19/08/2025**

PM College of Excellence, Govt. P G College, Satna, Rewa Road, District-Satna, Madhya Pradesh, Pin number -485001, invites Bid proposal/ request to the College for the procurement of Services for the Installation, Testing, Commissioning of **'Contract for IT Service Provider and Consultancy' on 'Turnkey Basis'.** Interested bidder requested to visit/view/login to the https://mptenders.gov.in/ e-Portal for the Bid information from 25-08-2025 onwards. Last date of Submission on 16-09-2025. This Tender Notice Information will also be available on-
https://www.highereducation.mp.gov.in/ **OR** https://pgcsatna.com/website/

**Principal**
**Govt. PG College Satna, Higher Education Department**

**क्षेत्रीय कार्यालय**
**म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,**
**रीवा रोड मैहर बाई पास, सतना (म.प्र)**
E-Mail-romppch_satna@rediffmail.com, website-www.mppch.nic.in

**लोक सुनवाई सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव ऑकलन अधिसूचना कमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.06 तथा यथा संशोधित 09 मई 2022 एवं Office Memorandum No. J-11015/387/2008-I A,11 (m) dated 28th Sep. 2011 प्रावधानों के अनुसार मेसर्स एस.एन.एस (मिनिरल्स) प्रा.लि. तमोरिया लाइम स्टोन एण्ड रिजेक्ट स्टोन माइन माइनिंग आफ मिनिरल्स, ग्राम.तमोरिया, तहसील मैहर जिला मैहर (म.प्र.) रकवा 42.567 हैक्टेयर, उत्खनन क्षमता विस्तार. 5,00,000 TPA से बढ़ाकर 7,50,000 TPA किये जाने हेतु म.प्र. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन कमेटी (SEIAA)में पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में टी.ओ.आर. जारी कर नियमानुसार लोक सुनवाई कराने के निर्देश दिये गये हैं। उसी अनुक्रम में माइन प्रबंधन द्वारा लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल, के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त परियोजना का कार्यकारी सारांश एवं पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए./रिपोर्ट) जन सामान्य के अवलोकनार्थ कलेक्टर कार्यालय मैहर, मुख्य कार्यपालिक अधिकारी जिला पंचायत सतना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैहर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सतना, सरपंच ग्राम पंचायत बठिया तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना एवं बोर्ड के वेबसाइट www.mppcb.nic.in पद पर उपलब्ध रहेगा।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त प्रस्तावित परियोजना के संबंध में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सुझाव, विचार, टीका.टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना में प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 12.09.2025 दिन-शुक्रवार, समय-सुवह 11.00 बजे से स्थान प्रस्तावित माइन स्थल के पास ग्राम.तमोरिया, तहसील. मैहर जिला.मैहर (म.प्र.) में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर अपने मत लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

**(एस.पी. झा) क्षेत्रीय अधिकारी**
**म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सतना (म.प्र.)**

# जनपद रामपुर नैकिन में 82 लाख का मोबाइल घोटाला हुआ उजागर

जागरण घोटाला

## ग्राम पंचायतों ने एक-एक लाख से ऊपर खरीदे मोबाइल

## मोबाइल क्रय के नाम पर शासन की राशि का हुआ बंदरबाट




जागरण, सीधी

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की ग्राम पंचायतों में आए दिन कोई न कोई घोटाला उजागर होता रहा है। शासन के नियम-निर्देशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए ग्राम पंचायतों ने 5वां एवं 15 वां वित्त की मद का खुलेआम बंदरबाट कर रहे हैं। शिकायत होने के बाद भी जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा भ्रष्टाचारी सरपंच-सचिव के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। वर्तमान समय में ग्राम पंचायतों की वार्षिक आडिट की जा रही है। जिसमें नए-नए घोटाले उजागर हो रहे हैं। पंचायतों की आडिट के बाद लोकसभा एवं विधानसभा ग्राम पंचायत के चुनाव की व्यवस्था के नाम पर प्रति पोलिंग 30 हजार से 35 हजार रुपए आहरण करने का मामला भी सामने आया है तो वहीं अधिकांश ग्राम पंचायतों के द्वारा प्रति वर्ष 70 से 90 हजार रुपए का लैपटाप खरीदी की गई है। यह सारे तथ्य ऑडिट के दौरान सामने आए हैं। ऑडिटर द्वारा ग्राम पंचायतों में किए गए नियम विरुद्ध आहरण पर आपत्ति भी जताई है। इसके बाद भी सरपंच-सचिव के द्वारा शासन की हड़पी गई राशि की वसूली की कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है। शासन द्वारा 12 हजार रुपए के अंदर ही मोबाइल क्रय करने के निर्देश दिए गए थे किंतु ग्राम पंचायतों द्वारा 30-30 हजार के मोबाइल एक वर्ष में ही 2-2, 3-3 बार क्रय किए गए हैं। ग्राम पंचायत खड्डी खुर्द के द्वारा दिनांक 4 फरवरी 2025 को 30 हजार, ग्राम पंचायत मोहनिया के द्वारा 28 फरवरी 2025 को 30 हजार, ग्राम पंचायत गुजडेर के द्वारा 12 दिसंबर 2023 को 37 हजार, 15 दिसंबर 2023 को 14800, 2 अगस्त 2024 को 30 हजार की लागत का मोबाइल क्रय किया गया तो वहीं ग्राम पंचायत पिपरांव के द्वारा 12 फरवरी 2025 को 22 हजार, ग्राम पंचायत शिकारगंज के द्वारा 28 अगस्त 2024 को 30 हजार, ग्राम पंचायत नैकिन 19 जनवरी 2025 को 29 हजार, ग्राम पंचायत कटौली के द्वारा 2 फरवरी 2025 को 24500, ग्राम पंचायत रघुनाथपुर के द्वारा 13 फरवरी 2025 को 22 हजार, ग्राम पंचायत अमिलहा 13 फरवरी 2025 को 22 हजार, ग्राम पंचायत मझिगवां 19 फरवरी 2025 को 26 हजार, ग्राम पंचायत हनुमानगढ़ 24 फरवरी 2025 को 29 हजार 500, ग्राम पंचायत ममदर के द्वारा 3 मार्च 2025 को 29 हजार, ग्राम पंचायत सतोहरी 20 जून 2025 को 37500, ग्राम पंचायत कुशमहर के द्वारा 43 हजार आदि की लागत से मोबाइल क्रय किया गया है।

### सबसे ज्यादा व्यय की गई पंचायतें

| | |
|---|---|
| सांडा | चोरगड़ी |
| 1,53,800 | 1,40,889 |
| पोस्ता | पिपरांव |
| 94,600 | 53,990 |

"शासन द्वारा ग्राम पंचायतों को 12 हजार रुपए तक मोबाइल खरीदी करने के निर्देश दिए गए थे। यदि ग्राम पंचायतों ने 12 हजार से ज्यादा राशि का मोबाइल क्रय किया है तो इसकी जांच कराकर राशि की वसूली की जाएगी और संबंधित सरपंच-सचिवों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**राजीव तिवारी, सीईओ**
**जनपद पंचायत रामपुर नैकिन**

"जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के अंतर्गत हुए मोबाइल घोटाले की उच्च स्तरीय जांच की जानी चाहिए। जिससे शासन की राशि का जो दुरुपयोग हुआ है उसकी वसूली हो सके। ग्राम पंचायतों ने 12 हजार के स्थान पर 30-30 हजार का 3-3 मोबाइल खरीदी कर शासन को लाखों का चूना लगाया है।

**अरुण शेखर त्रिपाठी, सभापति**
**संचार एवं सकर्म जपं रामपुर नैकिन**

### चोरगड़ी में सबसे ज्यादा खरीदे गए मोबाइल

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में सबसे ज्यादा मोबाइल ग्राम पंचायत चोरगड़ी में खरीदे गए। जिसमें 19 अप्रैल 2020 को 16400, 12 अगस्त 2020 को 14600, 4 अप्रैल 2023 को 15650, 1 जुलाई 2023 को 6697, 26 दिसंबर 2024 को 27680, 28 सितंबर 2024 को 23600, 3 अप्रैल 2025 को 14000, 24 अप्रैल 2025 को 19000 रुपए तो वहीं ग्राम पंचायत पोस्ता में 12 फरवरी 2025 को 22500, 10 अप्रैल 2024 को 18000, 5 फरवरी 2024 को 30100 रुपए, 28 अगस्त 2022 को 13500, 19 मई 2021 को 21000, 10 मई 2021 को 12000 की लागत से मोबाइल क्रय किए गए। ग्राम पंचायत सांडा में 13 जुलाई 2025 को 14800, 11 अप्रैल 2025 को 35400, 10 अगस्त 2024 को 10 हजार, 29 सितंबर 2024 को 29 हजार, 18 दिसंबर 2024 को 16600, 21 अप्रैल 2024 को 26000 रुपए कीमती मोबाइल की खरीदी की गई। शासन द्वारा तीन वर्ष में एक बार 12 हजार की लागत से ग्राम पंचायतों को मोबाइल खरीदने के निर्देश दिए थे किंतु ग्राम पंचायतों द्वारा शासन के नियम-निर्देशों को दरकिनार कर मनमानी तरीके से पंचायत की राशि से प्रति वर्ष 3-4 मोबाइल क्रय किए हैं।

### हैलो मोबाइन की दुकान पर मेहरबान थे सरपंच-सचिव

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में सबसे ज्यादा ग्राम पंचायतों ने नगर पालिका रामपुर नैकिन स्थित हैलो मोबाइल की दुकान से मोबाइल क्रय किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत चोरगड़ी, पोस्ता, कुशमहर, नैकिन, कटौली, खड्डी खुर्द, रघुनाथपुर, अमिलहा, मझिगवां, हनुमानगढ़, ममदर, शिकारगंज आदि शामिल हैं तो वहीं शारदा मोबाइल की दुकान से ग्राम पंचायत कटौली, गुजडेर, सांडा, पिपरांव, मोहनिया, सतोहरी आदि ग्राम पंचायतों ने मोबाइल क्रय किया है। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में हुए मोबाइल घोटाले में प्रमुख भूमिका हैलो मोबाइल रामपुर नैकिन के संचालक की है। दुकान संचालक के द्वारा ग्राम पंचायतों को फर्जी बिल देकर ग्राम पंचायत के खाते से राशि अपने खातों में आहरण कर उक्त राशि को अपना कमीशन लेकर नकद सरपंच-सचिव को दे दिया गया है। हैलो मोबाइल व शारदा मोबाइल के द्वारा जहां एक ओर ग्राम पंचायतों के अवैध राशि को अपने खाते में भिजवाकर नियम विरुद्ध कार्य किया है। वहीं दूसरी ओर जीएसटी की भी चोरी की गई है। हैलो मोबाइल और शारदा मोबाइल के बिल बाउचर एवं जीएसटी की जांच की जाए तो सारे तथ्य सामने आ जाएंगे।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### अल्ट्राटेक सीमेंट्स ने भितरी महावि. को की पुस्तकें भेंट



**जागरण, सीधी।** अल्ट्राटेक सीमेंट्स लिमिटेड मझिगवां सीधी ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के अंतर्गत शासकीय संस्कृत महाविद्यालय भितरी को अध्ययन एवं अध्यापन हेतु संस्कृत विषयक महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रदान की हैं। यह सहयोग न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम है, बल्कि क्षेत्रीय शिक्षा विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी का भी उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करता है। पुस्तक वितरण कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य ने संस्था की वर्तमान स्थिति, भवन की जर्जरता, संसाधनों की कमी और पुस्तकों के अभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया। इस पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट्स के एचआर हेड योगेश द्विवेदी ने पुस्तकें उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात यूनिट हेड बीपी सग्गू, श्री द्विवेदी एवं डीएच एडमिन दिनेश शर्मा के संयुक्त प्रयासों से आवश्यक पुस्तकें महाविद्यालय को प्रदान की गई। इस सराहनीय सहयोग के लिए महाविद्यालय प्रशासन ने अल्ट्राटेक सीमेंट्स परिवार के प्रति आभार प्रकट किया एवं आशा जताई कि भविष्य में भी इस प्रकार का सहयोग मिलता रहेगा। यह उल्लेखनीय है कि शासकीय संस्कृत महाविद्यालय भितरी एक सांस्कृतिक विरासत के रूप में जाना जाता है, जिसकी स्थापना योगर्षि स्वामी ऋषिकुमार के अथक परिश्रम एवं संकल्प से हुई थी। यह संस्थान सतत संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार, नैतिक मूल्यों की स्थापना एवं सनातन संस्कृति की रक्षा हेतु समर्पित है। इस पहल से क्षेत्रीय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शैक्षणिक सामग्री सुलभ हो सकेगी, जिससे वे अपने अध्ययन को और अधिक गहनता से आगे बढ़ा सकेंगे।

### प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ने मनाई दीदी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि



**जागरण, सीधी।** प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय के मुख्य सेवाकेंद्र पर आज मुख्य प्रशाशिका दादी प्रकाशमणि के 18वें पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया गया। मुख्य अतिथि मजिस्ट्रेट मुकेश शिवहरे सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मनीष कौशिक जिला विधिक अधिकारी ने दादी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मुख्य सेवा केंद्र प्रभारी रेखा दीदी ने दादी की विशेष्ताओ पर प्रकाश डाला। दादी करूणामयी, ममतामयी सबको प्यार देने वाली थी। संस्था की 40 वर्ष तक अपने बगडोर संभली, विश्व के 147 देशो की सेवाओ की आपी निमित बनी। आपके प्रेरणा दायक महावाक्य निमित्त निर्माण निर्मल वाणी थी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रचना मिश्रा डायरेक्टर साईं कॉलेज, मंजू रामजी शुक्ला, जवाहर लाल गुप्ता, रमापति तिवारी, इंद्रभान सिंह, उमेश सिंह, पुष्पेंद्र तिवारी, बीके अर्चना, बीके रानी, बीके शैली, बीके पूजा रही।

### आउटसोर्स भर्ती घोटाले पर मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीधी।** जिला अस्पताल सीधी में हुई 106 पदों की आउटसोर्स भर्ती घोटाले को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने आज ज़िला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन के जिला उपाध्यक्ष विकास नारायण तिवारी ने आरोप लगाया कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह अवैध और अपारदर्शी थी। युवाओं से 1 लाख से लेकर 2 लाख तक वसूले गए, लेकिन जांच के बाद जब भर्ती निरस्त कर दी गई तो अब तक भ्रष्टाचार में शामिल डॉक्टरों और अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ज्ञापन में कहा गया कि यह भर्ती घोटाला करोड़ों रुपए का है, जिसमें बेरोजगार युवाओं का आर्थिक शोषण किया गया। युवाओं ने कड़ी मेहनत से अर्जित धनराशि देकर नौकरी की उम्मीद पाली थी, मगर पूरे प्रकरण ने उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर दिया।

### ज्ञान महाविद्यालय में एड्स जागरुकता शिविर आयोजित



**जागरण, सीधी।** ज्ञान महाविद्यालय सीधी में 25 अगस्त को जिला स्वास्थ्य समिति सीधी एड्स के द्वारा छात्र-छात्राओं को एड्स से संबंधित जागरुकता प्रदान की गई एवं उससे होने वाले हानिकारक प्रभाव और बचाव से छात्रों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमती उमा सेन रहीं, जिन्होंने छात्रों को अपने स्वयं के स्वास्थ्य की देखभाल करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबी सिंह द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. स्वाती शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रो. सपना तिवारी, प्रो. काजल सिंह, प्रो. वीरेंद्र सिंह, प्रो. अंशुमान सिंह पटेल, प्रो. दीपू प्रजापति के अतिरिक्त बहुसंख्यक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिले में औसत वर्षा 1092.2 मि.मी. दर्ज

**जागरण, सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 अगस्त को सीधी जिले में 16.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 26.5 मि.मी., चुरहट 36.0 मि.मी., गोपद बनास में 8.2 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 6.8 मि.मी., मझौली में 34.0 मि.मी. और कुसमी में 2.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 1092.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 25 अगस्त तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 1202.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 883.8, चुरहट में 1019.0, गोपद बनास में 1144.0, सिहावल में 1147.0, मझौली में 1196.0, मि.मी. और कुसमी में 1054.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 934.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 158.2 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

# शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं त्योहार: पाण्डेय

## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित



जागरण, सीधी

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति समिति के सदस्यों के माध्यम से जिले वासियों से अपील की गई है कि आगामी त्यौहारों गणेश उत्सव, मिलाद-उन-नबी, दुर्गोत्सव, दीपावली को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से सजग रहकर भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने तथा जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। अपर कलेक्टर ने कहा कि गणेश उत्सव तथा दुर्गा उत्सव में मिट्टी से बनी मूर्तियों को स्थापित करें। धार्मिक आयोजनों में सिंगल यूज प्लास्टिक से बनी वस्तुओं का उपयोग नहीं करें तथा ईकोफ्रेंडली वातावरण में त्यौहार मनाएं। हम सभी के द्वारा किया गया एक छोटा सा प्रयास पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत बनायेगा। अपर कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारों को मनाते समय इस बात का ध्यान रखें कि सभी सुरक्षात्मक उपाय कर लिए गए हैं। कानून एवं व्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हो तथा यातायात का सुचारू रूप से संचालन जारी रहे। बैठक में यातायात के सुचारू संचालन के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव तथा दुर्गोत्सव में मूर्ति स्थापना के पूर्व नियमानुसार अनुमति प्राप्त करनी होगी। प्रत्येक पंडाल के आयोजकों को वालेंटियर्स की सूची अनिवार्य रूप से उपलब्ध करानी होगी। सभी पंडालों में वालेन्टिर्यस को रात्रि के समय देखरेख करना आवश्यक होगा। पंडालों में विद्युत की व्यवस्था सुचारू रूप से करनी होगी तथा सभी सुरक्षात्मक उपाय अपनाने होंगें। विद्युत सप्लाई में खुले तारों का प्रयोग नहीं करें। विद्युत विभाग के अधिकारियों को प्रत्येक पण्डाल की जांच कर सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी प्रत्येक पंडाल का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग के सम्बंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। मूर्ति विसर्जन का कार्य केवल चिन्हित स्थानों में ही किया जाएगा। अपर कलेक्टर द्वारा विसर्जन कुण्ड के समीप सुरक्षा के दृष्टिकोण से किए जाने वाले प्रबंधों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने विसर्जन स्थल के निर्धारित स्थल पर बेरिकेटिंग करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने विसर्जन स्थल के समीप जेसीबी मशीन, गोताखोर, चिकित्सीय दल के साथ-साथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही छाया, पेयजल एवं पब्लिक एनाउंसमेंट सिस्टम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार से अवरोध उत्पन्न ना हो, इसका विशेष ध्यान देते हुए मूर्तियों का विसर्जन स्थल तक पहुंचने के रूटचार्ट के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि मूर्ति विसर्जन स्थल पर सभी आवश्यक सावधानियां बरतें। बच्चों को विसर्जन स्थल से दूर रखें तथा विसर्जन का कार्य दिन में ही करना सुनिश्चित करेंगे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव ने कहा कि पुलिस द्वारा सतत रूप से चौकसी रखी जाएगी तथा कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कोई भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को अवगत कराएं। तुरंत कड़े एवं प्रभावी कदम उठाए जाएगें। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जायेगी। सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारी एवं आयोजक मंडल के अनुमति के बिना सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों का प्रसार नहीं करें।

### पूजा पार्क में भंडारा एवं प्रसाद वितरण कल

**जागरण, सीधी।** देशभर में गणेश चतुर्थी का त्यौहार 27 अगस्त 2025 दिन बुधवार को मनाया जाएगा इस दिन भगवान गणेश की विधि विधान से पूजा की जाती है। गणपत पूजन में बहुत से लोग 10 दिन के लिए घर में गणपति बप्पा का आयोजन करते हैं और अनंत चतुर्दशी के दिन भगवान गणेश को धूमधाम के साथ विदाई देकर विसर्जन करते हैं। ज्योतिषाचार्य के अनुसार गणेश चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की कृपा से सुख शांति और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर सीधी शहर के पूजा पार्क स्थित गणेश मंदिर में 26 अगस्त 2025 दिन मंगलवार को अखंड मानस पाठ की स्थापना की जावेगी जहां स्थानीय एवं बाहर के कलाकार द्वारा अनवरत 24 घंटे के पाठ मे श्रद्धालु भक्त भाग ले रहे हैं। हर वर्ष की बात इस वर्ष भी गणेश मंदिर संस्थापक परिवार द्वारा बड़े ही धूमधाम से गणेश उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। जहां भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त भाग ले रहे हैं। 27 अगस्त दिन बुधवार को अखंड मानस पाठ समापन, हवन एवं कन्या भोज के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम रखा गया है। शहर के समस्त भक्तगण इस प्रसाद वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर और प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम को संपन्न करें। उक्त जानकारी समाज सेवी एवं गणेश मंदिर संस्थापक सदस्य भोला प्रसाद गुप्ता द्वारा दी गई।

## परिवार नियोजन में उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया गया पुरष्कृत



**जागरण, सीधी।** जिले में शनिवार को कार्यालयीन सभागार एनएचएम में विश्व जनसंख्या स्थिरता माह के तहत आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन संस्था के विकल्प प्रोग्राम के सहयोग से आशा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों पर वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं और पीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्रों को प्रशस्ति-पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कृत किए गए पीएचसी और उप स्वास्थ्य केन्द्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरी प्रथम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बंजारी द्वितीय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़वास तृतीय, उप स्वास्थ्य केन्द्र छवारी प्रथम, उप स्वास्थ्य केन्द्र मऊ द्वितीय, उप स्वास्थ्य केन्द्र खोखरा तृतीय पुरष्कृत आशा कार्यकर्ताओं में योजना विवाह पश्चात प्रथम बच्चे में 2 वर्ष की देरी ईएसबी 1 और प्रथम बच्चे के जन्म से दूसरे बच्चे के जन्म में 3 वर्ष का अंतराल ईएसबी 2 के तहत जयमंती यादव प्रथम, ममता साहू द्वितीय, ज्योती तिवारी तृतीय, अंतरा कार्यक्रम में सुनीता पनिका प्रथम, तारा देवी यादव द्वितीय को पुरष्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे, डॉ. अजय प्रजापति, डीपीएम पुष्पेंद्र शुक्ला, डीसीएम नरेंद्र पटेल, जिला मीडिया अधिकारी राजेंद्र तिवारी, डॉ. श्रेया त्रिपाठी, बीसीएम अनीता श्रीवास्तव, आई पास डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से संभागीय समन्वयक पवन बारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. खरे ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं का योगदान परिवार कल्याण कार्यक्रम में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को बधाई दी और उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा की।

### सामु. स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया में मिल रही स्वास्थ्य सेवाएं

**जागरण, सीधी।** सीएमएचओ डॉ. बबिता खरे ने बताया कि दिनांक 25 अगस्त सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया ओपीडी में 204 मरीज उपस्थित थे। सुबह सीबीएमओ डॉ. श्रेया त्रिपाठी द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निश्चित दिवस में 56 गर्भवती महिलाओं का परीक्षण किया गया और उन्हें स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई गई। परीक्षण के दौरान 16 हाई रिस्क गर्भवती महिलाएं पाई गईं, जिनमें से 5 एनीमिक गर्भवती महिलाओं को एफसीएम इंजेक्शन दिया गया और 5 को जिला अस्पताल सीधी रेफर किया गया। शेष अन्य सभी गर्भवती महिलाओं का उपचार किया गया और सभी उपस्थित गर्भवती महिलाओं को स्वल्पाहार भी वितरित किया गया। ओपीडी में आने वाले शेष अन्य मरीजों को डॉ. सोनाली वर्मा और डॉ. अरुणेंद्र प्रताप सिंह द्वारा स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरिया की टीम ने मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं और उनकी सेहत का ध्यान रखा। सीएमएचओ डॉ. खरे ने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता को दर्शाती है।

### जिले में उर्वरक आपूर्ति के प्रयास जारी: उप संचालक कृषि

**जागरण, सीधी।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सीधी द्वारा किसानों को सूचित किया गया है कि जिले में यूरिया की आपूर्ति लगातार जारी है, डबल लॉक केन्द्र एवं सहकारी समितियों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध करायी जा रही है। किसानों से अपील की गई है कि वे किसी भी तरह की अफवाह या पेनिक में न आये। दिनांक 25 अगस्त 2025 को कृषि विभाग के निरीक्षण दल जिसमें उप संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान, उप परियोजना संचालक आत्मा श्रीमती गीता पटेल द्वारा डबल लॉक अमिलिया सहजी समिति एवं लक्ष्मी ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। लक्ष्मी ट्रेडर्स में 30 मै.टन यूरिया उपलब्ध है। सीधी में गुप्ता आटो एजेन्सी में 30 मै.टन यूरिया उपलब्ध है जहां अनुविभागीय कृषि अधिकारी पीएल कुशवाहा द्वारा निरीक्षण किया गया।

# 8 सूत्रीय मांगों को लेकर उप यंत्रियों ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

## अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल में हैं जिले के उपयंत्री

## मांगों के निराकरण होने तक चलेगा आंदोलन



जागरण, सीधी

जिले के पंचायत एवं ग्राम विकास से संबंधित समस्त उपयंत्री अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर कलमबंद हड़ताल में चले गए हैं। उपयंत्रियों के हड़ताल में चले जाने के कारण ग्राम पंचायतों का विकास कार्य काफी प्रभावित होगा, तो वहीं मनरेगा के विकास कार्यों व निर्माण कार्यों में भी अच्छा खासा असर पड़ेगा। प्रदेश सरकार के द्वारा मनरेगा उपयंत्रियों की की जा रही उपेक्षा के चलते उपयंत्रियों पर खासा असंतोष व्याप्त है। जिसके कारण सभी उपयंत्री लगातार दस दिन तक सामूहिक अवकाश पर रहने के बाद अब उपयंत्रियों ने आंदोलन को और धार देते हुए अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल शुरू कर दी है। सोमवार को सीधी जिले के उपयंत्रियों ने इस संबंध में एसडीएम राकेश शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपयंत्री अखिलेश कुमार मौर्य ने बताया कि उपयंत्री कई वर्षों से अपनी मांगों को शासन-प्रशासन के समक्ष रख रहे हैं। अलग-अलग मंचों, संगठनों और आंदोलनों के जरिए लगातार आवाज उठाई गई, लेकिन अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिला है, ठोस समाधान नहीं। संघ का कहना है कि अब धैर्य की सीमा टूट चुकी है, इसलिए जब तक मांगों का निराकरण नहीं होता, तब तक उपयंत्री कलमबंद आंदोलन पर रहेंगे। ज्ञापन में साफ लिखा गया है कि मनरेगा योजनाएं तकनीकी आधार पर चलती हैं और इसमें उपयंत्रियों की भूमिका अहम है। यदि लंबे समय तक आंदोलन जारी रहता है तो जिले और प्रदेश के निर्माण कार्य, विकास योजनाएं एवं मजदूरों को समय पर भुगतान जैसी प्रक्रिया प्रभावित होंगी। सौंपे गए ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि आंदोलन की अवधि में शासन-प्रशासन द्वारा दमनात्मक या दंडात्मक कार्यवाही की गई और उसके चलते किसी उपयंत्री या उनके परिवार को शारीरिक अथवा मानसिक क्षति होती है, तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन और शासन की होगी। मनरेगा अभियंता संघ के प्रांतीय अध्यक्ष के अनुसार प्रदेश भर में करीब 1335 उपयंत्री अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं। यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो यह आंदोलन प्रदेशव्यापी विकराल रूप ले सकता है। इस दौरान उपयंत्री संघ के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह, राकेश सिंह, प्रकाश सिंह, अशोक सिंह, अखिलेश मौर्य, जगदीश सेन, जेपी द्विवेदी, राघवेन्द्र द्विवेदी, राजेन्द्र कुमार वर्मा, रामकृष्ण उपाध्याय आदि जिले भर के उपयंत्री उपस्थित रहे।

### ये हैं उप यंत्रियों की प्रमुख 8 मांगें

उपयंत्रियों की 8 प्रमुख मांगों में संविदा पारिश्रमिक को नियुक्ति दिनांक से नियमित उपयंत्रियों के वेतनमान के समकक्ष किया जाए तथा वार्षिक वेतनवृद्धि भी दी जाए। उपयंत्री की मृत्यु पर आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ मिले। किसी भी प्रकरण में उपयंत्रियों को पद से पृथक करने के स्थान पर निलंबन की व्यवस्था की जाए। आरईएस और मनरेगा उपयंत्रियों की संयुक्त वरिष्ठता सूची के आधार पर सहायक यंत्री का प्रभार दिया जाए। नियमित कर्मचारियों की तरह ग्रेच्युटी भुगतान का आदेश तत्काल जारी किया जाए और इसका लाभ मृत एवं सेवानिवृत्त उपयंत्रियों को भी मिले। संविदा सेवा का नवीनीकरण 1 वर्ष की जगह 5 वर्ष की सीआर के आधार पर हो। उपयंत्रियों से केवल तकनीकी कार्य ही लिया जाएए लक्ष्य आधारित दबाव खत्म किया जाए। प्रत्येक माह की पहली तारीख को समय पर वेतन दिया जाए आदि प्रमुख मांगें शामिल हैं।

## विधिक कानूनी नोटिस

मनीष मिश्रा पिता श्री तीरथ प्रसाद मिश्रा उम्र 32वर्ष निवासी ग्राम मझिगवां थाना चाकघाट तहसील त्योंथर जिला रीवा म.प्र. मो.नं. 7879956071 द्वारा अधिवक्ता आर. आर. सिंह एडवोकेट अपर जिला / सत्र न्यायालय परिसर त्योंथर जिला रीवा म.प्र. मो.नं. 9752997999

......... प्रथमपक्ष/नोटिसदाता

बनाम

रमेशचन्द्र मिश्रा पिता स्व. हीरालाल मिश्रा उम्र 53वर्ष निवासी ग्राम डीही थाना चाकघाट तहसील त्योंथर जिला रीवा म.प्र. मो.नं. 7440570789

....... द्वितीयपक्ष/नोटिसग्रहीता

//संक्षिप्त विवरण//

यह कि मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष नोटिसदाता के द्वारा अपने समस्त दस्तावेजो के साथ मेरे कार्यालय में उपस्थित आकर समस्त दस्तावेजो को दिखाकर एवं मौखिक तौर से सभी वाकियातों (तथ्यो) से अवगत कराते हुए विधिक कानूनी नोटिस देने के लिए अधिकृत किए जाने पर यह कानूनी नोटिस आप द्वितीयपक्ष नोटिसग्रहीता को मेरे द्वारा अपने हस्ताक्षरयुक्त भेजी जा रही है।

1–यह कि मेरे पक्षकार प्रथमपक्ष ग्राम मझिगवां थाना चाकघाट तहसील त्योंथर जिला रीवा म.प्र. के पुश्तैनी निवासी है जिनकी चल एवं अचल संम्पत्ति सब मझिगवां में स्थित है। तथा आप द्वितीयपक्ष नोटिसग्रहीता भी ग्राम डीही तहसील त्योंथर जिला रीवा के पुश्तैनी निवासी है तथा वर्तमान समय में पड़री गांव में निवासरत है। इस तरह से दोनो व्यक्ति एक ही जाति बिरादरी के है जो एक दूसरे से पूर्व से ही परिचित है। 2– यह कि मौजा मझिगवां की आ.नं. 46 रकवा 32ए0 के मालिक भूमिस्वामी नोटिसदाता एवं उनके भाई पिता राजस्व रिकार्डो में दर्ज है जिस भूमि पर इन्ही लोगो के द्वारा पुश्तैनी से खेती बाड़ी करते चले आ रहे थे किन्तु वर्ष 2023 में आप नोटिसग्रहीता द्वितीयपक्ष यह जानते हुए कि आ.नं. 46 नोटिसदाता की है इसके बाद भी बोई हुई तिल्ली की फसल को नष्ट कर रहे थे तभी मालूम होने पर रोकने गए तब आप नोटिसग्रहीता नोटिसदाता के पिता श्री तीरथ प्रसाद मिश्रा पर जानलेवा हमला कर दिए थे जिसकी जानकारी होने पर गांव के एवं नोटिसदाता भी मौके पर पहुंचकर विवाद शान्त कराया था जिस विवाद की झूठी फर्जी अपराध थाना चाकघाट में धारा 294, 307, 506, 34 भा.द.वि.एवं 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कराया यगा है जो मान्नीय न्यायालय में विचाराधीन है। 3– यह कि अपर सत्र न्यायाधीश महोदय त्योंथर जिला रीवा म.प्र. का प्रकरण कं0 50/2023 का विचारण पेशी दिनांक 06.02.25 थी जिसमें बतौर साक्षी फरियादी के रूप में आप नोटिसग्रहीता द्वितीयपक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर मान्नीय न्यायाधीश के समक्ष अपने अधिवक्ता श्री नवीन सिंह एड. के साथ लिखित राजीनामा आवेदन आप नोटिसग्रहीता द्वितीयपक्ष की फोटोयुक्त हस्ताक्षरित आवेदन धारा 359 (2) बी.एन.एस.एस.2023 को 5:00 बजे शम को न्यायालय में प्रस्तुत कर आर्डरशीट पर हस्ताक्षर किए। 4– यह कि नोटिसदाता/ प्रथमपक्ष के द्वारा राजीनामा की बातें (संविदा) होने के बाद 250000.00 रू. (दो लाख पचास हजार रू.) आप नोटिसग्रहीता द्वितीयपक्ष को प्रदान किए थे जिसमें से 90000.00रू. नोटिसदाता मनीष कुमार मिश्रा के द्वारा अपने स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया शाखा चाकघाट के खाता क्रं. 34536676056 से जरिए फोन पे से समय 04:21 पी.एम. दिनांक 06.02.25 को नोटिसग्रहीता को WDR-TFR UPI/DR/067174310136/ BANKACC/SBIN/3091353002/PAYM0097694162092AT- 02838 CHAKGHAT में जरिए फोन पे के माध्यम से भुगतान किया गया। तथा दिनांक 06.02.2025 को ही 60000.00रू. नोटिसदाता मनीष मिश्रा के भाई अनिरू) प्रसाद मिश्रा के द्वारा समय 05:03पी.एम. दिनांक 06.02.25 अनिरूद्ध मिश्रा के द्वारा अपने मोबाईल फोन पे के माध्यम से आप नोटिसग्रहीता रमेशचन्द्र मिश्रा के मो.नं. 7440570789 से स्टेट बैंक चाकघाट के खाता में जमा कराया गया था इस तरह से 150000.00रू. मोबाइल फोन पे से आप नोटिसग्रहीता के द्वारा नगद जमा कराया गया एवं 100000.00 रू. नगद कैश नोटिसदाता के द्वारा अफ्ने एवं आप नोटिसग्रहीता के अधिवक्ता श्री नवीन सिंह के चेम्बर में जमा नगद राशि करने के बाद राजीनामा लेख कराकर न्यायालय के समक्ष आप नोटिसग्रहीता प्रस्तुत किया गया था। 5– यह कि दिनांक 06.02.25 को 150000.00रु. फोन–पे एवं 100000.00रू. नगद इस तरह से कुल 250000.00रू. प्राप्त करने के बाद राजीनामा प्रस्तुत कर अब आप नोटिसग्रहीता द्वितीयपक्ष न तो राजीनामा साक्ष्य क लिए न्यायालय के समक्ष उपस्थित हो रहे है और न ही मेरी प्राप्त राशि 250000.00रू. वापस कर रहे है आपका यह कृत्य आपराधिक छल कपटपूर्ण है आप नोटिसग्रहीता जॉनबूझकर पैसा न तो वापस कर रहे है और न ही राजीनामा का साक्ष्य हेतु न्यायालय में उपस्थित हुए है जिससे यह प्रतीत होता है कि छल कपटपूर्वक पैसा प्राप्त कर राजीनामा संविदा से मुकर रहे है जिससे यह विधिक कानूनी नोटिस आप द्वितीयपक्ष नोटिसग्रहीता को भेजने की विधिक आवश्यकता पड़ी। 6– यह कि यह कि नोटिस की मूल प्रति आपको भेजी जा रही है एवं द्वितीय प्रति नोटिस मेरे कार्यालय में अग्रिम कार्यवाही हेतु सुरक्षित है नोटिस कही कटी फटी महकूक नही है जहां भी काटपीट सुधार किया गया है वहा मेरे सूक्ष्म हस्ताक्षर बने हुए है। अत:नोटिस आप नोटिसग्रहीता / द्वितीयपक्ष को भेजकर आग्रह है कि नोटिस प्राप्त करने के एक माह के अंदर प्रथमपक्ष नोटिसदाता द्वारा आप नोटिसग्रहीता द्वितीयपक्ष को दिए गए 250000.00 रू. (दो लाख पचास हजार रू.) प्राप्त दिनांक 06.02.25 से मय ब्याज सहित वापस प्रदान कर पावती रसीद प्राप्त कर लेवे अन्यथा बाध्य होकर राशि वसूली हेतु दावा मान्नीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए बाध्य होंगें जो भी हर्जा खर्चा होगा सम्पूर्ण आप द्वितीयपक्ष नोटिसग्रहीता से वसूल किया जाएगा। नोटिस रजिस्टर्ड डाक का व्यय एवं अधिवक्ता शुल्क 2500.00 रू. ।

दिनांक 16.04.2025 (भवदीय)

आर.आर.सिंह एडवोकेट
अपर जिला/सत्र न्यायालय
RN-82756 परिसर त्योंथर जिला रीवा म.प्र.


# लघु उद्योग द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

## प्रदेश अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं प्रदेश महामंत्री के रूप में अरुण सोनी को मिली जिम्मेदारी

जागरण, कटनी

लघु उद्योग भारती मध्यप्रदेश द्वारा एमएसएमई कन्वेंशन सेंटर भोपाल गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में 2 दिवसीय आयोजन संपन्न कराया गया। जिसमें प्रथम दिवस वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में एदल सिंह कंसाना, प्रकाश चंद्र अखिल भारतीय संगठन मंत्री लघु उद्योग भारती सहित प्रदेश के पदाधिकारी की उपस्थिति रही। मंच से प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी द्वारा कृषि मंत्री के समक्ष प्रदेश के कृषि नियमों में सुधार करने की बात करी और उनसे अनुरोध किया कि इस पर त्वरित एक कमेटी बनाई जानी चाहिए जिस पर कृषि मंत्री जी द्वारा मंच से समिति बनाने की घोषणा की गई।

प्रादेशिक सम्मेलन में अलग-अलग सत्रों पर पावर सेविंग, वेस्ट इंडस्ट्रीज, लिप पोर्टल, नवीन एमएसएमई पॉलिसी की जानकारी, स्टार्टअप की जानकारी सहित महिला कार्य विस्तार, नवीन टेक्नोलॉजी के साथ कार्य का विस्तार, स्वदेशी का उपयोग, पंच परिवर्तन, निर्यात को बढ़ावा देना जैसे अनेक विषयों पर अलग-अलग सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई।

सम्मेलन के समापन सत्र मे अगले 2 वर्ष के लिए प्रदेश की नई टीम का पुनर्गठन किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष की पुनः जिम्मेदारी राजेश मिश्रा पीथमपुर को एवं इसी तरह प्रदेश महामंत्री की पुनः जिम्मेदारी अरुण सोनी कटनी को दी गई। साथ ही संपूर्ण प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य दायित्वों की घोषणा की गई। द्वितीय दिवस स्टार्टअप एवं उद्यमी महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही लघु उद्योग भारती के प्रदेश के नवीन कार्यालय उद्यम सेतु का लोकार्पण भी किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.कृष्ण गोपाल सह सरकार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुख्य अतिथि डॉ.मोहन यादव मुख्यमंत्री म.प्र., कार्यक्रम की अध्यक्षता चैतन्य काश्यप कैबिनेट मंत्री सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम विभाग मध्य प्रदेश शासन, विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वास सारंग कैबिनेट मंत्री सहकारिता विभाग मध्य प्रदेश शासन, कृष्णा गौर राज्य मंत्री मध्य प्रदेश शासन के साथ साथ लघु उद्योग भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा की सम्माननीय उपस्थित रही।



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में कृषि फूड आधारित उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को जिसमें लाडली बहनो के साथ साथ म.प्र.के युवाओं को भी रोजगार मिले, ऐसे उद्यमियों को म.प्र.सरकार उसमे कार्य करने वाले कर्मियों के वेतन का 5 हजार प्रति माह 10 साल तक के लिए देंगी। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों के लिए एक और घोषणा करते हुए कहा कि मॉर्गेज लॉन पर स्टाम्प ड्यूटी की माफी का लाभ किसानों के साथ-साथ लघु उद्यमियों को भी मिले इसके लिए सरकार योजना बना रही है लघु उद्योगों को फायर एनओसी में आने वाली कठिनाइयों के सरलीकरण को लेकर दिसंबर में विधानसभा में नया कानून लेकर आ रहे हैं गोविंदपुरा भोपाल में एमएसएमई के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित लघु उद्योग भारती के स्टार्टअप महाकुंभ में उद्यमियों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु उद्योगों को ब्लॉक स्तर पर भूमि आवंटित करेंगे जिसके लिए नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित करेंगे।

# निवार पुलिस ने 33 केव्ही बिजली तार चोर गिरोह के 5 आरोपियों को पकड़ा

## 7 बंडल एल्युमीनियम बिजली के तार एवं चोरी मे प्रयुक्त सामान बरामद



**कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा क्षेत्र मे बढ़ रही चोरियों का खुलासा करने एवं चोरी करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में चौकी निवार क्षेत्र अन्तर्गत 33 केव्ही बिजली की तार चोरी मे प्रयुक्त एक ई रिक्शा आटो, एक मोटर सायकिल जप्त की। दिनांक 23 अगस्त को ग्राम इलौंधा थाना नागौद तहसील नागौद जिला सतना का निवासी ने बताया कि मैं एयटेल पावर लिमिटेड सतना की कंपनी मे प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर पदस्थ हूँ। मेरी कंपनी व्दारा लघु औद्योगिक निगम टिकरिया मे नई बिजली की लाईन 33 केव्ही की खम्बा एवं तार खींचने का ठेका लिया गया था जिसका कार्य मेरे द्वारा माह जून 2025 से ग्राम टिकरिया से तिहारी तक के लिये कराया जा रहा था जो हमारे द्वारा ग्राम निवार मुरली मंदिर से संसारपुर तक के लिये खम्बा एवं नई बिजली 33 केव्ही की लाईन खींची गई थी इसी बीच दिनांक 4 अगस्त 2025 को रक्षाबंधन का त्यौहार मनाने हम सभी लोग काम बंद कर अपने अपने घर चले गये थे।


## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना संख्या एवं दिनांकः** DY-CE-C-II-JHS-2025-06 **dated** 21.08.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य इंजीनियर / निर्माण - II / झाँसी, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु. ई- निविदा, निविदा बंद होने की दिनांक 15.09.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित करते है ।

**कार्य का नामः** "JHS-Bina तृतीय लाइन परियोजना, LAR-BRRI दोहरीकरण परियोजना और JHS-KID-MKP और KID-BZM दोहरीकरण परियोजना में 60kg in-situ Glued Insulated Rail Joint G3 (L) प्रकार का निर्माण और संयोजन।

**अनुमानित लागत :** ₹ 2,84,48,055.00 | **धरोहर राशि :** ₹ 2,92,300.00

**कार्य पूर्ण होने की अवधि :** 09 माह हार्वेस्ट एवं मानसून सहित।

**वैधता की अवधि :** 60 दिन | **निविदा बंद होने का दिनांक व समय :** 15.09.2025 को 15.00 बजे

पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें। 1511/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



## न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमाक 507/विशेष विवाह/2025
रीवा, दिनांक 25.08.2025

**इश्तहार**

आवेदक सूरज सोंधिया पिता श्री कमलेश उर्फ मुकलेश सोधिया उम्र 26 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 41 हजरत दाराशाह वार्ड बिछिया तहसील – हुजूर, रीवा आवेदिका शशिकिरण पाण्डेय पिता श्री नरेश प्रसाद पाण्डेय, उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम व पो. तमरा देश तहसील – गुढ़, जिला – रीवा (म.प्र.) के द्वारा उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत विवाह अनुष्ठान हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, अंकसूची की छायाप्रति, निवास प्रमाण पत्र एवं 100/–रू. चालान प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। अत: उक्त विवाह अनुष्ठान के सम्बंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति स्वत: अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि को उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा

पेशी दिनांक– 25.09.2025

विवाह अधिकारी
RN- 82757 जिला रीवा (म.प्र.)



## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य इंजीनियर/कारखाना/झांसी हेतु ऑनलाईन ई-टेन्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** डिप्टी सी0ई0-झांसी डब्लू-83

**कार्य का नामः** वैगन मरम्मत कार्यशाला झांसी में 50 केएलडी क्षमता के 01 एसटीपी और 02 बायोगैस संयंत्रों का निर्माण और स्थापना।

**अनुमानित लागत (रुपये):** 17639314.36 (रुपये एक करोड़ छिहत्तर लाख उनतालीस हजार तीन सौ चौदह रुपये छत्तीस पैसे मात्र।

**अमानत राशि (रुपये):** 238200/- | **निविदा प्रपत्र कर मूल्य रुपयेः** कुछ नहीं

**निविदा बन्द होने की तिथि एवं समयः** 19.09.2025, 15:00 बजे, **स्वीकृत पत्र जारी समय होने से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 12 माह, पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के साईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1525/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR


# प्रस्फुटन समितियों के बैठक में इको फ्रेंडली प्रतिमाएं बनाने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम



**जागरण, जयसिंहनगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वावधान में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् शहडोल के निर्देशन में शनिवार 23 अगस्त 2025 को विकासखंड जयसिंहनगर के ग्राम पंचायत अमझोर में इको फ्रेंडली प्रतिमाएं स्थापित करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात् मंच पर उपस्थित अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान परामर्शदाता पवन तिवारी एवं क्रांति गुप्ता ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए इको फ्रेंडली प्रतिमाओं के निर्माण एवं महत्व का संक्षिप्त परिचय दिया । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा इको फ्रेंडली प्रतिमाएं बनायी गयी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे विकास गुप्ता ने मिट्टी और गोबर जबकि लल्लू अहिरवार ने विभिन्न प्रकार की मिट्टियों के माध्यम से प्रतिमाएं बनाने का प्रशिक्षण दिया।

**प्लास्टर ऑफ पेरिस की जगह मिट्टी की प्रतिमाएं करें निर्माण :** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि लोग प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं की जगह मिट्टी से बनी प्रतिमाओं का निर्माण कर उन्हें स्थापित करें। साथ ही प्रस्फुटन समितियों के कार्य को भी विस्तार से उपस्थित नवीन प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों को बताया।

**हर आदमी में होती हैं कुछ विशेषता : मालती सिंह :** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहीं जनपद अध्यक्ष मालती सिंह ने कहा कि सभी के अंदर कुछ न कुछ विशेषताएं होती हैं इसलिए सभी को अपने घर में ऐसी कलाकृतियां बनानी चाहिए। जिससे आप अपने अंदर की कला को लोगों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

**मिट्टी की प्रतिमाएं प्रकृति के अनुकूल : शीला तिवारी :** कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा से शीला तिवारी उपस्थित रहीं जिन्होंने मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाई तत्पश्चात उन्होंने कहा कि मिट्टी पर्यावरण के अनुकूल होती है जिससे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता है।

**विधायक संजय पाठक ने छात्रों की सुविधा के लिए अपने खर्चे से बनवाई रोड : कटनी।** विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के छात्रों के लिए विशेष समर्पित रहने वाले विधायक संजय सत्येंद्र पाठक एक ऐसे नेता है जिन्हें जब भी जिसने याद किया वह उपस्थित हो जाते हैं खासतौर पर जब छात्रों ने आवाज दी हो, छात्रों के लिए संजय सत्येंद्र पाठक पूरे समर्पण के साथ उन तक पहुंच ही जाते हैं।


॥ॐ शांति॥ **शोक संदेश** ॥ॐ शांति॥



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुत्र

**नितिन पाठक**

पिता स्व. श्री अशोक पाठक उम्र 50 वर्ष का सुपर हास्पिटल में ब्रेन हेम्ब्रेज होने से दिनांक **25/08/2025** दिन सोमवार को रात्रि 12:05 बजे स्वर्गवास हो गया है। जिनका अंतिम संसकार प्रयागराज में कर दिया गया है।

**शोकाकुल संतृप्त**
श्रीमती विजयलक्ष्मी पाठक माता जी
नेहा पाठक - छोटी बहन

RN-84246

पताः वार्ड नं.- 21/209 घोड़ा चौराहा, किला रोड रानीगंज हुजूर रीवा (म.प्र.)



## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-मऊगंज (म.प्र.)

sunit.rajpoot@mp.gov.in

कमांक/572/खनिज/2025 मऊगंज/दिनांक 12/08/2025

(मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1–क) के अतंर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए)

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक देवा स्टोन वर्क्स, पार्टनर मनोज कुमार, ग्राम पोस्ट–बिल्ली मरकुंडी, नया बस्ती सेक्टर 09 पनारी ओबरा सोनभद्र उत्तर प्रदेश, हाल मुकाम, सरदमन तहसील हनुमना, जिला मऊगंज द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 04/08/2025 को प्रस्तुत किया गया है। तीस दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | सरदमन | 74/1 | 06.280 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |
| | | | कुल रकवा | 06.280 हेक्टेयर | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**प्रभारी अधिकारी**
कार्यालय कलेक्टर (खनि शाखा)
जिला मऊगंज (म.प्र.)

G-17694/25



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी (म.प्र.)

**सम्राट चौराहा के पास, ई–मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822–292508**

**निविदा सू.क.10/नि.प्र./व.ले.लि./का.य./लो.स्वा.यां.वि./25–26 सीधी दिनांक 20.08.2025**

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.09.2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 08.09.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Balance work of Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e. 100% FHTC's) in Villages Jhalwar, Katouli,Duara Baghwar, Badkhara 740, Badkhara 734 Block Rampur Naikin District-SIDHI.

| S. N. | Tender ID | Name of scheme village | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_445726_1 | छलवार, कटौली दुअरा विकासखण्ड रामपुर नैकिन | 146.09 | 146090 | 12500 | Ist Call |
| 2 | EE_PHED_445727_1 | बघवार, बडखरा 740, बडखरा 734 विकासखण्ड रामपुर नैकिन | 123.26 | 123260 | 12500 | Ist Call |

**कार्यपालन यंत्री**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म.प्र.)

G-17716/25



## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरूरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# कटनी के युवा गल्ला कारोबारी की गोवा में मौत

कटनी। माधवनगर के कैरिन लाइन क्षेत्र निवासी एक युवक की गोवा में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। युवक गल्ले का कारोबार करता था तथा अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए गोवा गया हुआ था। गोवा में ही उसे चोट लगी और वह पहले कोमा में चला गया और बाद में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। इस संबंध में दोस्तों से मिली जानकारी के मुताबिक कैरिन लाइन क्षेत्र निवासी लगभग 35-40 वर्षीय राहुल पिता कन्हैयालाल बजाज शहर में गल्ले का कारोबार करता था। राहुल गत दिवस अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए गोवा गया हुआ था। गोवा में ही किसी दुर्घटना में उसके सिर में गंभीर चोट लगी। जिसके बाद उसे गोवा के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान वह कोमा में चला गया और बाद में उपचार के दौरान ही उसकी मौत हो गई। दोस्तों ने बताया कि गोवा में शव परीक्षण के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है तथा परिजन शव लेकर गोवा से कटनी के लिए रवाना हो गए हैं। परिजन शव लेकर देररात तक कटनी पहुंचेंगे।


## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

## मैरिज गार्डन किराये से देना है

कोष्ठा रीवा में मैरिज गार्डन किराये से देना है। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:- मो. नं. 6260806864
आरएन. 84240 (29/8)



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज (म.प्र.)

निविदा सू.क्र.09/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यॉ./2025–26 मऊगंज, दिनांक 22.08.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना**

1) निम्नलिखित कार्यों हेतु ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑन लाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑन लाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत आमंत्रित की जाती है।

ऑन लाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 25.08.2025 डाक्यूमेन्ट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारम्भ तिथि 25.08.2025 टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 09.09.2025 बिड सबमिशन प्रारम्भ का दिनांक 25.08.2025 एवं बिड सबमिशन का अंतिम तिथि 09.09.2025 को सायं 5.30 बजे तक निर्धारित हैं। Manadatory 'A' & Financial bid Open का दिनांक 11.09.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।

2) उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय बेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

3) निविदाएँ, निर्धारित तिथि दिनांक 11.09.2025 को खोली जायेंगी ।

4) **कार्य का विवरण :-**

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मऊगंज अन्तर्गत विभिन्न विकासखण्ड त्यौंथर एवं नईगढ़ी के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ट्यूबवेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, आर. सी. सी. टंकी (OHT) सबमर्सिवल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य सामग्री एवं लेबर सहित।

| ई–टेण्डर नं. | योजना का नाम | विकास खण्ड | कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में) | प्रतिभूति राशि रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2025_PHED_446335_1 | विकासखण्ड त्यौंथर सोहागी, मझिगवॉ एवं डाढ़ विकासखण्ड नईगढ़ी पिपरा, सुमेदाकला एवं बंधवाकोठार | त्यौंथर एवं नईगढ़ी | 281.25 | 281250.00 | 15000.00 | 09 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट (http//www.mptenders.gov.in) पर प्रदर्शित है।

**कार्यपालन यंत्री**
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,
मऊगंज जिला मऊगंज (म.प्र.)

G-17754/25



## कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला–सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर–7822297542
Email. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com,
website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई–निविदा/2025/5391 सीधी दिनांक 20–08–2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में शासकीय उपयोग हेतु पालतू हाथियों हेतु सामग्री क्रय के लिये निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | सामग्री का नाम | मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | लम्दा 2 मीटर | 4 नग | परिक्षेत्र दुबरी हाथी कैम्प |
| 2 | चमडा 3 मीटर | 4 नग | ----''---- |
| 3 | रस्सा 60 फिट 01 नग सूती का धागा वाला | 240 फिट | ----''---- |
| 4 | टाट पट्टी सूती | 1 बंडल | ----''---- |
| 5 | चैन 60 फिट 1 नग 18 एमएम, | 120 फिट | ----''---- |
| 6 | चैन 60 फिट 1 नग 17 एमएम, | 120 फिट | |
| 7 | वेड़ी 16 एमएम | 04 नग | |
| 8 | डनलप गद्दा 1.50×1 मीटर | 04 नग | ----''---- |
| 9 | डनलप गद्दा कवर | 04 नग | |
| 10 | घन बड़ा | 04 नग | ----''---- |
| 11 | गुल्ती | 04 नग | ----''---- |
| 12 | सब्बर बड़ा | 04 नग | ----''---- |
| 13 | तवा बड़ा | 04 नग | ----''---- |
| 14 | गंजा बड़ा | 04 नग | ----''---- |
| 15 | परात बड़ा | 04 नग | ----''---- |
| 16 | मचिया | 04 नग | ----''---- |
| 17 | विनाली | 04 नग | ----''---- |
| 18 | पन्नी 10×10 फिट | 04 नग | ----''---- |
| 19 | त्रिपाल 15×15 फिट | 04 नग | ----''---- |
| 20 | निवाड सूती | 12 कि.ग्राम | |
| 21 | सुतली | 4 कि.ग्राम | |

इस निविदा के लिये दिनांक 25.08.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 17.09.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 18.09.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

**क्षेत्र संचालक**
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

G-17704/25

# लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग प्रभारी कार्यपालन यंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप

## करोड़ों की योजनाएँ धराशायी, प्यासे रह गए ग्रामीण



**जागरण, डिंडोरी।** जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्वष्ठ) पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों ने प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सरकार की करोड़ों रुपए की पेयजल योजनाएँ सिर्फ कागज़ों में पूरी दिखा दी गई हैं, लेकिन ज़मीनी हक़ीक़त यह है कि सैकड़ों गाँव अब भी बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

### ग्रामीणों का आरोप

ग्रामीणों का कहना है कि विभाग ने पिछले कई सालों से नल-जल योजनाओं और हैंडपंपों के नाम पर भारी भरकम बजट खर्च किया, लेकिन किसी भी गाँव में स्थायी समाधान नहीं हुआ। कई जगह पाइपलाइनें तो बिछाई गईं, लेकिन उनमें कभी पानी नहीं आया। वहीं, कई जगह लगाए गए हैंडपंप महीनों से खराब पड़े हैं। यहाँ सिर्फ बोर्ड लगाकर दिखावा किया जाता है। गर्मी आते ही हमें कई किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ता है। अधिकारी हमारी सुनवाई नहीं करते, ऐसा कहना है करंजिया ब्लॉक के एक ग्रामीण का।

### फर्जी भुगतान का खेल

सूत्रों का दावा है कि योजनाओं के नाम पर फर्जी बिल बनाकर भुगतान कर दिया गया। निर्माण कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग हुआ, जिससे पाइपलाइनें जगह-जगह फट गईं और टंकियाँ चालू होने से पहले ही जर्जर हो गईं। ग्रामीण बताते हैं कि विभाग और ठेकेदारों की मिलीभगत से भ्रष्टाचार का यह खेल लंबे समय से चल रहा है, लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होती।

**स्वास्थ्य पर संकट :** पेयजल की कमी के कारण कई गाँवों में लोग अब भी नदी-नालों का असुरक्षित पानी पीने को मजबूर हैं। इससे बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों में उल्टी-दस्त और पीलिया जैसी समस्याएँ बढ़ रही हैं।

### अधिकारी चुप्पी साधे

जब विभागीय अधिकारियों से इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कैमरे पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। वहीं, प्रशासनिक स्तर पर भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### जनता की मांग

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से लेकर राज्य शासन तक गुहार लगाई है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की सभी योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही भ्रष्टाचार में शामिल अधिकारियों और ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई हो। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में डिंडोरी जिले के कई गाँव गंभीर पेयजल संकट और स्वास्थ्य आपदा का सामना कर सकते हैं।

# घर-घर बिराजेंगे के माटी के गणेश पर्यावरण शुद्धता का संदेश माटी गणेश सिद्ध गणेश

**मंडला ।** पर्यावरण शुद्धता के उद्देश्य से जन अभियान परिषद एवं नर्मदा समग्र के संयुक्त तत्वाधान में माटी के गणेश सिद्ध गणेश अभियान अंतर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रेवती कॉलेज महाविद्यालय, मुन्नालाल चौधरी महिला महाविद्यालय मंडला एवं जगन्नाथ उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडला में माटी के गणेश के प्रशिक्षण सत्र आयोजित किये गए। सत्रों के दौरान जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक राजेंद्र चौधरी एवं नर्मदा समग्र के संभाग समन्वयक निलेश कटारे द्वारा पर्यावरण के लिए माटी के गणेश जी की आवश्यकता बताते हुए प्रशिक्षण दिये गए। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को प्लास्टर ऑफ पेरिस की बजाय मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने हेतु प्रेरित करना है। इससे जहाँ एक ओर प्रकृति का संरक्षण होगा वहीं दूसरी ओर परंपराओं का सम्मान होगा। छोटे-छोटे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की सीख विद्यार्थियों को दी गई। इन प्रशिक्षण सत्रों के दौरान विकासखण्ड समन्वयक संतोष कुमार झारिया, प्राचार्य डॉ. शरद नारायण खरे, प्राचार्य संबंधित संस्थाओं के प्राचार्यगण एवं समस्त शिक्षकगणों की उपस्थिति रहे।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी महत्वाकांक्षी सीवरेज लाइन योजना, कांग्रेस ने दी आंदोलन की चेतावनी



**जागरण, डिंडोरी ।** मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले में नगर परिषद डिंडौरी की जनता आज भी उस 32 करोड़ की महत्वाकांक्षी सीवरेज योजना से वंचित है, जिसकी सौगात प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 24 जनवरी 2018 को दी थी। योजना की समय सीमा 24 माह रखी गई थी, लेकिन सात वर्ष बीत जाने के बाद भी नगर के 15 वार्डों में सीवर लाइन और चेम्बर निर्माण का कार्य अधूरा पड़ा है।जनप्रतिनिधियों और नगरवासियों का कहना है कि इस योजना में शुरू से ही भ्रष्टाचार और भारी अनियमितताओं का बोलबाला रहा। पहले रायपुर की कंपनी को काम सौंपा गया था, लेकिन वह बीच में ही काम छोड़कर चली गई। इसके बाद विधायक ओमकार सिंह मरकाम ने पहल कर अर्बन डेवलपमेंट विभाग के अधिकारियों से बैठक कराई और दो माह का अल्टीमेटम दिया कि अगर काम शुरू नहीं हुआ तो कंपनी को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद गुजरात के ठेकेदार सुमित दुद्धत ने काम तो शुरू किया, लेकिन धीमी गति और अव्यवस्थित तरीके से, जिससे नगरवासियों की समस्याएं और बढ़ गईं।नगर परिषद में विपक्ष के नेता ज्योतिरादित्य भलावी ने लगातार पत्राचार कर ठेकेदार की लापरवाहियों की शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना है कि सीवर लाइन कार्य की वजह से आवागमन बाधित है, सड़कों की हालत जर्जर हो गई है और ठेकेदार की मनमानी के चलते जनता त्रस्त है। वहीं, कांग्रेस युवा नेता एवं समाजसेवी बेटू मरकाम ने भी परिषद पहुंचकर उच्चाधिकारी सीएमओ को ज्ञापन सौंपा।

# श्रीकृष्ण महोत्सव के अवसर पर निकाली गयी विशाल शोभायात्रा



**लवकुशनगर ।** श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव पर्व उपरांत नगर में पहली बार सोमवार को श्रीकृष्ण महोत्सव का भव्य आयोजन यादव समाज की अगुवाई में किया गया। यह आयोजन गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित किया गया जहां सुबह से ही भगवान् श्रीकृष्ण के मनमोहक गीत, भजन एवं पूजा अर्चना कर विशाल शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। शोभा यात्रा में भगवान कृष्ण और राधा रानी के जीवन चरित्र को दर्शाती दर्जनों झांकियां शामिल थीं। शोभा यात्रा में शामिल पुरुष, महिलाएं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान कृष्ण और राधा रानी की स्तुति में भजन गाते और जयकारे लगाते हुए निकले। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु रास्ते में डीजे और ढोल की थाप पर नाच रहे थे यात्रा में शामिल सैकड़ों घोड़े और हाथी यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। शोभा यात्रा का स्वागत करने और भगवान कृष्ण को नमन करने के लिए सैकड़ों श्रद्धालु रास्ते में एकत्रित हुए। रथ पर सवार भगवान कृष्ण की झांकी के दर्शन करने के लिए लोग जगहों जगहों पर अपने घरों और दुकानों की छतों पर जमा हो गए। नगर में जगह जगह पर श्रद्धालु शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा करते देखे गए। जिन मार्गों से शोभा यात्रा निकली उन्हें बैनरों, झंडियों और फूलों से पूरी तरह सजाया गया एवं शोभा यात्रा के स्वागत के लिए स्वागत द्वार बनाए गए। शोभा यात्रा में विभिन्न सामाजिक-धार्मिक संगठनों ने बड़े उत्साह और धार्मिक भावना के साथ शोभा यात्रा में भाग लिया। प्रशासन ने यात्रा के लिए पूरे रास्ते में व्यापक व्यवस्था की। किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए शोभा यात्रा मार्ग पर पुलिस चप्पे चप्पे पर तैनात रही।

## कभी भी ढह सकता है 80 साल पुराना जर्जर स्कूल भवन

**बकस्वाहा ।** नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का 80 साल पुराना भवन इन दिनों 1050 छात्राओं के लिए खतरा बना हुआ है। जर्जर दीवारों और टपकती छत वाले इस भवन के बारिश और तेज हवा में गिरने की आशंका से छात्राएं भयभीत हैं। प्रशासन और विद्यालय प्रबंधन ने भवन को ध्वस्त करने की अनुशंसा की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकस्वाहा बस स्टैंड पर स्थित इस स्कूल भवन की हालत अत्यंत दयनीय है। गत 12 अगस्त को एसडीओ और उपयंत्री की रिपोर्ट में भवन को पूरी तरह जर्जर बताते हुए इसे तत्काल ध्वस्त करने की सिफारिश की गई है। वहीं विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी प्रस्ताव पारित कर पुराने भवन को गिराकर समग्र शिक्षा अभियान के तहत स्वीकृत नए कक्षों के निर्माण की मांग की है। स्कूल के 22 कक्षों में से 11 खस्ताहाल हैं, जिसके चलते बरसात में छात्राएं जोखिम उठाकर पढ़ाई और मध्यान्ह भोजन करने को मजबूर हैं। इस स्थिति से चिंतित छात्राओं ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि भवन को जल्द से जल्द गिराकर नया स्कूल बनाया जाए। बीते रोज भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप खरे ने छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और अधिकारियों तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया है।

# सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते के सार्थक प्रयास से मंडला को मिली फोर लाइन हाइवे सहित अन्य सौगात



**जागरण, मंडला ।** मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने संसदीय क्षेत्र में फोर लेन हाइवे, एवं टाइगर कॉरिडोर की मिली सौगात के प्रति क्षेत्र की जनता जनार्दन की ओर से केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ राष्ट्रीय प्रगति के वैश्विक कीर्तिमान रच रहा है। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के नेतृत्व में चारों ओर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रगति और कनेक्टिविटी के नित नये आयाम स्थापित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्यप्रदेश उन्नति के मार्ग पर बिना रुके पूरी गति और शक्ति के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के लोक निर्माण विभाग को लोक कल्याण का माध्यम मानने वाले कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह के सार्थक एवं सकारात्मक प्रयासों की वजह से मंडला लोकसभा क्षेत्र में निरंतर सड़कों के मामलों में प्रगति जारी है। प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंडला जिले के चहुमुंखी ,सर्वांगीण विकास सहित मंडला नैनपुर बालाघाट सड़क मार्ग की मांग को साकार कराने में निर्णायक भूमिका निभाई है,इनके परिश्रम और दूरदृष्टि वाले कार्य के लिए क्षेत्र का जनमानस कृतज्ञ है। मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि महाकौशल के इस ऐतिहासिक आयोजन के अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों की सौगात मंडला लोक सभा को मिली है जिसमें जबलपुर से मंडला चिल्फी तक फोर लेन हाइवे, कबीर चबूतरा (अमरकंटक) डिंडोरी से जबलपुर हाइवे, मंडला से नैनपुर टू लाइन, मंडला के कान्हा नेशनल पार्क को टाइगर कॉरिडोर में शामिल करना, लखनादौन से रायपुर फोरलेन हाइवे जैसी विशिष्ट घोषणाएं केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा मंडला लोक सभा क्षेत्र के लिए की गईं,कुलस्ते ने कहा कि ये महज सड़क नहीं मंडला लोक सभा क्षेत्र के विकास पथ हैं,जन सेवा में संकल्प से सिद्धि की ओर निरंतर मंडला लोक सभा क्षेत्र अग्रसर हो रहा है ।

# जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी ने दिया धरना




**जागरण, मण्डला।** मंडला जिले के स्वास्थ्य ढांचे की बदहाल स्थिति और जिला अस्पताल में डॉक्टरों की भारी कमी को लेकर आम आदमी पार्टी सोमवार से धरना पर बैठ गई है जिला अध्यक्ष पंकज सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आम आदमी पार्टी 25 अगस्त से 27 अगस्त तक चरणबद्ध तरीके से धरना दे रही है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टरों की भारी कमी है जिसके चलते मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोग अक्सर जबलपुर या अन्य जिलों का रुख करने को मजबूर होते हैं। यह स्थिति आम जनता के लिए बेहद चिंता का विषय है। आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट किया कि 27 अगस्त को प्रदेश अध्यक्ष रानी अग्रवाल के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा और कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। पार्टी ने जिला प्रशासन को चेतावनी भी दी है कि अगर शीघ्र ही डॉक्टरों की नियुक्ति और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार नहीं किया गया, तो आंदोलन और भी उग्र किया जाएगा। वही उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ, पेट रोग, ईएनटी (कान, नाक, गला), स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित अन्य विभागों के डॉक्टरों की भारी कमी है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है बल्कि आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों की जान पर भी बन आती है। आम आदमी पार्टी ने इस आंदोलन को जनता की आवाज बताते हुए कहा है कि स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सेवा पर समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान जिले भर के कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। वहीं आम जनता ने भी इस धरना प्रदर्शन कर समर्थन किया है।

# थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 10 वर्ष पुराने हत्या एवं बलवा प्रकरण के फरार 8000 का इनामी आरोपी सुमरत सिंह गिरफ्तार



**जागरण, छतरपुर ।** थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगायच में वर्ष 2010 में बलवा एवं हत्या संबंधी घटना पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया था। पूर्व में प्रकरण में 7 आरोपियों- गोविंद सिंह, धर्मपाल सिंह, हरप्रताप सिंह, राजेश यादव, सुरेंद्र सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, हरपाल यादव की गिरफ्तारी की गई थी, प्रयुक्त अवैध हथियार बरामद किए गए थे। पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन द्वारा हत्या एवं बलवा में सम्मिलित अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ?8000 के इनाम की उद्घोषणा की गई थी। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा फरार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों में दी जा रही थी। पुलिस टीम द्वारा हत्या एवं बलवा की घटना में सम्मिलित ?8000 का इनामी आरोपी सुमित सिंह पिता बहादुर सिंह बुंदेला निवासी ग्राम गंगायच हाल कुरेला थाना राजनगर को गिरफ्तार किया गया। विधिवत कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक अरविंद सिंह दांगी उप निरीक्षक अजय सिंह शाक्य, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, आरक्षक नरेंद्र, नरेश की भूमिका रही।

# एमसीबीयू में माटी-गणेश, सिद्ध गणेश अभियान पर दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

## पर्यावरण संरक्षित करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है : कुलगुरु

**जागरण, छतरपुर ।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के चित्रकला विभाग के तत्वावधान में कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी के संरक्षण, कुलसचिव श्री यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन, समाजशास्त्र एवं चित्रकला विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो ममता वाजपेई के संयोजन में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ सोमवार 25 अगस्त को हुआ। 26 अगस्त तक चलने वाली इस दो दिवसीय कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रारंभ किए गए *मिट्टी के गणेश सिद्ध गणेश अभियान* के तहत छात्र छात्राओं को मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण प्रख्यात मूर्तिकार पं.श्री दिनेश शर्मा द्वारा दिया जा रहा है। कार्यशाला संयोजक डा ममता बाजपेई के अनुसार पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर इस अभियान के तहत लोगों से आगामी गणेश उत्सव पर मिट्टी की प्रतिमा बनाकर रखने का आवाहन किया जा रहा है ,जो आध्यात्मिकता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का भाव प्रकट करती है। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के लिए कुलगुरु प्रो शुभा तिवारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों एवं सम्मानित सदस्यगणों से संकल्प वाचन कर शपथ दिलाई गई। इस कार्यशाला में प्रमुख रूप से चित्रकला विभाग की विषय विशेषज्ञ डॉ गरिमा मिश्रा, ख्याति अग्रवाल, ज्योत्सना जैन, डॉ रीना वाजपेई, राकेश कुड़ेरिया, सुयश सागर बाजपेयी , डॉ अनूप दीक्षित, डॉ सोमवती अनुरागी,इमरान खान, रमेश प्रभाकर, कपिल देव कुड़ेरिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन इला कौशिक ने किया।

# माटी गणेश-सिद्ध गणेश जन जागरूकता अभियान का किया गया आयोजन

**जागरण, लवकुशनगर ।** शासकीय महाविद्यालय लवकुशनगर में मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ अंतर्गत प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की संकल्पना केंद्रित माटी गणेश-सिद्ध गणेश जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गयी। विद्यार्थियों द्वारा स्वयं माटी के गणेश बनाये गए। जिसमें स्नातक कला संकाय की किरण कुशवाहा द्वारा बनाये गए माटी के श्रीगणेश जी को चयन समिति ने प्रथम स्थान के लिए चयनित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टॉफ व विद्यार्थियों ने यह संकल्प भी लिया कि हम सभी माटी से निर्मित गणेश जी को ही स्थापित कर पूजा अर्चना करेंगे एवं घर मे ही विसर्जित करेंगे। इससे प्रकृति का संरक्षण भी होगा। माटी गणेश अभियान के तहत स्वदेशी, वोकल फ़ॉर लोकल को बढ़ावा मिलेगा। यह अभियान डॉ सोना विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस अभियान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ . एच सी अहिरवार, डॉ संजीव कुमार विश्वकर्मा, डॉ बलराम चौरसिया, डॉ अभय कुमार, डॉ ज्योति सिंह बघेल, डॉ शीतल सिंह, पूनम तिवारी, सपना राजपूत, सुनील कुमार चौरसिया, रामप्रकाश, राजेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता, संदीप सोनी की उपस्थिति रही।

# वार्ड 41 मे पिछले तीन वर्षो में कराये गये निर्माण कार्यों एवं स्वीकृत कार्यों की नस्ती प्रस्तुत करें : सविता प्रधान



**जागरण, बैढ़न ।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान ने आज नगरीय क्षेत्र के वार्ड क्र.41 का भ्रमण किया। आयुक्त ने रामलीला मैदान के बगल में स्थित शौचालय की साफ़ सफ़ाई कराने के साथ उद्यान में बेहतर प्रकाश व्यवस्था करने हेतु सम्बंधित उपयंत्री स्वच्छता निरीक्षक निर्देश दिये। आयुक्त ने प्लाजा एवं आईएचएसडीपी कॉलोनी के पूर्व अवैध कॉलोनी की नस्ती सम्बंधित अधिकारी को प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। उन्होने संबंधित उपयंत्री को आईएचएसडीपी कॉलोनी में हैण्ड पंप की तत्काल मरम्मत कराने के साथ ही नाली को ढकने के साथ पुलिया एवं सेप्टिक टैंक की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने उपयंत्रियो को समस्त पार्कों का बेहतर रखरखाव एवं सफ़ाई कराने के साथ ही उक्त कार्य का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होने वार्ड की सभी गारंटी अधीन सड़को की स्थिति की जानकारी नस्ती सहित सम्बंधित उपयंत्री प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। तथा गनियारी छठ घाट तालाब में सीढ़ी निर्माण एवं रोड के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होने इंडस्ट्रियल एरिया सड़क की मरम्मत हेतु सम्बंधित उपयंत्री कार्यवाही करने के निर्देश दिए साथ ही गनियारी मुक्तिधाम में साफ़सफ़ाई एवं रखरखाव करने हेतु उपयंत्री एवं स्वच्छता निरीक्षक को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निगमायुक्त ने गनियारी एलआईजी कॉलोनी में किये गए अतिक्रमण को हटाए जाने हेतु संबंधितो को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# कोई भी भवन जीर्णशीर्ण न हो इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें : कलेक्टर

## पीएम आवास योजना 2.0 के अंतर्गत सीएमओ को स्वीकृत आवासों की जियो टैगिंग कराने के निर्देश



**जागरण, छतरपुर ।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट एवं आयोग के लंबित प्रकरणों के निराकरण प्रतिवेदन भेजने के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने रबी फसल के लिए खाद भंडारण हेतु संपूर्ण तैयारियां करने के डीडी कृषि को निर्देशित किया। और सीसीबी को जहां भी समितियों में डिमांड भेजे जिसके लिए मार्कफेड खाद उपलब्धता सुनिश्चित करें और बक्सवाहा एवं बिजावर में शेड निर्माण हेतु डिमांड प्रेषित करें। कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के तहत क्लस्टर डेवलपमेंट प्रोग्राम के संबंध में डीपीएम एनआरएलएम को संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। साथ ही फिश पार्लर के 14 कार्य एक सप्ताह में लगाने के लिए सीएमओ एवं सहायक संचालक मत्स्य विभाग को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सागर कबरई में कड़े शब्दों में अंश निर्धारण के विरुद्ध मुआवजा वितरण की कार्यवाही में प्रगति लाने के निर्देश संबंधित एसडीएम को दिए। और पीड़ी एनएचएआई द्वारा कार्य में लापरवाही की जा रही जिससे मुआवजा वितरण में अवरोध उत्पन्न हो रहा जिसके लिए शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना 2.0 के तहत सीएमओ को निर्देश दिए कि प्रस्तावों को समयसीमा में शासन को प्रेषित करें और स्वीकृति के विरुद्ध जियो टैगिंग कराएं। साथ ही जिन पात्र हितग्राहियों के पास जमीन नहीं है उनके सर्वे कराकर, उन्हें पट्टे वितरित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सरेंडर किए गए आवास हितग्राहियों से आरआरसी एवं निकायों द्वारा स्वयं के माध्यम से वसूली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम आवास शहरी 1.0 में सीएमओ सटई, बड़ामलहरा, नौगांव एवं बिजावर को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एएचपी घटक के तहत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के लिए उनको पक्का मकान मिले, इसके लिए आवेदन कराने के निर्देश पीओ डूडा को दिए। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारी को भी कर्मचरियों से आवेदन कराने के लिए कहा। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन में ओएचटी कार्य में कुटने राजनगर एवं लवकुशनगर में विशेषरूप से प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए और जल निगम महाप्रबंधक को बारिश में नल जल योजनाओं से उखड़ी सड़को के सुधार कार्य के भी निर्देश दिए। उन्होंने हिट एंड रन के प्रकरणों में सभी एसडीएम को नए प्रकरण को भी स्वीकृत करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने डीईओ, डीपीसी को कोई भी शासकीय एवं निजी स्कूल, डीपीओ महिला बाल विकास को कोई भी आंगनवाड़ी केंद्र एवं जनपद सीईओ को जनपदों में कोई भी भवन जीर्णशीर्ण या कंडम स्थिति में ना हो इसके लिए एक सप्ताह में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के स्पष्ट निर्देश दिए। ऑनलाइन एमएलसी एवं पीएम प्रकरणों में में कार्यवाही ना करने पर सीएमएचओ को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए।साथ ही कलेक्टर ने लोक सेवा गारंटी के आवेदन लंबित होने पर छतरपुर एसडीएम पर अप्रसन्नता व्यक्त की और आवेदन लंबित होने पर बड़ामलहरा सीएमओ की वेतन काटने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को पीएम जीवन ज्योति और पीएम सुरक्षा बीमा योजना में आवेदनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि कैंपस का निरंतर आयोजन करें। कलेक्टर ने उपसंचालक पशु चिकित्सा द्वारा टीएल का जवाब दर्ज ना करने पर शोकॉज एवं सहकारिता विभाग द्वारा मत्स्योद्योग सहकारी समिति से अनुसूचित सदस्यों को ना हटाने पर एवं पौधारोपण में खराब प्रगति पर डीआरसीएस की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की भौतिक प्रगति की समीक्षा की और कार्य में तेजी लाते हुए समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश पीआईयू विभाग के अधिकारी को दिए। साथ ही एमबीडीसी को सीएम राइज (सांदीपनि विद्यालयों) के कार्य में भी तेजी से समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शत प्रतिशत गौशालाओं का पंजीयन कराए जाने के निर्देश दिए और गौशाला पूर्ण न होने पर छतरपुर सीईओ एवं डीडी पशुचिकित्सा को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मनरेगा के तहत मां की बगिया की स्थिति की समीक्षा की जिसमें बिजावर, बक्सवाहा सीईओ को तकनीकि स्वीकृति जल्द कराने के निर्देश दिए।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान में खराब प्रगति पर कई अधिकारियों को शोकॉज

कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण में खराब प्रगति पर फूड सेफ्टी ऑफिसर, एमपीआरडीसी, एमपीयूडीसी, आयुष विभाग, बेयर हाउसिंग के संबंधित अधिकारियों को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। अभियान में निरंतर पौधारोपण करें और वायुदूत ऐप पर फोटो अपलोड कराए। साथ ही उन्होंने वायुदूत ऐप पर द्वितीय फोटो अपलोड के लिए भी निर्देशित किया।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## आधार की वैधता से लगेगी विसंगतियों पर लगाम

***मतदाता सूची में सुधार के लिए आधार कार्ड को वैध दस्तावेज नहीं माने जाने से काफी सारी विसंगतियां पैदा हो गईं थीं। स्वाभाविक ही इस मुद्दे पर सियासत गरमाई और अदालत से हस्तक्षेप की गुहार लगाई गई थी।***

*बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट ने एक नया आदेश जारी किया है। अदालत का आधार संबंधी ताजा आदेश न सिर्फ आश्वस्तकारी है, बल्कि भविष्य की ऐसी किसी भी कवायद के लिए एक मानक तय करता है। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग को हुक्म दिया है कि मतदाता सूची में सुधार के लिए आधार कार्ड को वैध दस्तावेज माना जाए। साथ ही राज्य के राजनीतिक दलों को भी निर्देश दिया है कि वे इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने इस प्रक्रिया के लिए जिन ग्यारह दस्तावेजों को वैध माना था, उनमें आधार कार्ड को शामिल नहीं किया था। इससे काफी सारी विसंगतियां पैदा हो गईं और करीब 65 लाख लोगों के नाम मसौदा सूची से बाहर हो गए। स्वाभाविक ही इस मुद्दे पर सियासत गरमाई और अदालत से हस्तक्षेप की गुहार लगाई गई थी।*

*निस्संदेह, चुनाव आयोग ने एक अच्छी मंशा के तहत ही यह प्रक्रिया शुरू की थी, ताकि बिहार विधानसभा के आसन्न चुनावों को अधिक साफ-सुथरे और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके। मगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के लिए जितने वक्त की दरकार थी, आयोग शायद इसको भांप नहीं सका। आधार जैसे व्यापक रूप से उपलब्ध सरकारी दस्तावेज की अनदेखी ने भी लोगों को चौंकाया, क्योंकि विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से आधार कार्ड अनिवार्यतः मांगा जाता है। लोगों में इससे संदेह पैदा हुआ, विवाद बढ़ा और निरर्थक राजनीतिक आरोपों-प्रत्यारोपों को जगह मिली। खुद चुनाव आयोग को कटु आलोचनाएं झेलनी पड़ीं और अब उसे आधार कार्ड को स्वीकार करना पड़ेगा। आयोग इस अप्रिय स्थिति को उस वक्त भी टाल सकता था, जब आरंभिक सुनवाई के दौरान माननीय जजों ने यह अपेक्षा जताई थी कि आधार कार्ड को वैध दस्तावेज मानने पर विचार हो। यह नैतिक रूप से भी उचित होता, क्योंकि जिस आधार नंबर के लिए भारत सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना चलाई, जिसके बायोमेट्रिक डाटा के संरक्षण के लिए इतनी सारी व्यवस्थाएं की गई हैं, उसे सिरे से नकारने का कोई तुक नहीं था। अब जब सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट आदेश जारी कर दिया है, तो राज्य के सभी 12 राजनीतिक दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि वे मतदाता सूची से बाहर हुए लोगों की मदद करें और प्रस्तुत मसौदे में जो भी त्रुटियां हैं, उनको दुरुस्त करने में आयोग की सहायता करें। आयोग ने अदालत को सूचित किया है कि बाहर हुए करीब 65 लाख लोगों में से 22 लाख की मृत्यु हो चुकी है, जबकि आठ लाख नाम एक से अधिक जगहों पर दर्ज पाए गए हैं। लगभग 35 लाख लोग कोई दस्तावेज न होने के कारण मतदाता सूची से बाहर हुए हैं? राजनीतिक दलों के पास इतने बड़े मतदाता वर्ग की सेवा का यह अहम मौका है। दुर्योग से, हमारे यहां आरोप लगाने की संस्कृति ज्यादा लोकप्रिय है, क्योंकि इसमें कोई शारीरिक श्रम नहीं लगता। मगर सत्ता के दावेदारों को नहीं भूलना चाहिए कि चंद हजार वोटों के अंतर से उनका भाग्य पलट सकता है। इसलिए उन्हें जमीन पर सक्रिय होना चाहिए।*

# आखिर कितनी मजबूत हो पाएगी भारत-रूस और चीन की तिकड़ी?

कूटनीतिक परिदृश्य

**शशिधर पाठक**



इसी महीने के अंत (29 अगस्त से 1 सितंबर) में प्रधानमंत्री जापान और चीन की यात्रा करेंगे। जापान की यात्रा सुखद रहने के पूरे आसार है, लेकिन चीन यात्रा को सफल बनाने की तैयारी जोरों पर है। चीन के राजदूत का बयान सामने आया है। बहुत अच्छा है। समझा जा रहा है कि प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान शी जिनपिंग बहुत अच्छा-अच्छा संवाद करेंगे। सुंदर शब्द सुनने को मिलेंगे, लेकिन एक सवाल भी है कि भारत-चीन के बीच में भरोसे का संकट कैसे दूर होगा? प्रधानमंत्री पहले जापान जा रहे हैं। जापान भारत में अपना निवेश बढ़ाने, कारोबारी रिश्ते को ऊंचाई पर ले जाने में कोताही नहीं करेगा। ट्रंप के टैरिफ वार के दौर में वह खुलकर भारत का साथ देगा। इसके बाद प्रधानमंत्री चीन की यात्रा पर रहेंगे। सामरिक और रणनीतिक मामलों के जानकार ब्रह्म चेलानी अंतरराष्ट्रीय मामलों में बहुत संवेदनशील हैं। सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं और भारत के सामने आने वाली चुनौतियों की तरफ खुलकर इशारा कर रहे हैं। विदेश मामलों के जानकार वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार भी मानते हैं कि भारत और रूस का रिश्ता इस समय विश्वसनीय दौर में चल रहा है, लेकिन अमेरिका की नाराजगी बढ़ती जा रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप के आर्थिक सलाहकार जिस तरह से भारत को कोस रहे हैं, चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की भी बैठक होनी है। भारत इसके बाबत अमेरिकी प्रशासन के संपर्क में है और समझा जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की भेंट के प्रयास हो रहे हैं। रंजीत कुमार कहते हैं कि यदि ऐसा कुछ हो पाया तो प्रधानमंत्री संयुक्त राष्ट्र महासभा में शिरकत कर सकते हैं, लेकिन यदि ट्रंप से मिलने का समय तय न हो सका तो शायद वह जाने से बचें।

### चीन से किस बुनियाद पर मजबूत होगा रिश्ता?

राष्ट्रपति ट्रंप जब टैरिफ पर धमकता रहे थे तो पूर्व विदेश सचिव शशांक ने कहा था कि भारत को रूस-चीन के साथ अपने आरआईसी और ब्रिक्स फोरम को मजबूती देनी चाहिए। हुआ भी यही। भारत ने रूस के सहयोग से चीन के साथ संवाद में सफलता पाई है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री हिस्सा लेने जाएंगे। शी जिनपिंग से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय, अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर चर्चा पर भी करेंगे। 2024 में प्रधानमंत्री ने एससीओ के अस्ताना में हुए शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेना उचित नहीं समझा था। इससे पहले प्रधानमंत्री 9 जून 2018 को चीन गए थे। गलवान घाटी में भारत और चीन के सेनिकों के खूनी संघर्ष के बाद हालात तनाव पूर्ण हुए थे और अब सात साल बाद प्रधानमंत्री संबंधों को मधुर बनाने जा रहे हैं, लेकिन एक सवाल मन में कौंध रहा है। चीन की पाकिस्तान से करीबी और ग्वादर से पाक अधिकृत कश्मीर होते हुए चीन तक जिनपिंग का ड्रीम प्रोजेक्ट से कई शंकाएं पैदा होती हैं। अप्रैल 2020 से लद्दाख में चीन की सेना के वास्तविक नियंत्रण रेखा को पार करने के बाद दोनों देशों के रिश्ते तनाव पूर्ण दौरे से गुजरे हैं। भारत ने टिकटॉक समेत चीन की तमाम कंपनियों को कारोबार करने से रोक दिया था। चीनी सामान का बहिष्कार और एक दूसरे को नश्तर से चुभते तीर चले थे। चीन ने यूरिया, रेअर अर्थ जैसे सामान की आपूर्ति पर रोक लगा दी थी। चीन के रणनीतिकारों के दिमाग में यह बात घर करके बैठी है कि अमेरिका जैसे पश्चिमी देश चीन की नाक पकड़ने के लिए भारत को महत्व देते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल यही है कि भारत का चीन से रिश्ता किस भरोसा की बुनियाद पर आगे बढ़ेगा? क्या अमेरिका से खराब होते रिश्ते का चीन फायदा उठाकर भारत को दबाने की कोशिश नहीं करेगा?

> **जापान भारत में अपना निवेश बढ़ाने, कारोबारी रिश्ते को ऊंचाई पर ले जाने में कोताही नहीं करेगा। ट्रंप के टैरिफ वार के दौर में वह खुलकर भारत का साथ देगा। उम्मीद है कि शी जिनपिंग भी गर्मजोशी दिखाएंगे और प्रधानमंत्री मोदी ऐसे अवसर पर कभी नहीं चूकते, लेकिन इसके आगे का रास्ता अभी सामरिक, रणनीतिक और कूटनीतिक जानकारों को कम समझ में आ रहा है। इसका नतीजा आने में समय लगेगा।**

### मत भूलिए कि पाकिस्तान, चीन की जरूरत है...

पाकिस्तान का ग्वादर बंदरगाह उसे मध्य एशिया से कनेक्टिविटी प्रदान करता है। पाकिस्तान से अफगानिस्तान होकर सीधा मध्य एशिया तक कारोबार संभव है। ऊर्जा सुरक्षा से लेकर कारोबार की दृष्टि से चीन की निगाह इस क्षेत्र पर रहती है। ईरान के चाबहार बंदरगाह तक वह भारी निवेश करना चाहता है। देखा जाए तो पाकिस्तान की जमीन को सीढ़ी की तरह इस्तेमाल करके चीन मध्य एशिया तक समुद्र, सड़क, हवाई मार्ग से अपना प्रभुत्व बनाने की रणनीति पर काम कर रहा है। उसके लिए फायदे की बात है कि पाकिस्तान 70 प्रतिशत से अधिक रक्षा क्षेत्र के साजो-सामान के लिए चीन पर निर्भर है। इसलिए सवाल और आशंकाएं बहुत हैं।

### भारत का साथ देगा जापान

जापान भारत का पुराना, विश्वसनीय सहयोगी है। प्रधानमंत्री पहले जापान जा रहे हैं। यह सराहनीय है। वहां से अच्छी खबर आएगी। जापान भारत में अपना निवेश बढ़ाने, कारोबारी रिश्ते को ऊंचाई पर ले जाने में कोताही नहीं करेगा। ट्रंप के टैरिफ वार के दौर में वह खुलकर भारत का साथ देगा। इसके बाद प्रधानमंत्री चीन की यात्रा पर रहेंगे। जिस तरह से विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन गए थे। विदेश मंत्री और एनएसए भारत आए थे और विदेश मंत्री मॉस्को यात्रा कर आए हैं, उससे एक संदेश साफ निकल रहा है। चीन में मीठी-मीठी, अच्छी-अच्छी बहुत होंगी। शी जिनपिंग गर्मजोशी दिखाएंगे और प्रधानमंत्री मोदी ऐसे अवसर पर कभी नहीं चूकते, लेकिन इसके आगे का रास्ता अभी सामरिक, रणनीतिक और कूटनीतिक जानकारों को कम समझ में आ रहा है। इसका नतीजा आने में समय लगेगा। इसमें एक बारीक लाइन और है। विदेश सेवा के पूर्व अधिकारी एसके शर्मा कहते हैं कि बहुत जल्दी नतीजे पर नहीं आना चाहिए। शर्मा कहते हैं कि मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि कुछ नादानियां हुई हैं। कुछ वैश्विक भू-राजनीति बदली है। ऐसे समय में भारत को जटिलताओं से बाहर आने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

### तीन राष्ट्राध्यक्ष इस समय अंतरराष्ट्रीय ड्राइविंग सीट पर हैं

तीन राष्ट्राध्यक्ष नेताओं के बीच में अंतरराष्ट्रीय घड़ी आगे बढ़ रही है। यूरोप हमेशा की तरह अमेरिका के साथ अपनी वेवलेंथ तय कर रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक नए मिशन मोड में हैं। वह क्वॉड की भाषा नहीं बोल रहे हैं। भारत को खास तौर से टारगेट पर ले रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन भी ड्राइविंग सीट पर बैठे हैं। इस समय भारत को खूब तवज्जो दे रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करवट ले रही स्थितियों ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को महत्वपूर्ण बना दिया है। ऐसे में भारत के पक्ष में कोई भी स्पष्ट दिशा तीनों राष्ट्राध्यक्षों के साथ बैठक के बाद ही निकलने के आसार हैं। देखना है आने वाला समय कैसा संकेत करता है।

# सिर्फ मरम्मत नहीं, प्राकृतिक आपदा से निपटने पूरे तंत्र को दुरुस्त करना जरूरी

त्रासदीः राहत एंव बचाव

**पत्रलेखा चटर्जी**



हाल ही में आई धराली और उसके बाद किश्तवाड़ की आपदा वर्ष 2013 की केदारनाथ त्रासदी की भयावह यादों को जगा देती है। ये आपदाएं सख्त रूप से दोहराती हैं कि हिमालय जलवायु प्रेरित विनाश का केंद्र बनता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण बादल फटने और हिमनद झीलों के टूटने से बाढ़ें आ रही हैं। धराली और किश्तवाड़ में आई विनाशकारी बाढ़ का कारण इनमें से एक या दोनों ही रहे। ये त्रासदियां पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्रों में आपदाओं के बढ़ते जोखिम और उनके बारे में बढ़ती अनिश्चितता के साथ-साथ भारत की जलवायु संबंधी तैयारियों में गंभीर खामियों, खासकर संवेदनशील हिमनद झीलों के व्यापक डाटाबेस के अभाव को दर्शाती हैं। धराली व किश्तवाड़ की त्रासदियां पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्रों में अनियोजित और अनियमित विकास के परिणामों को भी उजागर करती हैं। बीते दो दशकों में हिमालयी क्षेत्र में तीव्र गति से हुए सड़क, होटल और जलविद्युत परियोजनाओं जैसे निर्माण कार्यों में पर्यावरणीय आकलन का अभाव देखा गया है। बस्तियां उन क्षेत्रों में फैल गईं, जिन्हें कभी सुरक्षित मानते थे, लेकिन जलवायु परिवर्तन ने नियम पलट दिए हैं। बर्फ के पिघलने से बनीं हिमनद झीलें अब टाइम बम बन गई हैं तथा निगरानी तंत्र और पूर्ण चेतावनी प्रणालियों की कमी निचले इलाकों में रहने वाले समुदायों को असुरक्षित बना रही है। केदारनाथ, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश-और अब धराली व किश्तवाड़ से पर्यावरण जो संकेत देना चाहता है, वे स्पष्ट हैं। अक्सर देखा जाता है कि आपदा के बाद राहत-बचाव कार्य को लेकर तेजी दिखाई जाती है, लेकिन इस बात के प्रयास नहीं किए जाते कि इन आपदाओं से बचा जा सके। ये आपदाएं न सिर्फ बड़े स्तर पर जीवन व आजीविका को क्षति पहुंचाती हैं, बल्कि वे बुनियादी ढांचे पर चोट कर आवागमन व कच्चे माल की उपलब्धता को बाधित करके आपूर्ति श्रृंखलाओं को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले व्यवधानों और बुनियादी ढांचे को होने वाले नुकसान के खिलाफ भारत का संघर्ष तेज होता जा रहा है, जिससे कठिन चुनौतियां भी सामने आ रही हैं। ओडिशा के बाढ़ संभावित जिले जगतसिंहपुर की जिला आपदा प्रबंधन योजना 2025 में कमजोरियों को रेखांकित करते हुए बुनियादी ढांचे के उन्नयन के साथ ही जल निकासी में सुधार और आपातकालीन प्रतिक्रिया केंद्रों के निर्माण की सिफारिश की गई है। तमिलनाडु के अंबत्तूर औद्योगिक क्षेत्र ने चक्रवातों के दौरान बाढ़ के मार्गों को बहाल करने और जलभराव को रोकने के लिए 50 करोड़ रुपये की एक पहल शुरू की है। महाराष्ट्र में पश्चिमी घाटों में भूस्खलन के जोखिमों का समाधान ढलान स्थिरीकरण, पुनर्वनीकरण और आपदा मानचित्रण के माध्यम से किया जा रहा है-जिसमें इंजीनियरिंग और सामुदायिक, दोनों की सहभागिता है। फिर भी, ये पहलें एक खंडित राष्ट्रीय तस्वीर को दर्शाती हैं। भारत का ज्यादातर औद्योगिक बुनियादी ढांचा बढ़ती जलवायु अस्थिरता से निपटने के लिए अब भी अपर्याप्त है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक और सेबी की ओर से जलवायु जोखिम से निपटने को लेकर आदेश दिए हैं, लेकिन कड़ाई से पालन के बिना इनके कागजी कार्रवाई बनकर रह जाने की आशंका है। इस मामले में वियतनाम से कुछ सबक ले सकते हैं। वहां तूफान प्रभावित औद्योगिक केंद्रों में केंद्रीकृत आपदा तैयारी योजनाओं में व्यापक जोखिम आकलन, बाढ़ मानचित्रण और त्वरित परिसंपत्ति सुरक्षा प्रोटोकॉल शामिल होते हैं। ह्यू सिटी का विस्तृत बाढ़ मानचित्रण इस बात का उदाहरण है कि कैसे डाटा आधारित शहरी और आपूर्ति श्रृंखला नियोजन जलवायु तैयारी को बेहतर बना सकता है। इसके विपरीत भारत की प्रतिक्रियाशील बुनियादी ढांचे के उन्नयन पर निर्भरता छिटपुट और स्थान विशिष्ट तक सीमित होती है, जिसमें दीर्घकालिक लचीलेपन के लिए आवश्यक सामंजस्य का अभाव होता है। भारत की जलवायु रणनीति को पैचवर्क परियोजनाओं से आगे बढ़कर प्रणालीगत सुधार करने होंगे, जिसके लिए एआई समेत तमाम तकनीकें सहायक हो सकती हैं। विशेषकर हिमालयी क्षेत्र में, जहां जलवायु परिवर्तन नदी मार्गों, घाटी संरचनाओं और हिमनद स्थिरता को तेजी से बदल रहा है। धराली और किश्तवाड़ की आपदाएं स्थानीय न होकर, राष्ट्रीय चेतावनियां हैं। इसके लिए हिमालयी राज्यों में हिमनद झीलों की निगरानी, जोखिमों का आकलन और जलवायु-प्रतिरोधी बस्तियों की योजना बनाने हेतु एक समन्वित रणनीति की आवश्यकता है। इन क्षेत्रों को न केवल आपदा राहत में, बल्कि दीर्घकालिक वैज्ञानिक अध्ययनों, रियल टाइम निगरानी प्रणालियों और सामुदायिक तैयारियों में भी सहायता की आवश्यकता है। यह कॉरपोरेट छवि या सरकारी वादों के बारे में नहीं है। यह वास्तविकता का सामना करने और ऐसे मजबूत बुनियादी ढांचे-भौतिक, डिजिटल, नियामक और सामाजिक-के निर्माण के बारे में है, जो जलवायु परिवर्तन की वजह से आज और कल आने वाले तूफानों का सामना करने के लिए भी बेहद जरूरी है।

> **केदारनाथ, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश-और अब धराली व किश्तवाड़ से पर्यावरण जो संकेत देना चाहता है, वे स्पष्ट हैं। ये आपदाएं स्थानीय न होकर, राष्ट्रीय चेतावनियां हैं कि अब मरम्मत वाला रवैया छोड़ पूरे तंत्र को दुरुस्त करने की जरूरत आन पड़ी है। आपदा के बाद राहत-बचाव कार्य को लेकर तेजी दिखाई जाती है, लेकिन इस बात के प्रयास नहीं किए जाते कि इन आपदाओं से बचा जा सके।**

प्रसंगवश

## ऑनलाइन गेमिंग पर रोक- देर से उठाया गया दुरुस्त कदम

ऑनलाइन खेलों का सिर्फ नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, इसलिए ऑनलाइन गेमिंग के शौकीन लोगों में अवसाद, चिंता और मानसिक विकार की समस्याएं दिखती हैं। यह एक ऐसा मायाजाल है, जिसमें खिलाड़ी इतना रम जाता है कि उसे आस-पड़ोस तक की सुध नहीं रहती। इसकी लत भी बदतर है और हमारे जीवन को बर्बाद कर रही है। पारंपरिक खेलों में शारीरिक व्यायाम को बढ़ावा मिलता है, जबकि ऑनलाइन गेम में शरीर सुस्त पड़ने लगता है और दिमाग सुन्न। इन इतना ही नहीं, हर साल इस तरह के एप पर लोग करोड़ों रुपये गंवा रहे हैं। इस सूरतेहाल में सरकार ने पैसे वाले ऑनलाइन गेम को प्रतिबंधित करने का जो नया कानून बनाया है, उसका स्वागत किया जाना चाहिए। यह देर से उठाया गया, मगर एक दुरुस्त कदम है। दरअसल, युवा पीढ़ी इतनी डिजिटल फ्रेंडली है कि वह शौक-शौक में पहले ऐसे खेलों में फंसती है और फिर दलदल में धंसती चली जाती है। यहां तक कि कम आयु के बच्चे भी इसके आदी हो रहे हैं। रातोंरात मालामाल होने का लोभ वे संवरण नहीं कर पाते। ऑनलाइन गेमिंग एप इस मानसिकता को समझते हैं, इसलिए वे फिल्म स्टार या क्रिकेट के दिग्गजों से अपना प्रचार करवाते हैं। चूंकि ये एप मात्र अपने मालिकों के हितों का पोषण करते हैं और देश के युवाओं को कुंद बना रहे हैं, इसलिए सरकार ने सबके हितों को प्राथमिकता देते हुए इन एप पर प्रतिबंध लगाने का विधेयक पारित किया, जो अब कानून की शक्ल ले चुका है। यह बताता है कि सरकार कितनी अच्छी मंशा के साथ काम कर रही है। वह देश के भविष्य को बचाना चाहती है। वह नहीं चाहती कि युवा पीढ़ी, जिस पर देश के निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है, पैसे वाले ऑनलाइन खेलों में इतनी रम जाए कि अपना सुध-बुध खो बैठे। आंकड़े बताते हैं कि 45 करोड़ से अधिक लोगों को पैसे वाले ऑनलाइन गेम खेलने की लत है और इस चक्कर में वे सालाना 20 हजार करोड़ रुपये का नुकसान उठाते हैं। यानी, ऑनलाइन गेमिंग एप न सिर्फ देश के मानव संसाधन को खत्म कर रहे हैं, बल्कि हमारे आर्थिक संसाधनों में भी सेंध लगा रहे हैं। अच्छी बात यह है कि सरकार ने इसकी जगह ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को प्रोत्साहित करने का एलान किया है। चूंकि कुछ लोगों को इन एप से बतौर ईनाम अच्छी-खासी रकम भी मिल चुकी है, इसलिए वे इस कानून का विरोध भी कर रहे हैं। मगर व्यापक अर्थों में देखें, तो ऑनलाइन मायाजाल पर चाबुक चलाने का यह एक सराहनीय प्रयास है। इसके दूसरे पहलू को देखें तो आज जब तकनीक का इतना प्रसार हो गया है, तब इस तरह के खेल आज की जरूरत हैं। इन पर प्रतिबंध लगाने से मुमकिन है कि चोर दरवाजे से लोग इसे खेलने को उत्सुक हो जाएंगे। इस सूरत में सरकार को दोहरा नुकसान हो सकता है। एक तो उसकी मंशा पूरी नहीं होगी, फिर उसके खजाने पर इसका असर पड़ सकता है। इस स्थिति में अच्छा यही होता कि सरकार ऐसे गेम को लेकर नियम-कानून बनाती। इनको प्रतिबंधित करने के लिए बेहतर नियम-कानून बनाया जाता। मुमकिन है, तब 'लत' जैसी समस्या हमें देखने को नहीं मिलती। हां, यह बात सही है कि किसी भी चीज की अति बुरी होती है। सरकार ने शायद इसी मंशा के साथ इन खेलों को प्रतिबंधित करने का फैसला किया है, लेकिन सिर्फ इसी वजह से लोगों को इन खेलों से रोकने का कोई अर्थ नहीं है। अगर जागरूकता फैलाई जाती, तो हो सकता है कि कुछ लोग, जो इन खेलों पर अत्यधिक निर्भर हो गए हैं, इनसे दूरी बरतते। इससे सभी का मकसद पूरा हो जाता। यह सभी के लिए मुफीद स्थिति होती।

> **ऑनलाइन गेम एक ऐसा मायाजाल है, जिसमें खिलाड़ी इतना रम जाता है कि उसे आस-पड़ोस तक की सुध नहीं रहती। इसकी लत भी बदतर है और हमारे जीवन को बर्बाद कर रही है। इस सूरतेहाल में सरकार ने पैसे वाले ऑनलाइन गेम को प्रतिबंधित करने का जो नया कानून बनाया है, उसका स्वागत किया जाना चाहिए।**

## ।।गीता।।



**श्लोक**

**बुद्धिर्ज्ञानमसम्मोहः क्षमा सत्यं दमः शमः।**
**सुखं दुःखं भवोऽभावो भयं चाभयमेव च॥**

**भावार्थ**

निश्चय करने की शक्ति, यथार्थ ज्ञान, असम्मूढ़ता, क्षमा, सत्य, इंद्रियों का वश में करना, मन का निग्रह तथा सुख-दुःख, उत्पत्ति-प्रलय और भय-अभय ये नाना प्रकार के भाव मुझसे ही होते हैं।

जीवन दर्शन

## समय का पाबंद होना अच्छा, लेकिन हर बार नहीं

समय का पाबंद होना अच्छा है, लेकिन हर स्थिति में घड़ी की सुइयों पर जीवन चलाने की सनक कभी-कभी घातक भी हो सकती है। शादी के बाद के शुरुआती दिनों में ऐनी वर्क फ्रॉम होम के चलते अपने घर से काम करती थी और अपने पार्टनर के लिए खाना बनाती थी, जिसे वह 'घरेलू काम का मजा' कहती थी। पति ने उससे कहा था कि वह शाम छह बजे घर पहुंचकर खाना खाएगा। ऐनी के लिए यह थोड़ा जल्दी था, फिर भी वह खाना बनाने के लिए तैयार थीं-लेकिन वह ऐसी कठोरता को नहीं समझ पाई। समय की पाबंदी दोनों के बीच लगातार झगड़े का कारण बन रही थी। ऐनी, जो जीवन भर समय पर काम निपटाने के लिए संघर्ष करती रही, अक्सर कहती थीं, 'मैंने तुमसे शादी की है, सेना में भर्ती नहीं हुई', जबकि उसके पति कहीं भी समय पर न पहुंच पाने के चलते परेशान रहते थे, जिसे वह असभ्यता मानते थे। समय की पाबंदी को लेकर बहस आम बात है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि ये अक्सर समय के साथ हमारे जुड़ाव के अलग-अलग तरीके पर आधारित होते हैं। 1950 के दशक में, मानवविज्ञानी एडवर्ड टी. हॉल ने समय प्रबंधन के प्रति अलग-अलग सांस्कृतिक नजरियों को दर्शाने के लिए 'मोनोक्रोनिक' और 'पॉलीक्रोनिक' शब्द गढ़े थे। उत्तरी यूरोप और अमेरिका में, जिन्हें डॉ. हॉल ने 'मोनोक्रोनिक' समाज कहा था, लोग समय-सीमा पर जोर देते थे और क्रमवार काम करते थे, एक काम पूरा करने के बाद ही अगला काम शुरू करते थे। लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और पश्चिम एशिया में, जिसे 'पॉलीक्रोनिक' समाज बताया, उन्होंने देखा कि लोग काम के बीच में ही मन बदल लेते थे और तय शेड्यूल पर टिके रहने को लेकर उतने दृढ़ नहीं थे। इसके अलावा लोगों की व्यक्तिगत समय-उपयोग की शैलियां भी काफी भिन्न होती हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि समय के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी जागरूक होने से जीवन आसान हो सकता है और आपको अपने आस-पास के लोगों के साथ विवादों को सुलझाने में मदद मिल सकती है। ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय की क्रोनोमिक्स विशेषज्ञ डॉना बैलार्ड कहती हैं, जो लोग अपने समय को पहले से तय कार्यों की एक श्रृंखला के रूप में प्रबंधित करते हैं, वे आमतौर पर समय के हिसाब से जीते हैं और काम के घंटों के दौरान, रिश्तों के ऊपर दायित्वों को प्राथमिकता देने के लिए तैयार रहते हैं। ऐसे व्यक्ति के लिए व्यवधान परेशान करने वाला होता है। पॉलीक्रोनिक लोग उन अनुभवों और रिश्तों को प्राथमिकता देते हैं, जो हमेशा पूर्व-निर्धारित कार्यक्रमों में ठीक से फिट नहीं बैठते। हर समय-शैली के अपने फायदे और नुकसान होते हैं। जो लोग आसानी से कामों के बीच बदलाव कर लेते हैं, उन्हें जिंदगी की उलझनों से निपटने में भी फायदा होता है।

**एमिली लेबर-वॉरेन**

## संक्षिप्त खबरें

### अमित शाह का तोमर ने किया अभिवादन



**विसं भोपाल।** दिल्ली विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय आल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस में रविवार को मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र मोदी तोमर ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भेंट कर उनका अभिवादन किया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विधानसभा ( सेंट्रल असेंबली) के प्रथम अध्यक्ष के रूप में स्व. विट्ठल भाई पटेल जी 25 अगस्त 1985 को निर्वाचित हुए थे। उसी अवसर के शताब्दी वर्ष समारोह के रूप में यह आयोजन हो रहा है जिसमें देशभर के विधानमंडलों के अध्यक्ष सम्मिलित हो रहे हैं।

### 80 पुलिसकर्मियों को मिलेगा प्रशस्ति पत्र

**विसं भोपाल।** मध्य प्रदेश के 80 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को डीजीसीआर (महानिदेशक प्रशस्ति पत्र) से सम्मानित किया जाएगा। सम्मान प्रदेश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी समर्पित सेवा के लिए दिया जाता है। पुलिस महानिदेशक विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले 80 पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को प्रशस्ति प्रमाण-पत्र और डिस्क प्रदान करेंगे। जिन अधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें एआईजी विशेष शाखा विनीता मालवीय, एआईजी विशेष शाखा आभा तिर्की, एएसपी मऊगंज सारिका शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक उज्जैन दिलीप सिंह परिहार, आरआई भोपाल जय सिंह तोमर, उप निरिक्षक जिला विशेष शाखा भोपाल संतोष कुमार द्विवेदी समेत अन्य अधिकारी व कर्मी शामिल हैं।

# दो नए मेडिकल कॉलेज होंगे शुरू एमबीबीएस की 200 सीटें बढ़ेंगी

## श्योपुर व सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में दूसरे राउंड से मिलेगा प्रवेश, मेडिकल कॉलेजों की संख्या होगी 31

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में दो नए मेडिकल कॉलेज शुरू होने जा रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा सोमवार को जबलपुर में श्योपुर और सिंगरौली मेडिकल कॉलेज का लोकार्पण करेंगे। लोकार्पण के बाद नीट यूजी स्टेट लेवल काउंसलिंग के दूसरे चरण में इन कॉलेजों में प्रवेश दिया जाएगा। संचालक चिकित्सा शिक्षा मप्र के अधिकारियों ने बताया कि अभी एनएमसी ने मान्यता जारी नहीं है, लेकिन निरीक्षण हो चुका है। राज्य सरकार द्वारा एमबीबीएस की 150-150 सीटों की मान्यता आवेदन किया है। उम्मीद है कि 100-100 सीटों की मान्यता मिल जाएगी। एमबीबीएस सीटों की मान्यता आने के बाद श्योपुर और सिंगरौली मेडिकल कॉलेज में काउंसलिंग के दूसरे चरण से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। पिछले शैक्षणिक सत्र में नीमच, मंदसौर और सिवनी मेडिकल कॉलेज की मान्यता भी दूसरे राउंड में आई थी और उसी राउंड से प्रवेश दिए गए थे।

### सरकारी कॉलेज में सीटों की संख्या

| कॉलेज | कुल सीट | कोटा के बाद बची सीट |
|---|---|---|
| 1 जीएमसी भोपाल | 250 | 173 |
| 2 गजराराजा, ग्वालियर | 200 | 138 |
| 3 एमजीएम इंदौर | 250 | 176 |
| 4 एनएससीबी, जबलपुर | 250 | 173 |
| 5 एसएस रीवा | 150 | 105 |
| 6 बुंदेलखंड, सागर | 25 | 90 |
| 7 मेडिकल कॉलेज रतलाम | 180 | 129 |
| 8 एबीएमसी, विदिशा | 180 | 127 |
| 9 मेडिकल कॉलेज दतिया | 120 | 86 |
| 10 मेडिकल कॉलेज खंडवा | 120 | 86 |
| 11 मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा | 100 | 71 |
| 12 मेडिकल कॉलेज शहडोल | 100 | 71 |
| 13 मेडिकल कॉलेज शिवपुरी | 100 | 72 |
| 14 मेडिकल कॉलेज सतना | 150 | 106 |
| 15 मेडिकल कॉलेज मंदसौर | 100 | 71 |
| 16 मेडिकल कॉलेज सिवनी | 100 | 72 |
| 17 मेडिकल कॉलेज नीमच | 100 | 72 |
| कुल सीटों की संख्या | 2575 | 1817 |






### निजी मेडिकल कॉलेज में सीट

| कॉलेज | कुल सीट | कोटा के बाद बची सीट |
|---|---|---|
| 1 पीपुल्स भोपाल | 250 | 191 |
| 2 एलएन भोपाल | 250 | 191 |
| 3 चिरायु भोपाल | 250 | 191 |
| 4 अरबिंदो इंदौर | 250 | 191 |
| 5 आर्डीगार्डी उज्जैन | 150 | 114 |
| 6 आरकेडीएफ भोपाल | 150 | 115 |
| 7 अमलतास, देवास | 250 | 114 |
| 8 एलएनसीटी इंदौर | 100 | 76 |
| 9 सुख सागर, जबलपुर | 150 | 114 |
| 10 महावीर, भोपाल | 150 | 114 |
| 11 रामकृष्ण भोपाल | 150 | 115 |
| 12 सत्य सांई, सीहोर | 100 | 76 |
| कुल सीटों की संख्या | 2200 | 1679 |



### 31 कॉलेज, 4975 होंगी सीटें

दो नए मेडिकल कॉलेज खुलने से मप्र में मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 31 हो जाएगी। अभी कॉलेजों की संख्या 29 है। इसमें 17 सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं और 12 निजी कॉलेज हैं। दो नए कॉलेज खुलने से सरकारी मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़कर 21 पर पहुंच जाएगी। इसी प्रकार एमबीबीएस की सीटों की संख्या वर्तमान में 4775 है, जो बढ़कर 4975 पर पहुंच जाएगी। वर्तमान में 17 सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस सीटों की संख्या 2575 और 12 निजी मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या 2200 है।

### पीपीपी मोड पर खुलेंगे चार नए कॉलेज

मप्र में चिकित्सा शिक्षा को नया आयाम मिलने वाला है। अभी तक सरकारी और निजी मेडिकल कॉलेज प्रदेश में संचालित हो रहे थे। अब इसमें पीपीपी मोड (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) का अध्याय भी जुड़ने जा रहा है। सोमवार को केंद्रीय मंत्री नड्डा मप्र में पीपीपी मोड पर चार मेडिकल कॉलेजों के साथ हस्ताक्षर साइन करेंगे। यह कॉलेज धार, बैतूल, पन्ना और कटनी में खुलेंगे। पीपीपी मोड के तहत प्रदेश में कुल 12 मेडिकल कॉलेज खुलना है। इस योजना के तहत राज्य सरकार को एक रुपए में 25 एकड़ जमीन उपलब्ध करा रही है। इस जमीन पर निजी फर्म द्वारा मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग का निर्माण करने के बाद उस कॉलेज को जिला अस्पताल से अटैच कर दिया जाएगा। जिससे निजी फर्म के ऊपर अस्पताल खोलने का भार नहीं रहेगा।

## राजपत्रित अधिकारी संघ पर आपका अपना पैनल का कब्जा

**जागरण, भोपाल।** आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ चुनाव में आपका अपना पैनल ने कब्जा जमा लिया है। संजय कुमार रामटेके को संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी का अध्यक्ष और गोविंद खंडेलवाल को क्षेत्रीय कार्यकारिणी का अध्यक्ष चुना गया है। डॉ. दीपक कुमार को महासचिव और राघवेंद्र पटेल को क्षेत्रीय सचिव चुना गया है। कालिका प्रसाद को वित्त सचिव बनाया गया है। इंदौर में हुए चुनाव के लिए आयकर अधिकारियों की टीम गुरुवार और शुक्रवार को चुनाव कार्यक्रम और संवाद में शामिल होने पहुंची थी। यह चुनावी मुकाबला आयकर राजपत्रित अधिकारी संघ मप्र-छत्तीसगढ़ की 48वीं बीजीएम के लिए हुआ है। तीनों इकाइयों के लिए दो पैनल बनाकर चुनाव लड़ा गया है। पहला पैनल आपका अपना पैनल और दूसरा सेवा संकल्प पैनल रहा है। बताया गया कि केंद्रीय इकाई में अध्यक्ष और महासचिव का चुनाव होता है। इसके साथ ही दो उपाध्यक्ष, अपर सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष और 5 सहायक सचिव चुने जाते हैं। क्षेत्रीय इकाई में क्षेत्रीय सचिव का पद महत्वपूर्ण होता है।

## महिला ने आवाज लगाई तो काफिला रोक भुट्टा खाने पहुंच गए सीएम



**विसं , भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उस वक्त अचानक अपना काफिला रुकवा दिया, जब उन्हें भदभदा के पास एक महिला ने भुट्टे खाने के लिए आवाज लगाई। दअसल सीएम भदभदा पुल से निकल रहे थे, तभी वहां भुट्टा बेच रही एक महिला ने उनसे भुट्टा लेने का आग्रह किया। वाहन रुकते ही डॉ. यादव ठेले पर पहुंचे और महिला से संवाद किया। फिर उन्होंने भुट्टा खाया और अपने साथ ले भी गए। यहां उन्होंने महिला से पूछा कि उसे लाड़ली बहना योजना का पैसा मिलता है, राशि समय पर आती है। उन्होंने महिला से बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित भी किया। सीएम की इस संवेदनशीलता को सभी ने सराहा।

# 'सिंधिया को लगता था दिग्विजय चला रहे सरकार '

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में कमलनाथ सरकार को गिरे लगभग पांच साल से ज्यादा का वक्त हो गया, लेकिन इसे लेकर अभी भी राजनीतिक बयानबाजी हो रही है। इस मामले को लेकर राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के बयान पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के चलते मेरी सरकार गिरी है। गौरतलब है कि पिछले दिनों दिग्विजय सिंह का एक बयान सामने आया था, जिसमें उन्होंने कमलनाथ सरकार के गिरने के कारण गिनाए थे। उनके इस बयान का रविवार को कमलनाथ ने सोशल मीडिया में पोस्ट के जरिए जवाब दिया है।

### कमलनाथ ने समझौते का पालन नहीं किया: सिंह



पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने कमलनाथ सरकार को गिरने को लेकर कहा था कि हमें जिन पर पूरा भरोसा था, उन्हीं ने धोखा दिया। यह आइजियोलॉजिकल क्लैश नहीं था, बल्कि क्लैश ऑफ पर्सनालिटी था। उन्होंने कहा कि अगर कमलनाथ ग्वालियर चंबल संभाग से जुड़ी मांगों को मान लेते, तो शायद सरकार गिरने की नौबत नहीं आती। दिग्विजय सिंह ने कहा कि कमलनाथ ने सिंधिया से किए गए समझौते का पालन नहीं किया। यही वजह थी कि मामला सुलझ नहीं पाया और कांग्रेस की सरकार गिर गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि मेरा न तो माधवराव सिंधिया से विवाद था और न ही ज्योतिरादित्य सिंधिया से। समस्या समझौते के अमल न होने की थी।

### पुरानी बातें उखाड़ने से कोई फायदा नहीं: नाथ



दिग्विजय सिंह के इस बयान पर रविवार को पूर्व सीएम कमलनाथ ने अपने सोशल मीडिया के प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि मध्यप्रदेश में 2020 में मेरे नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार गिरने को लेकर हाल ही में कुछ बयानबाजी की गई है। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि पुरानी बातें उखाड़ने से कोई फायदा नहीं। लेकिन यह सच है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के अलावा ज्योतिरादित्य सिंधिया को यह लगता था कि सरकार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं। इसी नाराजगी में उन्होंने कांग्रेस के विधायकों को तोड़ा और हमारी सरकार गिरायी।

# अंदर राहुल की लगी पाठशाला, बाहर नारेबाजी



**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस के नए जिलाध्यक्षों ने रविवार को नई दिल्ली में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे की क्लास में संगठन को कैसे चलाना है, इसका पाठ सीखा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मुख्यालय के सभागार में जिस वक्त नेता जिलाध्यक्षों को सबक सिखा रहे थे, तो उसी वक्त बाहर नियुक्तियों का विरोध कर रहे कार्यकर्ता नारेबाजी कर रहे थे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के नवनिर्वाचित 71 जिलाध्यक्षों को रविवार को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संगठन के रोडमैप को लेकर संबोधित किया। नेताओं ने जिलाध्यक्षों को कांग्रेस के सिद्धांतों, संगठन की मज़बूती और लोकतंत्र की रक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया। हम लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए हर हाल में संघर्ष करेंगे।

### अनुशासन की कमी है पार्टी में : राहुल

जिलाध्यक्षों को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने स्वीकार किया कि पार्टी संगठन में अनुशासन की कमी है। हमें इस दिशा में काम करना होगा। हमें हर हाल में अनुशासन को लागू करना है। इस दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे है।उन्होंने कहा कि मैंने किसी को भी जिलाध्यक्ष नहीं बनाया है। संगठन सृजन अभियान के तहत पर्यवेक्षकों ने जो रिपोर्ट दी, उसी आधार पर जिलाध्यक्ष बनाए गए है। पार्टी ने कुछ बड़े नेताओं को इसकी जिम्मेदारी दी है,जिस पर उन्होंने सहमति जताते हुए चुनौती स्वीकार की,जबकि कुछ नेताओं ने इस मौके को खोया है। राहुल ने कहा कि जिलाध्यक्ष पार्टी का आधार बनेंगे, उनकी अनुशंसा से ही स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों में टिकट दिया जाएगा।यदि जिलाध्यक्ष किसी बड़े नेता के बारे में असहमति नहीं देंगे,तो उन्हें टिकट नहीं दिया जाएगा।

### ज्यादा ताकत, ज्यादा काम: खरगे



इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी जिस तरह से जिलाध्यक्षों को पहले की अपेक्षा ज्यादा ताकतवर बना रही है, उसी तरह उन्हें ज्यादा काम करना होगा। उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्षों को पार्टी का आधार स्तम्भ बनना होगा। उन्हें चुनौती स्वीकार करनी होगी। हमारी सभी जिलाध्यक्षों पर नजर होगी। हम उनके सभी कामों पर देखेंगे और बेहतर काम होने पर उन्हें सराहा भी जाएगा।

### हम सबकुछ समर्पित करने को तैयार: जीतू



बैठक के उपरांत पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि टीम मध्यप्रदेश ने यह विश्वास दिलाया कि हम प्राण-प्रण से कांग्रेस की मज़बूती और सिद्धांतों की स्थापना के लिए अपना सब कुछ समर्पित करेंगे। यह टीम अनुभव और ऊर्जा का अद्भुत संगम है, जो हर साज़िश का मुकाबला करने और हर लड़ाई जीतने की क्षमता रखती है। लोकतंत्र और संविधान बचाने की इस निर्णायक लड़ाई को हम हर हाल में लड़ेंगे और विजय हासिल करेंगे।

## हर माह नवाचार के तरीके सीखेंगे शिक्षक

# अब 105 से ज्यादा छात्रों पर स्कूल को मिलेंगे चार शिक्षक

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्कूलों अध्यापन व्यवस्था दुरस्त करने के लिए उप सचिव स्कूल शिक्षा ने स्कूलों की पद संरचना में संशोधित आदेश जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने पिछले साल जुलाई में पहली से बारहवीं तक नवीन पद संरचना जारी की थी। उक्त पद संरचना में कुछ कमियां सामने आई थीं, जिन्हें दुरुस्त किया गया है। प्रदेश के प्राइमरी स्कूलों में अब 90 बच्चों से ज्यादा होने पर ही तीन शिक्षक दिए जाएंगे। पहले इसकी सीमा 75 बच्चों तक थी। वहीं चार शिक्षक 105 से अधिक विद्यार्थियों के होने पर दिए जाएंगे। 121 से 200 विद्यार्थियों तक पांच शिक्षक होंगे। 150 से अधिक विद्यार्थी होने पर पांच शिक्षक व एक प्रधानाध्यपक रहेगा। 200 से अधिक विद्यार्थी होने पर छात्र (40)- शिक्षक (1) अनुपात (प्रधानाध्यापक को छोड़कर) होगा। प्रदेश के सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को नवाचार सिखाने के स्कूल शिक्षा विभाग ने शेड्यूल बदला है। साल में एक बार ट्रेनिंग के बजाय अब शिक्षकों को हर माह सिखाया जाएगा। इसके लिए हर माह आठ घंटे शिक्षकों की क्लास लगेगी, जिसमें वे नवाचार सीखेंगे। प्रदेश के एक लाख शिक्षकों के लिए यह व्यवस्था होने जा रही है। इससे सरकारी स्कूलों के विद्याथी भी हर माह पढ़ाई के तरीके से अपडेट होंगे।



### समस्याओं को सुलझाने पर रहेगा पूरा फोकस

स्कूल शिक्षा विभाग दसवीं और बारहवीं कक्षा पर जोर दे रहा है। ऐसे में पढ़ाने के तरीकों में डिजिटल माध्यम की सीख भी दी जाना है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक परीक्षा से एक माह पहले तक यह सीख जारी रहेगी। शिक्षकों के जरिए बच्चों का रिजल्ट सुधारने की कोशिश है। अपर संचालक लोक शिक्षण कामना आचार्य ने इसके निर्देश जारी किए हैं। सभी जिला अधिकारियों को इसकी व्यवस्था करने के लिए कहा गया है। समय सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े पांच बजे तक रहेगा।

## सीएचओ की बहाली: एनएचएम को 15 दिन का दिया अल्टीमेटम

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ (एनएचएम) की रविवार को भोपाल के ठेंगड़ी भवन में बैठक हुई। भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले हुई बैठक में संविदा स्वास्थ्यकर्मियों की विभिन्न मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में आव्हान किया गया कि यदि शासन ने निष्कासित 7 सीएचओ, 2 बीपीएम व अन्य की बहाली नहीं की तो संघ आंदोलन करेगा। जिसमें 9 से 11 सितंबर तक सभी जिलों, ब्लॉक में कलेक्टर, विधायक और सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। इसके बाद 16 सितंबर को प्रदेश के 32000 संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी भोपाल भरो आंदोलन के तहत एनएचएम कार्यालय का घेराव करेंगे।

**घोषणाएं अधूरी:** पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जो घोषणाएं की थीं वो अधूरी हैं। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी मांगों को लेकर विगत कई सालों से शासन से मांग कर रहे हैं।

## फीस कमेटी में ओएसडी के अभाव में अटक गए लाखों के भुगतान

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति में ओएसडी के अभाव में प्रशासनिक समस्याएं आ रही हैं। यहां तक फीस कमेटी अध्यक्ष तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से कई बार गुहार लगा चुके हैं, लेकिन उन्होंने नियुक्ति आदेश जारी नहीं किए। इससे फीस कमेटी की आर्थिक स्थिति खड़खड़ा गई है। यहां पदस्थ अधिकारी और कर्मचारियों के जलपान करने तक के लाले पड़ गए हैं। लाखों के बिल भुगतान के लिए अटके पड़े हुए हैं।

ओएसडी देव आनंद हिंडोलिया ने 30 जुलाई को फीस कमेटी को अलविदा कह दिया था। उन्हें राजभवन ने अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय के कुलगुरु के तौर पर पदस्थ कर दिया है। ओएसडी की कुर्सी 24 दिन से रिक्त है। इसके चलते फीस कमेटी के बिजली के बिल, टेलीफोन के बिल, आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन के अलावा अतिथि के स्वागत सत्कार के लिए स्वल्प आहार की खरीदी तक की राशि फीस कमेटी में नहीं बची है। 24 दिन में तकनीकी शिक्षा विभाग एक ओएसडी की तलाश कर फीस कमेटी में नियुक्त नहीं कर पाया है। जबकि फीस कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र रामचंद्र कान्हेरे कई बार विभागीय मंत्री परमार से ओएसडी नियुक्त करने के लिए कह चुके हैं। यहां तक उनके बंगले पर पहुंचकर मौजूदा स्थिति तक से अवगत करा दिया था। इसके बाद भी ओएसडी की नियुक्ति नही को सकी है।

### एक दर्जन प्रोफेसर ओएसडी की कतार में

करीब एक दर्जन प्रोफेसर फीस कमेटी का ओएसडी बनने कतार में हैं। भोपाल के आधा दर्जन और एक दर्जन से ज्यादा अन्य जिलों के इंजीनियरिंग कालेजों में पदस्थ प्रोफेसर ओएसडी बनने का सपना देख रहे हैं। वर्तमान में फीस कमेटी को फार्मेसी और मेडिकल के साथ नर्सिंग कालेजों की आगामी तीन सत्रों की फीस निर्धारित करना है।

## निर्णय

## सरकार 7500 पदों पर नियुक्ति कर प्रदेश में पुलिस कर्मियों की कमी करेगी दूर

# तीन साल में पुलिस विभाग में कोई पद नहीं रहेगा खाली

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अगले तीन साल में मध्यप्रदेश पुलिस में कोई भी रिक्त पद नहीं रहेगा। इस दौरान सरकार 7500 पदों पर नियुक्ति कर पुलिस कर्मियों की कमी को दूर करेगी। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में 2.50 लाख शासकीय पदों पर भर्ती करेंगे। हम 1 लाख पदों पर भर्ती करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को श्यामला हिल्स स्थित हिन्दी भवन में फूल माली समाज के राज्यस्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित करने के उपरांत अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं। इनमें निहित असीमित प्रतिभाओं को निखारना और आगे बढ़ाना हम सबका दायित्व है। बच्चों और युवाओं की प्रतिभाएं ही देश को विकास पथ पर आगे ले जाती है। बच्चे खूब पढ़े-लिखें और अपना भविष्य संवारें, सरकार हर घड़ी उनके साथ खड़ी है। प्रायमरी कक्षा से लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को हमारी सरकार छात्रवृत्ति दे रही है। सबके रोजगार की व्यवस्था भी हम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि फूल-माली समाज के व्यवसाय को बढ़ाने के लिए हमारी सरकार पुष्प कलाकारी (फ्लॉवर डेकोरेशन) को बढ़ावा दे रही है। पुष्प और संस्कार दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जिस तरह फूल सभी को प्रिय हैं, उसी प्रकार फूल-माली समाज भी सबका प्रिय है। खेती-किसानी और बागवानी का चोली-दामन का साथ है। राच्य सरकार सबका साथ-सबका विकास के साथ-साथ सबका विश्वास-सबका प्रयास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। विकास की धारा से किसी भी समाज को वंचित नहीं रहने दिया जाएगा।



### टूरिज्म कॉन्क्लेव का मिलेगा सीधा लाभ

ग्वालियर में दो दिवसीय टूरिज्म कॉन्क्लेव 29 अगस्त को प्रारम्भ होगा। जिसमें सीएम डॉ. यादव निवेशकों से रू-ब-रू होकर प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं से अवगत करा कर सीधा संवाद भी करेंगे। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राच्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्वालियर में रीजनल टूरिच्म कॉन्क्लेव आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति एवं प्रबंध संचालक टूरिच्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि कॉन्क्लेव में होटल, रिसोर्ट, वेलनेस और ईको-टूरिच्म क्षेत्र के निवेशकों को लेटर ऑफ अवॉर्ड (स्न्न्र) प्रदान किए जाएंगे। साथ ही एमओयू एवं अनुबंध भी होंगे।

### कीर समाज की राजधानी में होगी पंचायत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जो समाज संगठित होकर कार्य करता है, वह इतिहास बनाता है। कीर समाज को भगवान श्रीराम की चरण रज प्राप्त हुई और समाज बंधुओं ने भगवान श्रीराम को भवसागर पार करवाया। उस समाज ने बदले में भगवान श्रीराम से कुछ नहीं मांगा। बस जीवन की वैतरणी पार करने का आशीर्वाद मांगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कीर समाज की एक राच्य स्तरीय पंचायत शीघ्र ही राजधानी में आयोजित की जाएगी।अपने निवास से उच्जैन में हुए कीर समाज के महासम्मेलन को वर्चुअल संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि कीर समाज ने भगवान श्रीराम को मनुष्य के बजाय भगवान के रूप में पहचाना था। आज समाज प्रगति के मार्ग पर है। शिक्षा के प्रसार और नशा मुक्ति जैसे रचनात्मक कार्यों से समाज जुड़ा है। मुख्यमंत्री ने महासम्मेलन में उपस्थित अनेक बहनों से संवाद भी किया और लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में चर्चा की।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### ट्रंप टैरिफ का भारतीय...

ने ये भी बताया है कि भारत के बढ़ते फिस्कल डेफिसिट और सरकारी कर्ज का दबाव क्रेडिट वीकनेस का कारण है। वर्ल्ड बैंक ने जीडीपी ग्रोथ अनुमान 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा

वर्ल्ड बैंक ने जून में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.3 फीसदी पर बरकरार रखा था। पिछले वर्ष यह 6.5 फीसदी थी। अप्रैल में वर्ल्ड बैंक ने 2025-26 के लिए भारत के विकास अनुमान को जनवरी के 6.7 फीसदी से घटाकर 6.3 फीसदी कर दिया था। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में भारत की 2026-27 की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। वर्ल्ड बैंक ने यह भी कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

### उपचार से ज्यादा लोग...

से स्वास्थ्य सुधार के लिए तैयार की गई योजनाओं, स्वास्थ्य कार्यक्रमों को मप्र में अभूतपूर्व तरीके से अमलीजामा पहनाया जा रहा है। प्रदेश का प्रदर्शन देश के दूसरे राज्यों के लिए एक उदाहरण बन रहा है। पहले हमारी स्वास्थ्य नीति क्योरेटिव थी अर्थात बीमारी के बाद उसका इलाज करना। अब पीएम मोदी के नेतृत्व में होलिस्टिक पॉलिसी बनी है, जिसमें प्रिवेंटिव क्योर, हेल्थ प्रमोशन जैसी बातों पर ध्यान दिया गया। एक लाख 77 हजार आरोग्य मंदिरों में डेंटल केयर, मेंटल केयर, कैंसर जैसी बीमारियों की स्क्रीनिंग शुरू की गई। 30 साल से अधिक उम्र के हर व्यति की आरोग्य मंदिर के माध्यम से हेल्थ स्क्रीनिंग शुरू की गई।

**बटन दबाकर किया वचुर्अली लोकार्पण :** केंद्रीय मंत्री नड्डा और सीएम डॉ. यादव ने रिमोट का बटन दबाकर श्योपुर, सिंगरौली जिले में नवनिर्मित नवीन शासकीय मेडिकल कॉलजों का वर्चुअली लोकार्पण किया। नड्डा ने दोनों मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस कोर्स की 100-100 सीटों के प्रवेश के लिए केंद्र की ओर से लैटर ऑफ परमिशन भी राज्य सरकार को दिया। उन्होंने कहा, इसके जरिए इन दोनों मेडिकल कॉलेज के संचालन और प्रवेश प्रक्रिया भी आज से ही प्रारंभ कर दी गई है। उनकी मौजूदगी में बैतूल, पन्ना, धार और कटनी जिले में पीपीपी मॉडल पर स्थापित होने वाले नए शासकीय मेडिकल कॉलज के लिए संबंधित निवेशक समूहों के साथ अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान भी किए गए।

**वय वंदना कार्ड का वितरण:** केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 8 लाख पात्र वरिष्ठ नागरिकों को 'वय वंदना कार्ड' के वितरण कार्य का शुभारंभ करते हुए 5 वरिष्ठ नागरिकों को पीवीसी कार्ड सौंपे। रिमोट का बंटन दबाकर 'आयुष्मान सखी' स्मार्ट चैटबॉट और आशा संवाद कार्यक्रम की शुरुआत भी की। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचार के बारे में जानकारी दी। पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह, स्पीकर नरेंद्र सिंह तोमर (वर्चुअली), लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल सहित दूसरे बडे नेता और विभागीय वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# मेड इन इंडिया एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण

## डीआरडीओ को बड़ी कामयाबी और मजबूत होगी भारत की रक्षा प्रणाली

**बालेश्वर, जेएनएन।** भारतीय डीआरडीओ यानी की रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने ओडिशा के तट से एकीकृत हवाई रक्षा हथियार प्रणाली का पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उड़ान परीक्षणों के लिए को विकसित करने वाली रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और सशस्त्र बलों से जुड़े समस्त टीमों को बधाई दिया है। प्राप्त खबर के अनुसार स्वदेशी हवाई रक्षा प्रणाली का शनिवार को आधी रात के बाद ओडिशा तट से पहला उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक किया गया। नई हवाई रक्षा प्रणाली का उड़ान परीक्षण ऑपरेशन सिंदूर के साढ़े तीन महीने बाद हुआ है। आईएडीडब्ल्यूएस एक बहु स्तरीय हवाई रक्षा प्रणाली है। जिसमें त्वरित प्रतिक्रिया वाली सतह से हवा में मार करने वाली तथा सभी स्वदेशी मिसाइल, बहुत कम दूरी की हवाई रक्षा प्रणाली मिसाइल और उच्च शक्ति वाली लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार प्रणाली शामिल है।

**2026**
**तैनाती**
इसे 2026 तक पूरी तरह चालू करने का लक्ष्य है। लागत करीब 50,000 करोड़ अनुमानित है।

**150**
**ऊंचाई**
किलोमीटर तक हवा में मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर सकता है।

**क्या है एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली**

बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली है
IADWS

- QRSAM — त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल
- VSHORADS — उन्नत अति लघु दूरी वायु रक्षा प्रणाली
- DEW — उच्च शक्ति लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार



**2500** रेंज किलोमीटर तक दुश्मन की मिसाइलों को नष्ट करने की क्षमता।

**संरचना** यह एक ग्राउंड-बेस्ड और स्पेस-बेस्ड हाइब्रिड सिस्टम है, जिसमें सैटेलाइट और रडार नेटवर्क शामिल हैं।

**प्रौद्योगिकी:** इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लेजर-गाइडेड सिस्टम हैं, जो सटीक निशाना लगाते हैं।

**5** किलोमीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से मिसाइल दाग सकता है।

**एयर डिफेंस क्षमता नई ऊंचाई पर पहुंची**

इस प्रणाली से भारत की एयर डिफेंस क्षमता नई ऊंचाई पर पहुंच गई है। यह देश की महत्वपूर्ण सैन्य और औद्योगिक स्थापनाओं को दुश्मन के हवाई हमलों से सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाएगी। इसके सफल परीक्षण से भारत की रक्षा शक्ति के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी बड़ी मजबूती मिली है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भारत ने इसी सप्ताह अपनी अत्याधुनिक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-5' का भी सफल परीक्षण किया था। ओडिशा के चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से किए गए इस परीक्षण में 'अग्नि-5' ने सभी संचालनात्मक और तकनीकी मानकों को सफलतापूर्वक पूरा किया। इससे भारत की मिसाइल क्षमता में जबरदस्त इजाफा हुआ है।

# बारिश का कहर! राजस्थान में कई स्कूल बंद, सेना ने संभाला मोर्चा, जम्मू में 100 साल का रिकार्ड टूटा

### राजस्थान के 11 जिलों में भारी बारिश, 6 लोगों की मौत, जम्मू-पठानकोट हाईवे पर पुल टूटा, आवागमन बाधित

**जयपुर/जम्मू/श्रीनगर, जेएनएन।** राजस्थान में लगातार हो रही भारी बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। नागौर, बूंदी, झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, दौसा और सिरोही जिलों में बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। प्रशासन की तरफ से राहत और बचाव के लिए टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, वहीं कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। सवाई माधोपुर में जमीन का बड़ा हिस्सा धंस गया है। राहत-बचाव के लिए सेना बुलाई गई है। एयरफोर्स का एमआई-17 हेलिकॉप्टर भी तैनात किया गया है। जयपुर-सीकर समेत 11 जिलों में 1 से 3 दिन की स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है। उदयपुर में कुंवारी माइंस में पानी भर गया। इसमें डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई। वहीं, नागौर में मकान ढहने से 2 लोगों की मौत हो गई। नागौर में लगातार बारिश के कारण जिला कलेक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने आदेश जारी करते हुए 25 और 26 अगस्त को जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षा 1 से 12 तक अवकाश घोषित किया है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी दो दिन की छुट्टी रहेगी। आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आपदा प्रबंधन के तहत कार्रवाई होगी। इसी बीच नागौर के ईदास गांव में बारिश के कारण एक मकान गिर गया, जिसमें दो युवक भंवराराम और ओमप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए।



**जमीन का बड़ा हिस्सा धंसा**
सोशल मीडिया पर सवाई माधोपुर का 20 सेकेंड का वीडियो लोगों का ध्यान खींच रहा है। देखने पर नियाग्रा फॉल वाली फील दे रहे ये भारी बरसात या कहीं लगातार हो रही बारिश के चलते हुआ है। पानी का बहाव सीधे इसी धंसी जमीन में गिर रहा जिसे देखकर मानो लग रहा है कोई वॉटर फॉल है।



**बूंदी में सेना ने संभाला मोर्चा**
बूंदी के पचिपला क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। भारतीय सेना ने मोर्चा संभालते हुए चार नावों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। 17 राजपुताना राइफल्स के जवानों और 115 इंजीनियर रेजिमेंट के अधिकारियों की टीम बाढ़ग्रस्त इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाल रही है।



**तवी पुल के पास मंदिर से सटी सड़क धंसी**
तवी पुल के पास सड़क का एक हिस्सा धंस गया, जबकि जम्मू बस स्टैंड के निकास द्वार पर बनी एक पुलिया भी भारी बारिश के कारण ढह गई। नदियों और नालों के उफान पर होने से निचले इलाकों में स्थिति और बिगड़ गई। जहां बाढ़ का पानी घरों में घुस गया। कई जगहों पर दीवारें और दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।



### जम्मू में बारिश से कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात, जम्मू-कश्मीर में बारिश ने बड़ी तबाही

जम्मू-कश्मीर में रविवार को बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए। जम्मू-पठानकोट नेशनल हाईवे पर एक पुल टूट गया। वहीं अधिकारियों ने लोगों को नदियों से दूर रहने की चेतावनी दी है। बारिश के कारण आईआईआईएम के 45 विद्यार्थियों को सुरक्षित निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू में पिछले 24 घंटों में सुबह 8.30 बजे तक 190.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। अगस्त के महीने में इतनी बारिश 100 सालों में दूसरी बार हुई है। इससे पहले 5 अगस्त 1926 को 228.6 मिमी बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने 27 अगस्त तक मध्यम से तेज बारिश की चेतावनी दी है। ऊंचाई वाले इलाकों में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन का खतरा है।

**24 घंटे में 190 मिमी बारिश**
जम्मू में लगातार भारी बारिश हो रही है। आलम यह है कि पिछले 24 घंटों में सुबह 8.30 बजे तक 190.4 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। अगस्त के महीने में अब तक हुई इस तरह की बारिश सदी में दूसरी बार हुई है।

### पणजी में स्वर्ण जयंती समारोह में बोले सीजेआई

# मेहनत से तय होती है सफलता परीक्षा के अंकों से नहीं: गवई

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चीफ जस्टिस बी आर गवई ने शनिवार को कहा कि पेशेवर जीवन में सफलता का स्तर परीक्षा परिणामों से नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, समर्पण और काम के प्रति प्रतिबद्धता से निर्धारित होता है। उन्होंने याद किया कि वह एक प्रतिभाशाली छात्र थे, लेकिन कक्षाएं छोड़ देते थे। प्रधान न्यायाधीश ने पणजी के निकट मीरामार में वी एम सलगांवकर कॉलेज ऑफ लॉ के स्वर्ण जयंती समारोह में कहा कि कानूनी शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन आया है। उन्होंने लॉ कॉलेज के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा, परीक्षा में अपने रैंक पर मत जाइए, क्योंकि ये परिणाम यह निर्धारित नहीं करते कि आप किस स्तर की सफलता प्राप्त करेंगे। आपका दृढ़ संकल्प, कड़ी मेहनत, समर्पण और पेशे के प्रति प्रतिबद्धता ही मायने रखती है। प्रधान न्यायाधीश गवई ने कहा कि वह एक असाधारण छात्र थे, लेकिन अक्सर कक्षाएं छोड़ देते थे। उन्होंने कहा, लेकिन हमारी नकल करने की कोशिश नहीं करें। उन्होंने याद किया कि जब वह मुंबई के सरकारी लॉ कॉलेज में पढ़ते थे, तो वे कक्षाएं छोड़कर कॉलेज की चारदीवारी पर बैठते थे और कक्षा में उनकी हाजिरी उनके मित्र लगाते थे।



# जस्टिस पार्डीवाला के 3 आदेशों पर सीजेआई को करना पड़ा हस्तक्षेप

**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक महीने से भी कम समय में जस्टिस जमशेद बुर्जोर पार्डीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ के तीन आदेशों से सुप्रीम कोर्ट असमंजस में पड़ चुका है। इस कारण सीजेआई बीआर गवई को इन मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ा। वरिष्ठता क्रम के अनुसार जस्टिस पार्डीवाला मई, 2028 में दो वर्ष के लिए प्रधान न्यायाधीश का पदभार ग्रहण करेंगे। वह नौ मई, 2022 से शीर्ष अदालत में न्यायाधीश हैं।

**2028 में बनेंगे चीफ जस्टिस**

**आवारा कुत्तों पर आदेश:** आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज होने की बेहद गंभीर स्थिति को देखते हुए जस्टिस पार्डीवाला की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली-एनसीआर के अधिकारियों को सभी आवारा कुत्तों को जल्द आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। इस आदेश की कुत्ता प्रेमियों और कई पशु कल्याण संगठनों ने आलोचना की थी, जिस कारण गवई को यह मामला जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ को सौंपना पड़ा। इस पीठ ने 22 अगस्त को पूर्व के निर्देश को बेहद कठोर बताते हुए कुत्तों को नसबंदी के बाद छोड़ने का आदेश दिया।

**हिमाचल में पारिस्थितिक असंतुलन:** जस्टिस पार्डीवाला, आर. महादेवन की पीठ ने 28 जुलाई को हिमाचल में पारिस्थितिक असंतुलन की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा, अगर हालात ऐसे ही रहे, तो वह दिन दूर नहीं जब हिमाचल प्रदेश नक्शे से गायब हो जाएगा। ईश्वर न करे, ऐसा न हो। यह मामला भी जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ को सौंप दिया गया है।

**हाईकोर्ट जज के विरुद्ध टिप्पणियां:** जस्टिस पार्डीवाला ने एक दीवानी विवाद में आपराधिक कार्रवाई की अनुमति देने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज प्रशांत कुमार की आलोचना की थी और सेवानिवृत्ति तक आपराधिक मामले छीन लेने का आदेश दिया था। शीर्ष कोर्ट के कई वरिष्ठ जजों ने इस पर नाराजगी जताई थी। इस पर गवई ने पार्डीवाला को टिप्पणियों पर पुनर्विचार करने को कहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### आरएसएस बैठक 5 से

# भाजपा अध्यक्ष के नाम पर जयपुर में लगेगी मुहर?

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के बदलाव को लेकर चर्चाएं एक बार फिर से तेज हो गई है क्योंकि अगले महीने राजस्थान के जोधपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 5 से 7 सितंबर तक तीन दिवसीय समन्वय बैठक आयोजित होने जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस बैठक में नए बीजेपी अध्यक्ष के नाम को लेकर भी चर्चा हो सकती है। इस तीन की बैठक में बीजेपी और आरएसएस के दिग्गज नेता शामिल होने जा रहे हैं। बैठक में आरएसएस के प्रमुख प्रमुख मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह, राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य और सभी कोऑर्डिनेटर मौजूद रहेंगे। वहीं बीजेपी की ओर से जेपी नड्डा, बीएल संतोष, सुनील बंसल, सौदान सिंह, शिवप्रकाश और वी सतीश जैसे नेता शामिल होंगे। इसके अलावा आरएसएस के उप-संगठनों के प्रमुख और आरएसएस के मेंबर्स भी इस अहम बैठक में शामिल होंगे। इसके अलावा, 32 संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

# इंडियन रेस्टोरेंट में आग दो संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** लंदन में शुक्रवार रात एक भारतीय रेस्टोरेंट में आग लगने की घटना सामने आई थी। इस हादसे में 5 लोग झुलस गए थे, जिसमें से 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। अब पुलिस में मामले में संदिग्ध 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक 15 साल का लड़का और दूसरा 54 साल का व्यक्ति शामिल है। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में कुछ नकाबपोश लोग रेस्टोरेंट में घुसते देखे गए। इन लोगों ने रेस्टोरेंट के फर्श पर कुछ लिक्विड डाला और इसके कुछ ही सेकेंड बाद रेस्टोरेंट्स आग की लपटों से घिर गया। वहां खाना खा रहे दो पुरुष और तीन महिलाएं इसमें झुलस गईं। घटना शुक्रवार रात की है। इलफोर्ड के गैंट्स हिल के वुडफोर्ड एवेन्यू स्थित इंडियन अरोमा रेस्टोरेंट में आग लग गई थी। आग के कारण रेस्टोरेंट बुरी तरह बर्बाद हो गया। लंदन फायर ब्रिगेड ने बताया कि रात 9.02 बजे आग लगने की सूचना मिली। दमकलकर्मियों के पहुंचने से पहले लगभग नौ लोग रेस्टोरेंट से बाहर निकलने में सफल रहे। वहीं 5 लोगों को बाद में रेस्क्यू किया गया।

# लोग वोट डालते हैं, पर प्रत्याशी तक नहीं पहुंचते: राज ठाकरे

**मुंबई, जेएनएन।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी वाले आरोपों का समर्थन किया है। पुणे में शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में राज ठाकरे ने कहा कि वोटिंग में गड़बड़ी का मुद्दा नया नहीं है। उन्होंने दावा किया कि इस बारे में उन्होंने साल 2016-17 में ही चेतावनी दी थी। राज ठाकरे ने कहा कि उस समय उन्होंने शरद पवार, सोनिया गांधी और ममता बनर्जी से मुलाकात की थी। यहां तक कि पिछ कॉन्फ्रेंस भी की गई थी, लेकिन विपक्ष ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ठाकरे बोले- मैंने तब कहा था कि लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करो। इससे यह मुद्दा दुनिया भर में सुर्खियां बनता और अंतराष्ट्रीय दबाव बनता, लेकिन सभी पीछे हट गए, आज राहुल गांधी ने इस मुद्दे को फिर उठाया है। लोग वोट डाल रहे हैं, लेकिन वोट उम्मीदवारों तक नहीं पहुंच रहे, वो चोरी हो रहे हैं। एमएनएस प्रमुख ने आगे कहा कि 2014 से अब तक सरकारें इसी चुनावी गड़बड़ी का फायदा उठाकर बनी हैं।



**वोटर लिस्ट पर गहराई से काम हो**
ठाकरे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का उदाहरण दिया और कहा- बीजेपी को 132 सीटें मिलीं, एकनाथ शिंदे को 56 और अजित पवार को 42 सीटें। इतने बड़े आंकड़ों के बावजूद ना जीतने वाले खुश थे और ना हारने वाले क्योंकि यह पूरा मामला वोटों की गड़बड़ी का था। राज ठाकरे ने कार्यकर्ताओं को आगाह करते हुए कहा कि आने वाले निकाय चुनावों में सतर्क रहना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि वोटर लिस्ट पर गहराई से काम किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी गड़बड़ी रोकी जा सके। ठाकरे ने चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा-आयोग ने राहुल से हलफनामा लिखने को कहा, जबकि राहुल विपक्ष के नेता हैं।

# इजरायल का यमन पर हवाई हमला

**सना, जेएनएन।** यमन की राजधानी सना में एक बार फिर इजरायल ने हमले किए हैं। रविवार तड़के इजरायली एयरफोर्स ने ये हमले किए हैं। हूती विद्रोहियों की ओर से इजराइल पर क्लस्टर बम दागे जाने के दो दिन बाद यह हमला हुआ है। हूतियों के अल-मसीरा चैनल ने सना में इजरायल के हमलों की सूचना दी है। इससे पहले 17 अगस्त को इजरायल ने सना पर हमला था। 17 अगस्त को इजरायल ने यमन के उर्जा ढांचे को निशाना बनाया था। रविवार के हमले पर इजरायल का बयान नहीं आया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने बीते 22 महीनों में कई बार इजराइल पर मिसाइल और ड्रोन दागे हैं। हूतियों ने लाल सागर में भी इजरायल के जहाजों को निशाना बनाया है। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में चल रहे युद्ध में फलस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए हमले किए हैं। शुक्रवार रात को यमन से इजरायल पर क्लस्टर बम वाली मिसाइल दागी गई थी। इजरायली अधिकारियों का कहना है कि हूती विद्रोही 2023 से लगातार उनके देश पर रॉकेट और मिसाइल दाग रहे हैं।



# तेजस्वी ने दी चिराग को शादी की सलाह




**राहुल बोले-ये मुझ पर भी लागू**

**अररिया, जेएनएन।** राहुल और तेजस्वी वोटर अधिकार यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के 8वें दिन दोनों नेताओं ने अररिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। एक पत्रकार ने सवाल करते हुए कहा कि चिराग पासवान कहते हैं कि तेजस्वी यादव कांग्रेस के पिछलग्गू हो गए हैं। इस पर तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं चाहता हूं कि मुद्दे पर बात हो। आज का मुद्दा लोकतंत्र है। लेकिन उन्हें सलाह जरूर देंगे कि वो मेरे बड़े भाई हैं, जल्द से जल्द शादी जरूर कर लें। हालांकि, इस दौरान मंच पर उनके साथ मौजूद राहुल गांधी ने कहा कि ये मेरे ऊपर भी लागू होता है। इस पर तेजस्वी ने कहा कि वो तो पापा कब से ही आपको कह रहे हैं शादी कर लीजिए।

**1 सितंबर को खत्म होगी यात्रा**
वोटर अधिकार यात्रा के दौरान 1300 किलोमीटर की यात्रा तय की जाएगी। यह यात्रा 17 अगस्त को सासाराम से शुरू हुई थी। यात्रा 16 दिनों की अवधि में 20 से ज्यादा जिलों से होकर गुजरेगी और 1 सितंबर को पटना में एक रैली के साथ समाप्त होगी।

# पाकिस्तानी गाने की कॉपी है परम सुंदरी फिल्म का गाना 'डेंजर'

**मुंबई, जेएनएन।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ भारत की नोक-झोंक के बारे में तो सभी जानते ही हैं। दोनों देशों के बीच तनाव भरे रिश्ते रहे हैं। हालांकि इस सब के बीच पाकिस्तानी गाने भारत में और बॉलीवुड के गाने पाकिस्तान में चाव से सुने जाते हैं। कई बार बॉलीवुड गानों को कॉपिड बताया गया है। हाल ही में ऐसा ही हुआ है जाह्नवी कपूर, सिद्धार्थ की फिल्म परम सुंदरी के साथ। मल्होत्रा और जाह्नवी की मचअवेटेड फिल्म परम सुंदरी का नया गाना डेंजर 21 अगस्त को रिलीज किया गया था। इस गाने को काफी पसंद किया गया, मगर रिलीज होते ही इस गाने पर चोरी के आरोप लग गए हैं।



सोशल मीडिया पर लोगों का कहना है कि डेंजर गाना पाकिस्तानी गाने लाल सूट से काफी मिलता-जुलता है। यह गाना 2023 में आई पाकिस्तानी ड्रामा मन्नत मुराद में दिखाया गया था। सोशल मीडिया पर लोग पाकिस्तानी गाने को खूब शेयर कर रहे हैं और खूब रिएक्शन दे रहे हैं। इस वजह से फिल्म परम सुंदरी की टीम को ट्रोल किया जा रहा है। हालांकि मेकर्स ने अभी तक इन दावों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। बता दें कि परम सुंदरी का गाना डेंजर सचिन-जिगर की जोड़ी ने कंपोज किया है जबकि विशाल ददलानी, पार्वती मीनाक्षी और सचिन-जिगर ने इस गाने में अपनी आवाज दी है।

### तकनीक — जस्ट ईट टेकअवे डॉट कॉम स्विस कंपनी राइवर के साथ मिलकर कर रही रोबोट का उपयोग

# एआई रोबोट्स डॉग्स कर रहे फूड डिलेवरी

**ज्यूरिख, जेएनएन।** स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर में अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है जैसे भारत में जोमाटो या स्विगी के डिलेवरी बॉय खाना डिलेवर करते हैं, वैसे ही यहां पर खाना डिलेवर करने का काम एआई रोबोट डॉग्स कर रहे हैं। यहां खाना पहुंचाने के लिए ना स्कूटर की जरूरत है, ना साइकिल की। डच कंपनी जस्ट ईट टेकअवे डॉट कॉम ने स्विस रोबोटिक्स कंपनी राइवर के साथ मिलकर खाना डिलीवर करने के लिए रोबोट डॉग्स का इस्तेमाल शुरू किया है। ये रोबोट्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लैस हैं।

**एआई रोबोट डॉग्स में क्या खासियत?:** एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, एआई रोबोट डॉग्स सामान्य डिलेवरी रोबोट से काफी अलग हैं। ये सिर्फ पहियों से नहीं चलते हैं, इनके पास पहिए और पैर दोनों हैं। इससे ये शहर की तंग गलियों और मुश्किल रास्तों पर आसानी से चल सकते हैं। इनमें फिजिकल एआई तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो इन्हें कई खासियतों से लैस करती है यूरोप के पुराने शहरों में कई इमारतों में सीढ़ियां होती हैं। ये रोबोट आसानी से सीढ़ियां चढ़ सकते हैं। ये पैदल चलने वाले लोगों, साइकिलों, गाड़ियों और डस्टबिन से बचकर निकल सकते हैं। ये विपरीत मौसम जैसे- बारिश, बर्फ, तेज हवा या गर्मी में काम कर सकते हैं।



**5 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड**
ये रोबोट 15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकते हैं और काफी मजबूत हैं। इन्हें रिमोट से भी कंट्रोल किया जा सकता है, ताकि डिलेवरी सुरक्षित रहे और पैदल चलने वालों को कोई परेशानी न हो। जस्ट ईट टेकअवे डॉट कॉम ने कहा है कि यह यूरोप की पहली कंपनी है, जो फिजिकल एआई वाले रोबोट डॉग्स का इस्तेमाल डिलेवरी के लिए कर रही है।

**ड्रोन डिलेवरी की तकनीक भी आ चुकी**
कंपनी पहले भी अनोखी तकनीक डेवलप कर चुकी है। आयरलैंड में ड्रोन डिलिवरी के लिए मन्ना ड्रोन लिमिटेड के साथ काम किया था। अब रोबोट डॉग्स को डिलिवरी बॉट बना दिया है। राइवर के सीईओ मार्को बेलमिक का कहना है कि यह प्रयोग भविष्य की एक झलक है। हमारा लक्ष्य है कि रोबोट हमारे शहरों का हिस्सा बन जाएं और लोगों को उनकी जरूरत का सामान समय पर मिले। फिजिकल एआई की मदद से हमारे रोबोट असल दुनिया की चुनौतियों को समझकर काम कर सकते हैं।

**ये काम भी कर सकते हैं एआई रोबोट डॉग्स:** रोबोट डॉग्स सिर्फ फास्ट फूड ही नहीं, बल्कि किराने का सामान, दवाइयां और कपड़े जैसी चीजें भी डिलीवर कर सकते हैं। जैसे-जैसे ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ रही है, वैसे-वैसे शहरों में डिलेवरी की मांग भी बढ़ रही है। ऐसे में ये रोबोट डिलेवरी को आसान और तेज बना सकते हैं।

# आरजीपीवी में छुट्टियों के घालमेल पर 'मेरी दिनचर्या' से कसी जाएगी लगाम

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि (आरजीपीवी) में छुट्टियों में घालमेल हो रहा है। प्रोफेसर और अधिकारी छुट्टियों पर जाते हैं और उसकी नोटशीट के साथ आवेदन लगाकर स्वीकृति प्रशासनिक भवन भेज देते हैं। अवकाश से आने के बाद फाइल को गायब कर दिया जाता है और प्रोफेसर और अधिकारी एक साथ पूरी उपस्थिति लगा देते हैं। इससे उनके अवकाश पूरे बच जाते थे। ऐसे कई प्रोफेसर और अधिकारियों की छुट्टियों का खुलासा हुआ है। ऐसे प्रोफेसर और अधिकारियों पर अंकुश लगाने के लिए, आरजीपीवी ने एक सितंबर से 'मेरी दिनचर्या' ऐप के माध्यम से अधिकारियों और प्रोफेसरों की उपस्थिति अनिवार्य तौर पर लगाने के आदेश जारी कर दिए हैं। हालांकि कर्मचारियों के लिए यह व्यवस्था स्वैच्छिक है। साल भर पहले शुरू हुए मेरी दिनचर्या ऐप की व्यवस्था अंततः रजिस्ट्रार डॉ. मोहन सेन ने आदेश जारी कर शुरू की है। डॉ. सेन ने बताया कि यह ऐप केवल अटेंडेंस तक सीमित नहीं है, बल्कि अधिकारियों और शिक्षकों के दिनभर का लेखा-जोखा इसमें होगा। अब अधिकारी और फैकल्टी मोबाइल पर मेरी दिनचर्या ऐप डाउनलोड करेंगे।

**ऐसे होगा छुट्टी का आवेदन**
मेरी दिनचर्या एप में प्रोफेसर और अधिकारी छुट्टी के लिए आवेदन कर पाएंगे। यहां उनकी स्वीकृति तत्काल मिल जाएगी। अभी तक अवकाश को फाइलें या तो गुम हो जाया करती थीं या फिर लंबित बनी रहती थीं। एप से अवकाश के आवेदन आरजीपीवी के डाटा में सुरक्षित बने रहेंगे। इससे प्रोफेसर और अधिकारियों का छुट्टी लेने का रिकार्ड भी बरकरार बना रहेगा।

**जानकारी रोज दर्ज करनी होगी**
एप में हर अधिकारी, कर्मचारी और प्रोफेसर स्वयं ही दिनभर की गतिविधियां प्रति घंटे की रिपोर्ट, कक्षा की संख्या, कार्य सूची आदि जानकारी प्रतिदिन 250 शब्दों में दर्ज करेंगे।

# सागर में 800 पेटी अवैध शराब से लदा ट्रक पकड़ा टीकमगढ़ प्रकरण से जुड़ते तार तलाश रही पुलिस

## प्रदेश में शराब तस्करी के नेटवर्क पर बड़ा सवाल, हाईप्रोफाइल घटनाओं ने बढ़ाई पुलिस की चिंता

जागरण, टीकमगढ़/सागर

प्रदेश में अवैध शराब तस्करी का नेटवर्क लगातार पुलिस और प्रशासन के लिए चुनौती बना हुआ है। ताज़ा मामला सागर जिले से सामने आया है, जहां बहेरिया थाना पुलिस ने रविवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब से भरा ट्रक पकड़ा। इस ट्रक में अंग्रेजी और देशी शराब की सैकड़ों पेटियां भरी थीं। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने में खड़ा कराया और देर रात तक शराब की गिनती चलती रही। सूत्रों का कहना है कि ट्रक की खेप अवैध रूप से लाई जा रही थी और इसका जखीरा प्रदेश के अलग-अलग जिलों में खपाया जाना था। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस बात का खुलासा नहीं किया है कि शराब किसकी है और कहां पहुंचाई जानी थी। फिलहाल दस्तावेजों की जांच और सप्लाई चैन का पता लगाने के लिए पुलिस की विशेष टीम बनाई गई है।

### कैसे पकड़ा गया शराब से भरा ट्रक

बहेरिया थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंडा रोड की ओर से एक ट्रक अवैध शराब लेकर गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने ओवरब्रिज के पास घेराबंदी की और ट्रक को रोका। जब ट्रक की तलाशी ली गई तो उसमें देशी और विदेशी शराब की बड़ी मात्रा मिली। पुलिस ने ट्रक चालक से पूछताछ शुरू की है, हालांकि वह खेप के असली मालिक के बारे में खुलासा नहीं कर रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला सिर्फ स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके तार बड़े शराब माफिया नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं।

### टीकमगढ़ का हाईप्रोफाइल मामला भी जुड़ा सुर्खियों से

सागर की इस कार्रवाई के बाद अब लोगों की निगाहें उस हाईप्रोफाइल प्रकरण पर भी टिक गई हैं जो हाल ही में टीकमगढ़ जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र में सामने आया था। 23 अगस्त को यहां एक दूध के कंटेनर में अवैध शराब और युवक के अपहरण की खबर सोशल मीडिया पर फैल गई थी। मामला इतना हाईप्रोफाइल हो गया कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई को खुद संज्ञान लेना पड़ा और जांच जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम को सौंपी। सुरुअति जांच में पता चला कि असल में यह घटना दोस्तों के बीच रुपयों के पुराने लेन-देन से जुड़ा विवाद थी। पंकज सेन नामक युवक डबरा से टीकमगढ़ आया था और अपने दोस्तों के साथ पार्टी कर रहा था। लेन-देन का विवाद बढ़ा तो उसने अपनी पत्नी को पैसे ट्रांसफर करने के लिए फोन किया। इसी बीच उसका मोबाइल फोन बंद हो गया। फोन बंद होते ही परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई और मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों को पकड़कर थाने लाया और पूछताछ की। जांच के बाद यह स्पष्ट हो गया कि न तो कोई अपहरण हुआ और न ही कोई शराब से भरा कंटेनर पकड़ा गया। फिलहाल जब जतारा एसडीओपी अभिषेक गौतम से इस संबंध में बात की तो उन्होंने बताया कि जांच अभी जारी मामले में बारीकी से जांच की जा रही है।

### दोनों घटनाओं से बढ़ी पुलिस की सतर्कता

सागर में शराब से भरा ट्रक पकड़े जाने और टीकमगढ़ के चर्चित मामले के बाद अब पुलिस सतर्क हो गई है। पुलिस अफसर मान रहे हैं कि शराब तस्करी के नेटवर्क की गुत्थी कहीं न कहीं प्रदेशभर में फैली हुई है। इसीलिए हर बड़ी खेप को पकड़ने के बाद उसके तार अन्य जिलों और पुराने मामलों से भी जोड़े जा रहे हैं। विशेष रूप से टीकमगढ़ का प्रकरण भले ही झूठा साबित हुआ हो, लेकिन जिस तरह सोशल मीडिया पर दूध कंटेनर में शराब की खबर फैली थी, उससे यह साफ है कि अवैध शराब तस्करी का मुद्दा आम लोगों की भी चिंता का विषय बन चुका है।

### बेहरिया ओर टीकमगढ़ पुलिस का कहना

बहेरिया थाना पुलिस का कहना है कि ट्रक में पकड़ी गई शराब की गिनती और दस्तावेजों की जांच अभी चल रही है। जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती, कोई भी आधिकारिक बयान देना मुश्किल है। वहीं दिगौड़ा पुलिस ने रविवार को खुलासा कर स्पष्ट कर दिया था कि प्रकरण सिर्फ लेन-देन विवाद था, न कि शराब तस्करी या अपहरण। वहीं सूत्रों से जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह टीकमगढ़ पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने दिगौड़ा थाना प्रभारी संदीप सोनी एवं आरक्षक कपिल शर्मा को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है। अभी तक थाना प्रभारी ओर आरक्षक के सस्पेंड की यह पुष्टि नही हो पाई की पुलिस अधीक्षक के दोनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड क्यो किया। अब यह पुलिस जांच का विषय है कि दिगौड़ा में जो मामला सामने आया था। वह सागर से जप्त हुई शराब कंटेनर से जुड़ा हुआ है या फिर नहीं।

### प्रदेश में शराब माफिया पर नकेल कसने की चुनौती

लगातार सामने आ रहे मामलों से साफ है कि प्रदेश में शराब माफिया की जड़ें गहरी हैं। अलग-अलग जिलों में अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ने से यह संकेत मिल रहा है कि यह कारोबार सिर्फ स्थानीय स्तर का नहीं बल्कि बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। सागर में हुई कार्रवाई पुलिस की सतर्कता का नतीजा है, लेकिन सवाल यह भी है कि इतनी बड़ी खेप आखिर प्रदेश में पहुंच कैसे रही है? क्या इसमें स्थानीय स्तर पर भी मिलीभगत है? इन सवालों के जवाब पुलिस जांच के बाद ही मिल पाएंगे।

# खेत और पेट की उर्वरक के लिए आक्रोशित किसानों ने रोका राजमार्ग



पवई। क्षेत्र में खाद संकट गहराने से अन्नदाता किसानों की परेशानियां चरम पर पहुंच गई हैं। धान की फसल के लिए खाद आवश्यक होने के बावजूद किसान दो-दो बोरी खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। शुक्रवार को किसानों ने खाद की ब्लैक मार्केटिंग की शिकायत एसडीएम समीक्षा जैन को लिखित आवेदन देकर की थी, किंतु शिकायत के बाद भी प्रशासन हरकत में नहीं आया। इस लापरवाही से आक्रोशित किसानों ने रविवार को मंडी स्थित खाद खरीदी केंद्र पर जमकर हंगामा किया। सुबह से ही खाद केंद्र पर लगभग पांच सौ से अधिक किसान कतारबद्ध होकर खड़े थे। टोकन वितरण की व्यवस्था की गई, लेकिन भीड़ अधिक होने से हालात बेकाबू हो गए। कई किसान सुबह सूरज निकलने से पहले ही लाइन में लग गए, परंतु घंटों धूप-भूख सहने के बाद भी खाद नहीं मिल पाई। धीरे-धीरे किसानों का धैर्य जवाब देने लगा और अव्यवस्था बढ़ गई।

### किसानों ने किया राजमार्ग जाम

टोकन वितरण में गड़बड़ी और प्रशासन की चुप्पी से नाराज किसानों ने दोपहर 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पन्नाङ्ककटनी राजकीय राजमार्ग क्रमांक 43 को अवरुद्ध कर दिया। जाम लगते ही राजमार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया और दर्जनों वाहन घंटों फंसे रहे। राहगीर और यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसानों के इस कदम के बाद ही प्रशासन हरकत में आया। सूचना मिलते ही एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूशाम, एसडीओपी भावना सिंह दांगी एवं थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों को समझाइश दी और किसी तरह जाम खुलवाया। इसके बाद अधिकारियों ने बिना कतार के ही किसानों को टोकन बांटना शुरू किया।

### प्रशासन की भूमिका पर सवाल

किसानों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद प्रशासन ने समय रहते कार्यवाही नहीं की। यदि समय पर कदम उठाए जाते तो किसानों को सड़क पर उतरने की नौबत नहीं आती। खाद संकट को लेकर प्रशासन की लापरवाही अब किसानों की आजीविका पर सीधा असर डाल रही है। किसानों का कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से खेती करना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# निजी भागीदारी से पीपीपी मॉडल पर बनेगा पन्ना का चिकित्सा महाविद्यालय

## जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में हुआ अनुबंध हस्ताक्षर

### जनवार में 25 एकड़ भूमि पर 100 सीट क्षमता के कॉलेज का होगा निर्माण



पन्ना। शासन द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में पन्ना जिले को महत्वपूर्ण सौगात प्रदान की गई है। सोमवार को जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में पन्ना सहित चार जिलों में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर स्थापित होने वाले नए चिकित्सा महाविद्यालय के लिए संबंधित निवेशक समूहों के साथ अनुबंध पत्रों पर हस्ताक्षर एवं आदान-प्रदान भी किए गए। पन्ना में विवेकानंद बोधी नॉलेज फाउंडेशन की रूचि कपूर को इस आशय का पत्र सौंपा गया।

स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए यह पहल मील का पत्थर साबित होगी। पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत के फलस्वरूप मेडिकल कॉलेज में 75 प्रतिशत सीटें गरीब विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मात्र 1 रुपए में 25 एकड़ जमीन देकर पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने का नवाचार किया है, जिसके तहत जनवार में 100 एमबीबीएस सीट क्षमता के चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

### जिला प्रशिक्षण केन्द्र में हुआ कार्यक्रम

पन्ना में निजी भागीदारी से पीपीपी मॉडल पर बनने वाले मेडिकल कॉलेज के अनुबंध हस्ताक्षर कार्यक्रम के मौके पर जिला मलेरिया कार्यालय के निकट स्थित जिला प्रशिक्षण केन्द्र में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर सुरेश कुमार सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश तिवारी और जिला परिवार कल्याण अधिकारी एवं आयुष्मान के नोडल अधिकारी डॉ. एन.के. गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को वय वंदना कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही मातृ-शिशु सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली योजनाओं और डिजिटल नवाचार के रूप में स्मार्ट चैटबॉट की कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी दी गई। अन्य नवीन स्वास्थ्य कार्याक्रमों के बारे में भी अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने एलईडी स्क्रीन के जरिए जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा।

# खो-खो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का जोश चरम पर, दर्शकों की तालियों से गूंजा मैदान



पवई। महाराजा छत्रसाल स्टेडियम पवई में रविवार को विकासखंड स्तरीय खेल कैलेंडर वर्ष 2025 के तहत खो-खो प्रतियोगिता का भव्य आयोजन हुआ। बालक-बालिका वर्ग में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, तेज़ी और रणनीति का ऐसा प्रदर्शन किया कि मैदान तालियों से गूंज उठा। दर्शकों ने खिलाड़ियों के हर रोमांचक पल पर उत्साहपूर्वक उनका हौसला बढ़ाया।खिलाड़ियों ने दमखम के साथ खेलते हुए यह साबित किया कि खो-खो केवल खेल नहीं बल्कि साहस, धैर्य और टीम भावना का बेहतरीन उदाहरण है। बालिका वर्ग में खिलाड़ियों की दौड़ और बचाव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं बालक वर्ग की तेजी और रणनीतिक खेल ने प्रतियोगिता को और रोमांचक बना दिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में बीईओ पवई नम्रता जैन उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को आत्मविश्वास और खेलों के प्रति लगाव देते हैं। डीपीसी अजय गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बच्चे भी खेलों में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं और आगे चलकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। जिला क्रीड़ा प्रभारी राजेश तिवारी ने खिलाड़ियों को अनुशासन और मेहनत को सफलता की कुंजी बताया।इस अवसर पर रघुवीर तिवारी (बीएसी), विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी रविशंकर सिंह, अरविन्द दिवाकर पाण्डेय (सीएसी), आदित्य बुंदेला, शिक्षक नीतू सैनी, शिक्षक अमित रेले, शिक्षिका दीपम पाण्डेय तथा रेंजर नितेश पटेल मौजूद रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया और उनके खेल प्रदर्शन की सराहना की।जनप्रतिनिधियों में वसुंधरा राजे परमार और मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया भी मौजूद रहीं। उन्होंने बच्चों को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया और कहा कि खेल से अनुशासन, एकता और स्वास्थ्य का संदेश मिलता है। खो-खो प्रतियोगिता के इस आयोजन ने साबित कर दिया कि छोटे-छोटे कस्बों में भी खेल प्रतिभाएँ प्रचुर मात्रा में मौजूद हैं, जिन्हें सही मंच और मार्गदर्शन की आवश्यकता है। आयोजन समिति ने खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दीं और बताया कि इस श्रृंखला के तहत आगे भी खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाएँगी।

# मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में माटी गणेश -सिद्ध गणेश का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह बैठक संपन्न

पवई। जनपद पंचायत कार्यालय स्थित मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद पवई के तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम *माटी गणेश -सिद्ध गणेश* का आयोजन किया गया जिसमें नवांकुर समितियां के अध्यक्ष, सचिव, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र/ छात्राएं परामर्शदाता एवं प्रस्फुटन समिति के दो दो सदस्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सर्वप्रथम सभी जनमानस को शपथ दिलाई गई कि पर्यावरण संरक्षण के आगामी गणेश पर्व पर हम सभी अपने गांव ,नगर, घर, परिवार में माटी गणेश -सिद्ध गणेश की स्थापना करेंगे। इसके बाद एक दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला समन्वयक सुश्री अनीता जी द्वारा किया गया कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ब्लॉक समन्वक जगदीश सिंह द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन आशीष नामदेव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आए हुए प्रशिक्षणकर्ताओं का आभार विनोद कुमार गुप्ता द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी की सराहनीय भूमिका रही।

# दो दिवस में करें समाधान ऑनलाइन के चयनित विषयों से संबंधित लंबित प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर

पन्ना। कलेक्टर सुरेश कुमार ने सोमवार को । कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आगामी 28 अगस्त को प्रस्तावित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के दृष्टिगत विभागवार चयनित शिकायतों का अनिवार्य रूप से 2 दिवस में शत प्रतिशत निरा कल सक्षखकरण करने के निर्देश दिए हैं। टीएल बैठक में विभागीय अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ 100 दिवस से अधिक समयावधि की लंबित समस्याओं के निराकरण और शासन की अन्य महत्वाकांक्षी योजनाओं व कार्यक्रम में भी समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही के निर्देशन दिए गए। कलेक्टर ने विशेष रूप से राजस्व विभाग अंतर्गत दो दिवस में शिकायत का निराकरण अपेक्षा अनुरूप न होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी भी दी। उन्होंने रैपुरा, सिमरिया और अमानगंज तहसील में अधिक संख्या में राजस्व प्रकरण लंबित होने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक शिकायतकर्ता से संवाद कर अभियान मोड में पुरानी एवं वर्तमान माह की शिकायत निराकृत कराएं। राजस्व अधिकारी अपने कार्यों की बदौलत आमजनों के बीच स्वयं की साख स्थापित करें। साथ ही कार्य के प्रति अपना दृष्टिकोण भी बदलें। जिला कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी शाहनगर, विकासखंड चिकित्सा अधिकारी अजयगढ़, जिला सेनानी होमगार्ड द्वारा एल 1 स्तर पर शिकायत अटेंड नहीं करने पर नाराजगी जताई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत सीमांकन व नामांकन प्रकरणों सहित जाति प्रमाण पत्र, बीपीएल कार्ड इत्यादि के मामलों में भी समय सीमा में जरूरी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। उन्होंने टीएल और जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए तथा पृथक से समीक्षा की बात भी कही। इसके अलावा विभाग स्तर पर अधिक संख्या में लंबित मामलों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से अधिकारियों को शासकीय कार्य संपादन के लिए अपना कार्य समय बढ़ाने की सलाह भी दी। चयनित विभागों की चिन्हांकित योजनाओं में प्रगति बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए, जिससे जिले की रैंक में निरंतर सुधार परिलक्षित हो।

शिविर में प्राप्त प्रत्येक आवेदन पर सुनिश्चित हो कार्यवाही

कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि गत 23 अगस्त को कल्दा में आयोजित वृहद स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। हर आवेदन पर पात्रता और अपात्रता के आधार पर अनिवार्य रूप से एक सप्ताह में इनका निराकरण किया जाए। अपात्रता की स्थिति में आवेदक को लिखित में सूचित करने के निर्देश भी दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित वित्तीय साक्षरता शिविरों के संबंध में आवश्यक समन्वय सहित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चिन्हित 108 ग्रामों में शत प्रतिशत सेचुरेशन के लिए गंभीरतापूर्वक प्रयास करने के लिए कहा। कलेक्टर ने कहा कि एमएलसी और पीएम रिपोर्ट भी समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड कराई जाए। एसडीएम की सहभागिता से जिले के अन्य स्थानों पर संचालित पोषण पुनर्वास केंद्रों में भी न्यूट्री बॉस्केट के वितरण के लिए जरूरी समन्वय करें तथा किसी भी स्थिति में एनआरसी में बेड की रिक्तता न रखने के लिए कहा।

टीएल बैठक में विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं में प्रकरणों की स्वीकृति, सबमिशन और वितरण की समीक्षा की गई और बैंक स्तर पर प्रकरण के अस्वीकृति की स्थिति में इनके परीक्षण और बैंक स्तर पर लापरवाही के मामलों पर भी अवगत कराने के निर्देश दिए। आजीविका मिशन अंतर्गत माहवार लक्ष्य मुताबिक प्रकरणों की कम स्वीकृति पर आगामी एक सप्ताह में प्रगति लाने के लिए निर्देशित किया गया अन्यथा अधीनस्थ कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

# आगामी त्योहारों के दृष्टिगत हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

## सभी पर्वों को शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का लिया निर्णय



पन्ना। पन्ना जिले में आगामी समय में विभिन्न पर्वों को निर्देशों का पालन कर एवं सभी त्यौहारों को परस्पर सौहार्द्रपूर्ण माहौल में एवं शांतिपूर्वक मनाए जाने के दृष्टिगत जिला मजिस्टेªट की अध्यक्षता में सोमवार को शाम कलेक्टेªट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बुधवार, 27 अगस्त को गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के साथ गणेश उत्सव शुरू होगा। इसी तरह 31 अगस्त को राधाष्टमी, 3 सितम्बर को डोल ग्यारस, 5 सितम्बर को मिलाद-उन-नबी का पर्व मनाया जाएगा। शांति समिति की बैठक में उपस्थित सदस्यगणों से आवश्यक सुझाव प्राप्त कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेªट सुरेश कुमार ने कहा कि गणेश उत्सव के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए कि किसी भी स्थिति में सड़क किनारे आवागमन प्रभावित न हो। उत्सव समिति द्वारा रात्रि में पंडाल में नाम एवं मोबाइल नंबर की जानकारी सहित दो-दो सदस्यों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग न करें। निर्धारित डेसीबल से अधिक साउंड पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लागू होगा। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेकर ही बिजली का उपयोग करे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के माध्यम से समिति सदस्यों के पहचान पत्र जारी करवाएं। कोई भी अनुमति के लिए सक्षम प्राधिकारी से संपर्क किया जाए। उन्होंने अपील की कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों का उपयोग न किया जाए।

### निर्धारित स्थल पर हो प्रतिमा विसर्जन

शांति समिति की बैठक में अवगत कराया गया कि अनंत चतुर्दशी पर 6 सितम्बर को निर्धारित विसर्जन कुंड स्थल पर ही गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कर सकेंगे। इस दौरान पन्ना शहर के धरमसागर, लोकपाल सागर और निरपत सागर तालाब में प्रतिमाओं के विसर्जन पर प्रतिबंध लागू रहेगा। कमला बाई ताल अथवा दहलान ताल में विसर्जन किया जा सकेगा। प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रकाश व्यवस्था सहित बोट एवं लाइफ जैकेट व पुलिस कंट्रोल रूम में एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की तैनाती सहित अन्य सामग्रियों की व्यवस्था तथा पितृ पक्ष प्रारंभ होने के पूर्व तालाब की सफाई कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि नगर पालिका एवं पशुपालन विभाग त्यौहारों के पूर्व अभियान चलाकर पुनः निराश्रित गौवंश को गौशालाओं में विस्थापित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें और गौशाला में रजिस्टर संधारण के साथ गौवंश का टैगिंग कार्य भी किया जाए। नगर पालिका परिषद पन्ना को बायपास रोड पर सांदीपनि विद्यालय के निकट कचरा संग्रहण के स्थान पर कचरा प्रसंस्करण केन्द्र के लिए सिमरा में आवंटित भूमि पर कचरा निपटान की आवश्यक कार्यवाही तथा रविवार के साप्ताहिक हाट में नियमों के उल्लंघन पर वाहन चालकों के विरूद्ध निरंतर चालानी कार्यवाही जारी रखने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में मिलाद-उन-नबी के दौरान गुलायची मोहल्ला स्थित मस्जिद में आवश्यक प्रबंध तथा दोपहर 2 बजे से निकलने वाले जुलूस के दौरान भी आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए गए। इसके अलावा निर्बाध विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति सहित शुद्ध पेयजल एवं चलित शौचालय की व्यवस्था, फायर बिग्रेड, बेहतर यातायात व्यवस्था व नगर की सड़क मरम्मत के संबंध में भी जरूरी निर्देश दिए गए।

# कटनी में नवीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना हेतु अनुबंध हस्ताक्षरित

कटनी। जिले के लिए सोमवार ऐतिहासिक दिन साबित हुआ। केन्द्रीय परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.नड्डा तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में जबलपुर के घंटाघर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सांस्कृतिक सूचना केन्द्र में आयोजित भव्य समारोह में कटनी जिले में पीपीपी मॉडल पर नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना हेतु अनुबंध हस्ताक्षरित किया गया। इस अनुबंध पर राज्य सरकार एवं स्वामी विवेकानंद फाउंडेशन के बीच सहमति बनी है। इस मौके को लेकर जिले में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कटनी जिला चिकित्सालय में किया गया जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिलेवासी उपस्थित रहे और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बने।

**जिलेवासियों को मिलेगा बड़ा लाभ :** नवीन मेडिकल कॉलेज खुलने से न केवल जिले के युवाओं को चिकित्सा शिक्षा का नया अवसर मिलेगा बल्कि कटनी और आसपास के ग्रामीण अंचलों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा।

# जतारा पुलिस की सबसे बड़ी बरामदगी, चोर गिरोह दबोचा, 7.51 लाख का माल जब्त

## एसपी मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में ऑपरेशन सुरक्षा संकल्प सफल, 09 वारदातों का खुलासा, 03 आरोपी गिरफ्तार

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह व एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में जतारा थाना पुलिस ने बड़ी सफलता अर्जित की है। थाना प्रभारी निरीक्षक रविभूषण पाठक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने चोरी की वारदातों में सक्रिय अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश कर 09 मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे सोने-चांदी के आभूषण और 02 मोटरसाइकिल बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत

### 7 लाख 51 हजार आँकी गई है।

रात्रि गश्त में मिला था सुराग

वही 23 अगस्त की रात थाना प्रभारी रविभूषण पाठक पुलिस टीम सहित गश्त पर थे। ख्वाजा साहब मस्जिद के पास एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम अखलेश केवट निवासी जतारा बताया और चोरी की वारदातों में शामिल होने की बात कबूल की। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने उसके साथी सौरभ घोष निवासी ग्राम बछौड़ा थाना दिगौड़ा और राजबीर अहिरवार निवासी ग्राम बराना थाना लिधौरा को गिरफ्तार किया। तीनों से चोरी का माल बरामद कर पुलिस ने 09 वारदातों का खुलासा किया।

### इन मामलों में हुआ खुलासा

अप.क्र. 144/24 ङ्क जेवरात व नगद चोरी, अप.क्र. 188/24 ङ्क मस्जिद पेटी से चोरी, अप.क्र. 295/24 ङ्क ग्राम जरुआ में चोरी, अप.क्र. 08/25 ङ्क ग्राम सगरवारा में चोरी, अप.क्र. 23/25 ङ्क ग्राम मुहारा में चोरी, अप.क्र. 80/25 ङ्क न्यू कोर्ट कॉलोनी जतारा में चोरी, अप.क्र. 101/25 ङ्क मोटरसाइकिल चोरी, अप.क्र. 102/25 ङ्क जतारा के 3 घरों में चोरी, अप.क्र. 146/25 ङ्क गांधी ग्राम जतारा में चोरी के मामलों में पुलिस को बरामद माल में सोने के आभूषण ङ्क 49 ग्राम (कीमत 4 लाख 87 हजार, चांदी के आभूषण ङ्क 1 किलो 99 ग्राम (कीमत 1 लाख 24 हजार, 2 मोटरसाइकिलें ङ्क कीमत 1 लाख 40 हजार कुल बरामदगी 7 लाख 51 हजार का जप्त किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी जतारा निरीक्षक रविभूषण पाठक, उप निरीक्षक एनएस ठाकुर, एएसआई राजेन्द्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक अमरचंद्र अहिरवार, नरेन्द्र लोधी, बृजकिशोर वर्मा, अनुराग चंदेल, आरक्षक जितेंद्र पटेल, आलोक रजक, मनोज रावत, शिवदयाल बघेल, संतोष अहिरवार, राजीव तथा महिला आरक्षक सोनम यादव एवं शालिनी लखेरा की विशेष भूमिका रही।

### संदिग्ध गतिविधियों पर पुलिस को दे जानकारी : टीआई रविभूषण

यह जतारा थाना क्षेत्र की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है। पुलिस टीम की सतर्कता और मेहनत से चोर गिरोह पकड़ा गया है। आमजन संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

डॉ. रविभूषण पाठक, थाना प्रभारी जतारा

### हमारी प्राथमिकता सुरक्षित वातावरण : एसपी मनोहर

जतारा पुलिस की यह बड़ी सफलता है। सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत जिले में अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता है।

डॉ. मनोहर सिंह मंडलोई, पुलिस अधीक्षक, टीकमगढ़

# कहीं मेहंदी की महक थी तो कहीं संगीत की धुन, कहीं बारात की उमंग, संस्कृति और उल्लास का अद्वितीय संगम





## संस्कृति के रंग परंपरा के संग रिलायंस सतरंगी लेडीज़ क्लब का सावन महोत्सव 25

**जागरण, बैढ़न**

रिलायंस टाउनशिप ऑडिटोरियम में सतरंगी लेडीज़ क्लब द्वारा सावन महोत्सव का आयोजन अत्यंत भव्यता और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस वर्ष महोत्सव की थीम शादी रही जिसने भारतीय परंपरा की समृद्धि झलकियों को मंच पर जीवंत कर दिया यह आयोजन रिलायंस की सीईओ मैम श्रीमती बरनाली महापात्रा की प्रेरणा एवं कुशल मार्गदर्शन में क्लब सदस्यों की टीम जिसमें निधि श्रीवास्तव मीना सिंह दीप्ति भटनागर पूजा द्विवेदी अंजू परिहार और कोमल मानकर ने संपन्न किया कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रगान से हुआ तत्पश्चात दीप प्रज्वलन हुआ फिर कार्यक्रम की शुरुआत सावन के पारंपरिक कजरी गीत से हुई इसके पश्चात विवाह के विभिन्न रस्मों को मंच पर इस तरह प्रस्तुत किया गया जैसे मानो पूरा एक विवाह मंच पर जीवंत हो उठा हो कहीं मेहंदी की महक थी तो कहीं संगीत की धुन कहीं बारात की उमंग थी तो कहीं विदाई की भावुकता नृत्यों गीतों और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से ऐसा दृश्य रचा गया की दशक मंत्र मुग्ध हो उठे महिलाओं के रंग.बिरंगे परिधान गहनों की चमक और टीम की सजीव अभिनय ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया टीम के सदस्यों द्वारा रिलायंस की सीईओ मैम बरनाली महापात्रा का विशेष रूप से सम्मान किया गया मंच पर उन्हें क्राउन सैश और सम्मान प्रतीक भेंट कर नारी शक्ति और प्रेरणा स्रोत के रूप में गौरवान्वित किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा भारतीय संस्कृति के पर्व हमें जोड़ते हैं संबल देते हैं और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से परिचित कराते हैं लेडीज क्लब द्वारा प्रस्तुत यह महोत्सव न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि हमारी विरासत और परंपरा का सजीव उत्सव है । कार्यक्रम में टीम की सदस्यों की रचनात्मकता एवं मेहनत स्पष्ट दिखाई दे रही थी हर प्रस्तुति में टीमवर्क और उत्साह झलक रहा था आयोजन में लेडीज क्लब की सदस्यों ने भी बढ़.चढ़कर भाग लिया उनकी मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां नाट्य प्रस्तुतियों एवं गीतों ने पूरे वातावरण को उल्लास से भर दिया और उपस्थित सभी लोगों को असमरणीय स्मृतियां सौंप दी सावन महोत्सव ने एक बार फिर सिद्ध किया की रिलायंस सतरंगी लेडीज क्लब न केवल मनोरंजन का मंच है बल्कि संस्कृति एकता और नारी सशक्तिकरण का सशक्त प्रतीक भी है। कार्यक्रम के अंत में सीईओ मैम बरनाली महापात्रा ने मोमेंटो और सभी सदस्यों को सदस्यों को सावन का गिफ्ट दिया और टीम के सदस्यों ने सभी का व वोट आफ थैंक्स के माध्यम से दिल से धन्यवाद किया और अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजन के साथ सावन के इस महोत्सव का आनंद उठाया।

# मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम द्वारा आयोजित सीएमई सेमिनार सम्पन्न

**जागरण, बैढ़न।** मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम के तत्वावधान में सीएमई, कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन सेमिनार का आयोजन होटल सत्या इंटरनेशनल के सभागार में किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में इंदौर से आए सुप्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ.अल्केश सोनी ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान डॉ.अल्केश सोनी ने गर्भावस्था के दौरान होने वाले शारीरिक व मानसिक परिवर्तनों गर्भ में शिशु के विकास तथा मां के पोषण देखभाल एवं समय.समय पर होने वाली जांचों की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार नियमित परामर्श और चिकित्सकीय देखरेख मां एवं शिशु दोनों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। सेमिनार में एनटीपीसी चिकित्सालय विंध्यनगर एनटीपीसी चिकित्सालय शक्तिनगर जिला चिकित्सालय सह ट्रामा सेंटर बैढ़न सहित जिले के विभिन्न निजी अस्पतालों से आए डॉक्टरों एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भागीदारी की और विषय से संबंधित अपने अनुभव साझा किए। चिकित्सकों ने ऐसे आयोजन को चिकित्सकीय ज्ञानवर्धन के लिए उपयोगी बताते हुए मिश्रा पॉलीक्लीनिक एवं नर्सिंग होम की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. डीके मिश्रा द्वारा किया गया।

## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रावि प्रकाश सिंह पिता मोहन कुमार सिंह उम्र 21 वर्ष पंजरेह सिंगरौली तह. व जिला सिंगरौली म.प्र.का निवासी हूँ। मेरा आधार नं.7620 6014 2103 है। मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का वास्ताविक एवं सही नाम रावि प्रकाश सिंह है। जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी रिकार्डो में लेख है। लेकिन मुझ शपथकर्ता का नाम मेरे एलआईसी पॉलिसी नं. 378558622 के रिकार्ड में रोशन कुमार लेख है। उक्त नाम रावि प्रकाश सिंह एवं रोशन कुमार दोनो नाम एक ही है एक व्यक्ति का है। मेरा सही नाम रावि प्रकाश सिंह लिखा पढ़ा व समझा जावें। नाम भिन्नता के लिए मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।

**एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड**
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

सूचना संख्या एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/25-26/986 दिनांक : 23.08.2025

**सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से अगस्त 2025 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना**

**नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड, सिंगरौली, म. प्र.** सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से **"कोयले "** की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमे कोई भी भारतीय क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है । **"अगस्त 2025"** के लिये दिनांक **"30.08.2025"** को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्ते एनसीएल की वेबसाइट **"www.nclcil.in"**, सर्विस प्रोवाइडर "एम-जंक्शन" की वेबसाइट **https://www.coaljunction.in**, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

R-34 महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली

# प्रतियोगिता में डी पॉल स्कूल विंध्याचल रही विजेता, डीपीएस निगाही उपविजेता

## जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन समारोह संपन्न

**जागरण, विंध्यनगर।** जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गजेंद्र सिंह नागेश मुख्य कार्यपालक अधिकारी सिंगरौली एवं विशिष्ट अतिथि डॉ.रितेश उपाध्याय असिस्टेंट प्रोफेसर मेडिकल कॉलेज सिंगरौली उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में कुल 750 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें पहले दिन 700 और दूसरे दिन 50 बच्चों ने पंजीयन कराया। यह संख्या अब तक का एक रिकॉर्ड रही। प्रतियोगिता में उपविजेता डीपीएस निगाही और विजेता टीम डी पॉल स्कूल विंध्याचल रही। प्रतियोगिता के सफल



संचालन में एनसीएल के तकनीकी स्टाफ ने दो दिनों तक अथक परिश्रम किया। इसके साथ ही एनटीपीसी विंध्याचल नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग सिंगरौली का विशेष सहयोग रहा। समारोह में विभिन्न अधिकारियों शिक्षकों खेलप्रेमियों एवं सहयोगियों का उल्लेखनीय योगदान रहा जिनमें प्रमुख रूप से श्रीमती इंदुबाला श्रीमती यशिका कुजूर रमाशंकर प्रसाद नौशाद आलम केपी शर्मा अविनाश विश्वकमा सत्य प्रकाश श्रीमती शिल्पी सिंह पूनम वैष्णवी सिंह कुसुम साकेत तनुज कुजूर अंचल सिंह जसवीर सिंह अजय पटेल सुरेश रजकअशरफ अली संजय सिंह हरिशंकर प्रसाद यू.पी. सिंह राम पोस्ट गोवर्धन पोर्ट आशुतोष सिंह राजेश माल फिरोज अहमद संजय यादव आशीष तिवारी धर्मेंद्र सिंह श्रीमती पूनम सिंह सैफ अली श्रीमती आशु कौर कप डिसन श्रीमती लवली सिंह राम प्रवेश धनंजय सिंह रविदास सिंह श्रीमती सुषमा बस अमित श्रीवास्तव अर्पित गुप्ता सुश्री गायत्री सुनील कुमार धीरेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह गौरव कालरा सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों एवं सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि खेल और अनुशासन जीवन को नई दिशा देते हैं और इसी भावना से इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। आगामी 30 एवं 31 अगस्त को अंतर जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता जबलपुर में आयोजित होगी जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन चयनित खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के लिए 29 को सिंगरौली से भेजेगा।







# यूएस ओपन: जोकोविच की लगातार 75वीं जीत मेदवेदेव उलटफेर का शिकार, फ्रांस के बोंजी से हारे

## सर्बियाई दिग्गज ने आधी उम्र के लर्नर टिएन को हराया, गत चैंपियन आर्यना सबालेंका दूसरे दौर में

जेएनएन, न्यूयॉर्क

24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच सोमवार से शुरू हुए यूएस ओपन टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। साल के चौथे और आखिरी ग्रैंड स्लैम में फ्लशिंग मीडोज में अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे सर्बियाई दिग्गज ने रविवार रात खेले गए पहले दौर के मुकाबले में पैर की तकलीफ के बावजूद किशोर लर्नर टिएन को हराया। पुरुष एकल में हालांकि पूर्व चैंपियन डेनियल मेदवेदेव पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। महिला एकल में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका सहित लगभग सभी वरीय खिलाड़ी अगले दौर में पहुंच गईं। आर्थर ऐश स्टेडियम की रोशनी में सातवीं वरीयता प्राप्त 38 साल के जोकोविच ने 19 साल के अमेरिकी खिलाड़ी को दो घंटे 25 मिनट में 6-1, 7-6, 6-2 से हराया। विंबलडन के बाद पहली बार खेल रहे नोवाक ने अपनी उम्र से आधे के टिएन को 24 मिनट में शुरुआती सेट में हरा दिया। हालांकि टिएन ने दमदार बेसलाइन खेल और घरेलू दर्शकों के समर्थन से वापसी की और दूसरे सेट में एक सेट प्वाइंट भी हासिल किया। इस जीत के साथ जोकोविच ने यूएस ओपन में ओपन के पहले दौर में जीत का रिकॉर्ड 19-0 कर लिया। 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से उन्होंने किसी भी बड़े टूर्नामेंट के पहले दौर का मैच नहीं गंवाया है। यह उनकी लगातार 75वीं जीत है।




### एला एकल मैच जीतने वाली फिलिपींस की पहली खिलाड़ी

महिला एकल में गत चैंपियन बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने आसानी से दूसरे दौर में जगह बना ली। उन्होंने स्विट्जरलैंड की रेबेका मसारोवा को लगातार सेट में 7-5, 6-1 से शिकस्त दे दी। सबालेंका 2014 के बाद लगातार दो खिताब जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने के लिए उतरी हैं। उस समय सेरेना विलियम्स ने खिताब हैट्रिक की थी। दूसरे दौर में सबालेंका का सामना रूसी खिलाड़ी पोलिना कुदेरमेतोवा से होगा। 14वीं वरीय डेनमार्क की क्लारा टॉसन पहले दौर में एलेक्जेंड्रा एला से हार गईं। 20 साल की एला ने अंतिम सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 6-3, 2-6, 7-6 (13/11) की रोमांचक जीत दर्ज की। वह ग्रैंड स्लैम एकल मैच जीतने वाली फिलिपींस की पहली खिलाड़ी भी बन गईं। सातवीं वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर डेस्टेनी आइवा को लगातार सेटों में हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में उपविजेता रहीं पाओलिनी ने 25 साल की डेस्टेनी पर एक घंटे 28 मिनट में 6-2, 7-6(4) से जीत हासिल की।



### मैच के दौरान आक्रोशित हो गए मेदवेदेव





हार के बाद मेदवेदेव गुस्से में अपना रैकेट तोड़ दिया

फ्रांस के बेंजामिन बोन्जी ने टूर्नामेंट के पहले दिन ही उलटफेर करते हुए 2021 के चैंपियन मेदवेदेव को हराकर बाहर कर दिया। बोन्जी ने पांच सेट के मैराथन मैच में रूसी दिग्गज मेदवेदेव को 6-3, 7-5, 6-7(5), 0-6, 6-4 से हराकर सभी को चौंका दिया। बोन्जी ने कुछ हफ्ते पहले विम्बलडन में भी मेदवेदेव को हराया था। मेदवेदेव मैच के दौरान विवादित रूप से आक्रोशित हो गए। यह घटना उस समय की है, जब बोंजी तीसरे सेट में 5-4 पर मैच प्वाइंट पर सर्व कर रहे थे। पहला सर्व नेट से लगने के बाद अंपायर ने दूसरा सर्व देने के बजाए उन्हें फिर पहला सर्व दे दिया। उनका कहना था कि सर्व के दौरान एक फोटोग्राफर के कोर्ट में आने से व्यवधान हुआ था। इसी पर मेदवेदेव भड़क उठे और काफी बहस की। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि भारी जुर्माना लग सकता है। लेकिन मैं फोटोग्राफर से नहीं, फैसले से खफा था। हर बार सर्व के दौरान स्टैंड्स में काफी शोर होता है, लेकिन अंपायर ने उसे पहला सर्व दिया।

# टेस्ट क्रिकेट चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला: रोहित शर्मा

**मुंबई, जेएनएन।** पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर के कुछ पहलुओं पर विचार करते हुए सोमवार को कहा कि यह प्रारूप चुनौतीपूर्ण और थका देने वाला है, लेकिन उन्होंने अपनी तैयारी पर ध्यान देकर खुद को टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए तैयार किया। रोहित ने इस साल मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इस 38 वर्षीय बल्लेबाज ने 67 टेस्ट मैच में 40.58 की औसत से 4301 रन बनाए। उन्होंने इससे एक साल पहले टी-20 विश्व कप जीतने के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास ले लिया था। रोहित ने कहा कि यह ऐसी चीज है, जिसके लिए आपको तैयारी करनी होती है, क्योंकि इस खेल में आपको लंबे समय तक मैदान पर रहना होता है विशेष कर टेस्ट क्रिकेट में, जिसमें आपको पांच दिन तक खेलना होता है। मानसिक रूप से यह बहुत चुनौतीपूर्ण होता है और थका देने वाला भी। लेकिन सभी क्रिकेटर प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलते हुए ही बड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जब हम प्रतिस्पर्धी स्तर पर क्रिकेट खेलना शुरू करते हैं, यहां तक कि मुंबई में भी क्लब क्रिकेट के (मैच) दो दिन (या) तीन दिन तक चलते हैं, इस तरह से हम छोटी उम्र से ही इसके लिए तैयार रहते हैं।



इससे आपके सामने आने वाली परिस्थितियों का सामना करना थोड़ा आसान हो जाता है। रोहित ने कहा कि सभी युवा खिलाड़ी अपने करियर की शुरुआत में अच्छी तैयारी के महत्व को नहीं समझते हैं, लेकिन वे धीरे-धीरे इसका महत्व समझने लगते हैं। रोहित शर्मा ने कहा कि जब आप सबसे लंबे प्रारूप में खेल रहे होते हैं, तो इसमें काफी कुछ करना पड़ता है और एकाग्रता ही सबसे महत्वपूर्ण चीज है, क्योंकि आप बहुत अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे होते हैं और उसके लिए मानसिक रूप से तरोताजा होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बहुत सारा काम पर्दे के पीछे से शुरू होता है। जैसा कि मैंने कहा, तैयारी में। आप मैदान पर लंबे समय तक टिके रहने के लिए खुद को तैयार करते हैं।

# डायमंड लीग फाइनल : पूर्व चैंपियन नीरज चोपड़ा को मिलेगी कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, जेएनएन।** स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को गुरुवार को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में डायमंड लीग का खिताब फिर से हासिल करने की कवायद में एंडरसन पीटर्स और जूलियन वेबर जैसे प्रतिद्वंद्वियों से कड़ी टक्कर मिलेगी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने 2022 में डायमंड लीग ट्रॉफी जीती थी और 2023 तथा 2024 में उपविजेता रहे थे। नीरज ने चार क्वालिफाइंग चरण में से दो में प्रतिस्पर्धा करने के बाद चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। मौजूदा विश्व चैंपियन 27 वर्षीय नीरज ने मई में दोहा चरण में 90.23 मीटर के थ्रो के साथ 90 मीटर के आंकड़े को पार किया, लेकिन जर्मनी के वेबर के पीछे दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने जून में 88.16 मीटर के प्रयास के साथ पेरिस चरण जीता। नीरज के अलावा एंड्रियन माडरि, गत चैंपियन पीटर्स, केशोर्न वालकॉट, जूलियन वेबर और जूलियस येगो ने फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। स्विट्जरलैंड के साइमन वीलैंड को मेजबान देश की प्रविष्टि के रूप में प्रतियोगिता में शामिल किया गया है।



## खेल एक नजर

### सिंकफील्ड कप: प्रज्ञानानंदा ने खेला लगातार पांचवां ड्रॉ

**सेंट लुइस ( अमेरिका ), जेएनएन।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर के सिंकफील्ड कप के छठे दौर में पोलैंड के जान क्रिस्टोफ डुडा से ड्रॉ खेलकर संयुक्त दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। प्रज्ञानानंदा का यह लगातार पांचवां ड्रॉ था। अब उनके छह मुकाबलों में 3.5 अंक हैं। अमेरिका के फेबियानो कारूआना चार अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानानंदा के साथ अमेरिका के लेवोन आरोनियन भी दूसरे स्थान पर हैं। विश्व चैम्पियन डी गुकेश, अमेरिका के वेसली सो और सैमुअल सेवियान, फ्रांस के अलीरजा फिरोजा और मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। छठे दौर में गुकेश ने फिरोजा से ड्रॉ खेला। अन्य मुकाबलों में कारूआना ने सेवियान के साथ अंक साझा किए, जबकि नोदिरबेक अब्दुस्सतोरोव और वाचियेर लाग्रेव की बाजी भी ड्रॉ रही।

### वनडे वर्ल्ड कप : पाकिस्तान की कमान सना को, इमन नया चेहरा

**लाहौर, जेएनएन।** आयरलैंड के खिलाफ टी-20 मैच के जरिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाली बल्लेबाज इमन फातिमा को भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला विश्व कप के लिए फातिमा सना की कप्तानी वाली 15 सदस्यीय पाकिस्तानी टीम में शामिल किया गया है। इमन ने मई में पाकिस्तान के राष्ट्रीय टी-20 टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया था। उनके अलावा नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार और सईदा आरूब शाह भी पहली बार विश्व कप खेलेंगी। आरूब, शवाल और इमन ने 2023 में अंडर-19 टी-20 विश्व कप खेला था। पिछले विश्व कप में पाकिस्तान के लिए खेल चुकी 23 वर्ष की सना 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट में पहली बार कप्तानी करेंगी। आईसीसी क्वालिफायर खेल चुकी पाकिस्तानी टीम में दो बदलाव करते हुए गुल फिरोजा और नजीहा अल्वी की जगह इमन और सदफ को शामिल किया गया है। पाकिस्तान सारे ग्रुप मैच कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेलेगी। यही टीम 16 से 22 सितंबर तक लाहौर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी खेलेगी।



**पाकिस्तानी टीम:** फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी, आलिया रियाज, डायना बेग, इमन फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीन, सदफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज, सईदा आरूब शाह। रिजर्व : गुल फिरोजा, नजीहा अल्वी, तुबा हसन, उम्म ए हनी और वहीदा अख्तर।

### इराक के खिलाफ भारत की अंडर-23 टीम की करीबी हार

**कुआलालंपुर, जेएनएन।** भारतीय अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम सोमवार को यूएम एरिना स्टेडियम में खेले गए मैत्री मैच में इराक अंडर-23 से 1-2 से हार गई। भारतीय टीम की तरफ से एकमात्र गोल मोहम्मद सनान ने 39वें मिनट में किया। इराक की तरफ से धुल्फिकार यूनुस ने 36वें मिनट में पहला गोल किया। मुस्तफा नवाफ जई ने 72वें मिनट में इराक के लिए विजयी गोल दागा। भारत 28 अगस्त को मलेशिया की राजधानी में इराक के खिलाफ एक और मैत्री मैच खेलेगा। भारतीय टीम तीन से नौ सितंबर तक दोहा में होने वाले अंडर-23 एशियाई कप क्वालिफायर की तैयारी कर रही है, जहां उसका सामना बहरीन (तीन सितंबर), कतर (छह सितंबर) और ब्रूनेई दारुस्सलाम (नौ सितंबर) से होगा।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप में हारे लक्ष्य सेन

## विश्व नंबर एक खिलाड़ी शी यूकी से हारकर पहले ही राउंड में बाहर

**पेरिस, जेएनएन।** भारत के शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हुआ, जब वह सोमवार को पुरुष एकल के शुरुआती दौर में दुनिया के नंबर एक और शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के शी यूकी के खिलाफ सीधे गेम में हार गए। 2021 के कांस्य पदक विजेता 24 साल के लक्ष्य को 54 मिनट में 17-21, 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। चीन के खिलाड़ी को लंबी रैलियों में उलझाने और आक्रामक खेलने दिखाने के बावजूद लक्ष्य महत्वपूर्ण लम्हों में लड़खड़ा गए और शी के मजबूत डिफेंस तथा शानदार फिनिशिंग का तोड़ निकालने में विफल रहे। लक्ष्य पिछले साल अगस्त में ओलंपिक में दिल तोड़ने वाले चौथे स्थान की यादों को मिटाने की उम्मीद में पेरिस आए थे, लेकिन शी ने उन्हें कोई मौका नहीं दिया। शी शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने जनवरी 2024 से अब तक अपने सभी नौ फाइनल जीते हैं। शी की लक्ष्य के खिलाफ पांच मैच में यह चौथी जीत है। मैच की शुरुआत रोमांचक रही। शुरुआत में ही 47 शॉट की रैली में सेन ने 'लाइन कॉल' का गलत आकलन करके अंक गंवाया, जिससे शी ने 3-2 की बढ़त बनाई। चीन के खिलाड़ी ने इसके बाद दो तेज स्मैश के साथ 10-6 की बढ़त बनाई, लेकिन लक्ष्य ने प्रतिद्वंद्वी की गलतियों का फायदा उठाकर वापसी करते हुए स्कोर 11-11 कर दिया। शी ने अपने दमदार स्मैश की बदौलत 14-11 की बढ़त बनाई, लेकिन लक्ष्य ने स्कोर 14-16 कर दिया। शी ने 52 शॉट की रैली बाहर मारकर लक्ष्य को अंक दिया। जब लग रहा था कि लक्ष्य मजबूत वापसी कर रहे हैं तब शी ने बॉडी स्मैश से पलटवार किया। चीन के खिलाड़ी ने 20-17 के स्कोर पर तीन गेम प्वाइंट हासिल किए और लक्ष्य ने शॉट बाहर मारने पर गेम जीत लिया।



# एशिया कप टी-20 से पहले टीम इंडिया को नया प्रायोजक मिलना मुश्किल

## ड्रीम 11 के हटने के बाद बीसीसीआई ने शुरू की तलाश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** फैंटेसी स्पोर्ट्स कंपनी ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम की टाइटल प्रायोजक नहीं है। बोर्ड ने उसके विकल्प की तलाश शुरू कर दी है, लेकिन यह अगले महीने एशिया कप से पहले होने की संभावना नहीं है। हाल ही में पारित 'ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025' के तहत सरकार के वास्तविक धन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने के बाद ड्रीम 11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल प्रायोजक नहीं है। बीसीसीआई सचिव देवाजीत सैकिया ने इसकी पुष्टि की है कि ड्रीम 11 के साथ करार खत्म हो गया है और बीसीसीआई विभिन्न राष्ट्रीय टीमों के लिए नए टाइटल प्रायोजक की तलाश की प्रक्रिया में है। सैकिया ने कहा कि हमारा रूख स्पष्ट है। नियम बनने के बाद बीसीसीआई ड्रीम 11 या अन्य गेमिंग कंपनी के साथ प्रायोजन करार नहीं रख सकती। नए नियम के तहत अब इसकी कोई गुंजाइश ही नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए हम दूसरे विकल्प तलाश रहे हैं और प्रक्रिया जारी है। हम प्रायोजक की तलाश में है और अभी प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। क्रिकेट एक ऐसा खेल है, जिसमें वास्तविक धन की गेमिंग का चलन काफी बढ़ गया है। भारतीय टीम का टाइटल प्रायोजक ड्रीम 11 था और आईपीएल का फैंटेसी स्पोर्ट्स भागीदार वास्तविक धन वाला ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म 'माई11 सर्कल' है।

### नहीं लगेगा जुर्माना

ड्रीम 11 ने भारतीय टीम के टाइटल अधिकार लगभग 44 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपए) में खरीदे थे। उनका करार खत्म होने में अभी एक साल बाकी है, लेकिन इसके लिए उन्हें कोई दंड नहीं लगाया जाएगा। बोर्ड के शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बीसीसीआई अपने प्रायोजक ही परेशानी को पूरी तरह समझता है। यह उनकी गलती नहीं है और भुगतान में चूक के अन्य मामलों की तरह ड्रीम11 पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। यह एक सरकारी नियम है और इसका पूरा पालन जरूरी है और मौजूदा हालात में उनके कारोबार पर असर पड़ेगा।

# महिला डीपीएल : साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स बनी चैंपियन



फाइनल में मात्र एक रन से सेंट्रल दिल्ली क्वींस को हराया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने पिछले साल फाइनल में मिली हार को भुलाते हुए सेंट्रल दिल्ली क्वींस को वर्षाबाधित मैच में एक रन से हराकर महिला दिल्ली प्रीमियर लीग खिताब जीत लिया। जीत के लिए 122 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए क्वींस शुरू से ही दबाव में रही और 20 ओवर में आठ विकेट पर 120 रन ही बना सकी। क्वींस ने एक समय पांच विकेट 74 रन पर गंवा दिए थे, लेकिन इसके बाद मोनिका (28 गेंद में 33 रन) और रिया शौकीन (28 गेंद में नाबाद 28) ने छठे विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी करके जीत की उम्मीदें जगाई। मोनिका के आउट होने के बाद हालांकि रिया को दूसरे छोर से मदद नहीं मिल सकी। सुपरस्टार्स के लिए मेधावी बिधुड़ी ने तीन और हिमाक्षी चौधरी ने दो विकेट लिए। सुपरस्टार्स के लिए तनीषा सिंह ने 28 और शिवी शर्मा ने 36 गेंद में 29 रन बनाए।

# राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप: मीराबाई ने रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण पदक

जेएनएन, अहमदाबाद

एक साल के लंबे अंतराल के बाद वापसी करने वाली मीराबाई चानू ने सोमवार को राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में नए रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक जीता। टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 48 किग्रा वजन वर्ग में कुल 193 किग्रा (84 किग्रा + 109 किग्रा) वजन उठाकर राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में कुल, स्नैच और क्लीन एंड जर्क के रिकॉर्ड तोड़कर पहला स्थान हासिल किया। यह 31 साल की इस खिलाड़ी इससे पहले 49 किग्रा में भाग लेती थी, लेकिन यह वजन वर्ग अब ओलंपिक में शामिल नहीं है। मीराबाई पिछले साल अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद पहली बार किसी प्रतियोगिता में भाग ले रही है। पेरिस ओलंपिक में वह चौथे स्थान पर रही थी। मीराबाई चोटिल होने के कारण पिछले एक साल में किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाई थी इसलिए उन्हें लय हासिल करने में भी समय लगा। स्नैच में 84 किग्रा के अपने पहले प्रयास में वह लड़खड़ा गईं।



## सिटी स्पोर्ट्स

# मध्यप्रदेश की नीरू को एशियाई चैंपियनशिप में जीते डबल गोल्ड

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य निशानेबाजी अकादमी की खिलाड़ी नीरू ढांडा ने 16वीं एशियाई चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए सोमवार को दो स्वर्ण पदक जीते। राष्ट्रीय खेलों की चैंपियन नीरू ने महिला ट्रैप व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में एक-एक स्वर्ण पदक हासिल किया। नीरू ने फाइनल में 43 अंक बनाकर कतर की बासिल रे (37) और आशिमा अहलावत (29) को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में उन्होंने आशिमा और प्रीति रजक के साथ 319 अंक लेकर स्वर्ण पदक भी जीता। भारतीय टीम चीन और कुवैत से आगे रही। नीरू और आशिमा ने शूट-ऑफ के बाद क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर रहकर छह महिलाओं के फाइनल में प्रवेश किया। खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने नीरू को दमदार प्रदर्शन के लिए उन्हें बधाई दी।



# मध्य प्रदेश के पहलवानों ने जीते रजत समेत पांच पदक

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के पहलवानों ने सीनियर नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए एक रजत सहित पांच पदक अर्जित किए। इसमें चार कांस्य शामिल है। रांची (झारखंड) में 21 से 24 अगस्त तक 23 बालक फ्री स्टाइल/ग्रीको रोमन एवं बालिका फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता संपन्न हुई। प्रतियोगिता में अंडर-55 किग्रा भारवर्ग में शिवानी शर्मा ने चांदी का तमगा हासिल किया। अंडर-57 में अभिषेक यादव, अंडर-50 में माधुरी पटेल, अंडर-72 महेश राठौर और अंडर 82 में अभिषेक यादव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को ओलंपियन अर्जुन अवॉर्डी पप्पू यादव पहलवान ने बधाई दी।



# नेशन्स कप : भारत की 23 सदस्यीय टीम घोषित

**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारतीय फुटबॉल टीम के नए मुख्य कोच खालिद जमील ने 29 अगस्त से शुरू हो रहे सीएएफए नेशन्स कप के लिए सोमवार को 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की। राष्ट्रीय टीम का जमील के मार्गदर्शन में यह पहला टूर्नामेंट होगा। भारतीय टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए ताजिकिस्तान जाएगी। भारत मेजबान ताजिकिस्तान से 29 अगस्त को भिड़ेगा, जबकि ईरान के खिलाफ एक सितंबर और अफगान के खिलाफ चार को खेलेगा।

**भारत टीम:** गोलकीपरः गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, ऋतिक तिवारी। डिफेंडरः राहुल भेके, नाओरेम रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह, हिंगथनमाविया राल्ते, मुहम्मद उवई। मिडफील्डरः निखिल प्रभु, सुरेश सिंह वांगजाम, दानिश फारूक भट, जैकसन, बोरिस, आशिक कुरुनियन, उदांता सिंह, महेश सिंह। फारवर्ड : इरफान यदवाड, मनवीर (जूनियर), जितिन एमएस, लालियानजुआला चांगटे, विक्रम प्रताप सिंह।

दैनिक जागरण
रीवा, 26 अगस्त, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


## मैहर जिले में अब तक 847.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 25 अगस्त 2025 तक 847.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 899 मि.मी., मैहर में 770.5 मि.मी. एवं रामनगर में 874 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## सतना जिले में अब तक 857.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** सतना जिले में इस वर्ष 1 जून से 25 अगस्त तक 857.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 1011.9 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 731.3 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 1173.3 मि.मी, बिरसिंहपुर में 708.2 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 840 मि.मी., नागौद में 996 मि.मी., जसो (नागौद) में 415.9 मि.मी. एवं उचेहरा में 981.3 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खोबा मंडी में दी दबिश, जब्त किये सेम्पल

जागरण सतना

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा जगतदेव तालाब रोड स्थित खोवा मंडी में खोवा कारोबारियों के यहां जांच की गई है हरतालिका तीज में खोवा की खपत बहुत अधिक बढ़ जाती है और ऐसे में मिलावटी खोवा के बिकने की आशंका होती है। आम लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग जिले में लगातार कार्यवाही कर रहा है। कई खोवा विक्रेता टीम को देखकर नौ दो ग्यारह हो गए।



### इनसे लिये गये सेम्पल

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खोबा मंडी में दबीश देकर चार व्यापारियों से सेम्पल जप्त किये है। जानकारी के मुताबिक अभय केशरवानी , राजेश केशरवानी , पंकज कुमार गुप्ता, कमलेश यादव से खोबा का सेम्पल जप्त किया गया है। लिए गए खाद्य पदार्थों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। आम जनता से अपील है कि खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा खाद्य व्यापार हेतु जारी लाइसेंस देखकर ही पंजीकृत दुकानदार से सामान खरीदें और क्रय बिल अवश्य लेवें। खोवे में मिलावट की आशंका पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग जो कि कलेक्ट्रेट चौराहा के पास धवारी में है आकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभिषेक बिहारी गौड़ शीतल सिंह और अशोक कुर्मी शामिल रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने सहायक शिक्षक को किया निलंबित

**जागरण सतना।** सरकारी स्कूल में पढने वाली छात्रा की बेरहमी से पिटाई करने वाले सहायक शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित कर दिया है। बताया जाता है कि शा.मा.शा. उमरी फिफरी सकुल केन्द्र नादन में पदस्थ शिक्षक शिवराज सिंह बघेल ने संस्था में पढने वाले छात्रा कुमारी अंशिका प्रजापति को अध्यापन कार्य के दौरान 21 अगस्त को जमकर पीटा जिससे छात्रा का एक दात टूट गया और वह चोट के कारण घायल हो गई। छात्रा के परिजनो द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण एवं किशोर न्याय के अंतर्गत भी मामला दर्ज कराया गया है मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव ने सहायक शिक्षक शिवराज सिंह बघेल तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुये निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रामनगर नियत किया है।

## विद्यालय में सोते मिले शिक्षक को संयुक्त संचालक ने किया निलंबित

**जागरण सतना।** सरकारी स्कूलो में पदस्थ शिक्षक कितनी इमानदारी से बच्चो को पढाते है इसका एक उदाहरण रामपुर बाघेलान क्षेत्र के अंतर्गत संचालित शासकीय हाई स्कूल झंड का सामने आया है जहां पर शिक्षक शिव कुमारी चौधरी संस्था में सोते हुये मिले। जिसका वीडियों जमकर वायरल हुआ मामले पर संज्ञान लेते हुये जिला शिक्षा अधिकारी ने बीईओ रामपुर से मामले की जांच कराई जिसमें मामला पूरी तरह से प्रमाणित पाया गया । उन्होने जांच का प्रतिवेदन संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा को भेजा जिस पर संयुक्त संचालक ने माध्यामिक शिक्षक शिवकुमार चौधरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये है निलंबन अवधि में जहां उन्हे जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी वहीं उनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय नागौद निर्धारित किया गया है।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जागरण सतना।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही सतना एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश , एएसपी डॉ शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है।

### ये है मामला

पुलिस ने बताया कि फरियादिया ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि हरदुआ उबारी गांव का रहने वाला पुष्पेन्द्र कुशवाहा पिता जगजाहिर कुशवाहा सन् 2019 से फोन पर बात करता और शादी के लिए कहता था 2019 में उसने शारीरिक संबंध बनाये और शादी के लिए कहता रहा मगर जब पीडिता ने उससे शादी के लिए कहा तो वह टाल देता था। और यह कहता था कि शादी उससे ही करेगा जबकि 2023 में पुष्पेन्द्र ने दूसरी लडकी से शादी कर ली। तब पीडिता के द्वारा पुष्पेन्द्र से शादी के लिए बोला गया तो वह बोला कि मै जिससे शादी किया हूँ उसे छोड दूगां तुमसे ही शादी करूगां उससे कोई मतलब नही रखूगा व 08 मई 25 को पुष्पेन्द्र कुशवाहा के द्वारा पीडिता के घर की छत में आकर शादी का दिलाशा देकर फिर से शारीरिक संबंध बनाये थे इसी बीच जब पीडिता के द्वारा शादी के लिए कहा जाता था तब पुष्पेन्द्र कुशवाहा टाल मटोल कर देता । पीडिता ने 24 अगस्त को सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई जिस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# राष्ट्रीय खेल दिवस 2025 के आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी

### 29 से 31 अगस्त तक होगी खेल गतिविधियां

**जागरण सतना।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 से 31 अगस्त 2025 तक प्रदेश के विभिन्न खेल कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गये है। राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ में वर्णित अनुसार सभी व्यक्तियों बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों में फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना तथा उन्हें फिट रहने के लिए खेल, योग आदि गतिविधियों से जोडना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। प्रमुख सचिव म.प्र. शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग मनीष सिंह ने समस्त कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा है कि भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर समस्त जिलों में 29 से 31 अगस्त 2025 तक विभिन्न खेल कार्यक्रम आयोजन किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। प्रत्येक जिले में इस कार्यक्रम के लिए एक नोडल अधिकारी जिला कलेक्टर द्वारा नामांकित किया जाये। तीन दिवस के समस्त कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार करें। समस्त जनप्रतिनिधियों सांसद, विधायक एवं अन्य को अनिवार्यः सूचित करें तथा इनकी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिले में सभी शासकीय, अशासकीय विद्यालय, महाविद्यालय, खेल संस्थायें तथा अन्य विभाग इस आयोजन में सहभागी हों। कार्यक्रम में शहरी, ग्रामीण क्षेत्र की सभी संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। स्थानीय खेलों को बढावा दिया जाये। सभी स्थानीय अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय स्तर के तथा अन्य ख्यातिग्रस्त खिलाडियों को अनिवार्यतः आमंत्रित कर सम्मानित किया जाये। कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाये। प्रत्येक जिले में एक बडा खेल कार्यक्रम का आयोजन किया जाये। कार्यक्रमों के आयोजन में बच्चों युवाओं, बुजुर्गों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाये ताकि वे खेल, योग आदि को अपने जीवन का अनिवार्य अंग बना सके। फिट इंडिया के पोर्टल ेीजजचरूध्ध्पिजपदकपंण्हवअण्पद पर अधिक से अधिक विभागों, संस्थाओं व्यक्तियों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाये। विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन उपरांत तत्काल कार्यक्रम से संबंधित फोटो, वीडियो आदि पोर्टल पर अपलोड किया जाये।

## रिसोर्स पर्सन चयन के लिए आवेदन आज तक

**जागरण सतना।** आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग योजना के अंतर्गत जिला स्तर पर लाभार्थियों को हेण्ड होल्डिंग सहायता उपलब्ध कराने के लिए 26 अगस्त 2025 तक दो रिसोर्स पर्सन का फेसिलेटर के रूप में चयन किया जाना है। उप संचालक उद्यान अनिल सिंह ने बताया कि जिला रिसोर्स पर्सन के लिए कोई भी उपयुक्त अभ्यर्थी जैसे सेवा निवृत्त सरकारी अधिकारी, बैंक अधिकारी, बीमा एजेंट, कन्सलटेंसी फर्म, व्यक्तिगत पेशावर, जिसे फूड प्रोसेसिंग का अनुभव हो आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकता है। आवेदक स्नातक, डिग्री धारक होना चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण या कृषि में स्नातक उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी। अभ्यर्थी को डीपीआर तैयार करने का अनुभव होना चाहिए। पासपोर्ट फोटो, मोबाइल नम्बर, ईमेल आईडी, वर्तमान पता, आधार कार्ड, पैन कार्ड, शैक्षणिक दस्तावेज तथा कार्य अनुभव एवं अन्य जानकारी के साथ अभ्यर्थी से उप संचालक उद्यान जिला सतना के कार्यालयीन समय में प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आफ्लाइन आवेदन स्वीकार किये जायेगे।

# मैहर पुलिस का आपरेशन रिंगटोन

### साइबर सेल की टीम ने 60 नागरिकों के मोबाइल खोजे



**जागरण सतना।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर के मार्गदर्शन में जिला सायबर सेल मैहर की टीम द्वारा गुम मोबाइल संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से लगभग 10 लाख 35 हजार रूपये की कीमत के 60 नागरिकों के मोबाइल बरामद किया गया। बरामद किये गये मोबाइल सैमसंग, वनप्लस, ओप्पो, वीवो, पोको, टेक्नो, रेडमी, रीयलमी, एमआई, इनफिनिक्स तथा लावा कंपनियों के है। सभी मोबाइलों को सतना, मैहर, रीवा, पन्ना, छतरपुर, चित्रकूट, दिल्ली, भिण्ड, टीकमगढ, गुजरात के स्थानों से ट्रैस कर बरामद किया गया है। इसके बाद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा सायबर सेल की टीम द्वारा मोबाइल मालिकों को सुपुर्द किया गया। आवेदकों को मोबाइल वापिस मिलने सभी मालिकों द्वारा मोबाइलों के वापस मिलने पर पुलिस अधिकारियों एवं सायबर सेल की टीम को धन्यवाद दिया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल ने सायबर सेल की टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा की है। मैहर पुलिस की अपील है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल गुम हो गया है या चोरी हो गया है तो इसकी रिपोर्ट नजदीकी थाने पर दर्ज करायें या फिर सीईआईआर पोर्टल पर जाकर मोबाइल को ब्लाक कराये ताकि डिवाइस का दुरूपयोग न हो।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण संपन्न



### 13 नवम्बर को किया जायेगा अंतिम प्रकाशन

**जागरण सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के निर्देशानुसार जिले की नगर पालिका एवं पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण वर्ष 2025 कार्यक्रम के तहत सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मतदाता सूची पुनरीक्षण संबंधी प्रशिक्षण संपन्न हुआ। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी विकास सिंह की उपस्थिति में जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ. बीके गुप्ता द्वारा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, ब्लाक एवं नगरीय निकाय स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स को मतदाता सूची तैयार करने के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस मौके पर नागौद के नायब तहसीलदार यादवेन्द्रमणि त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रसाद मांझी, नायब तहसीलदार उचेहरा परमानंद तिवारी, मंगलेश्वर सिंह सहित ब्लाक तथा नगरीय निकाय के मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यक्रम के अनुसार फोटोयुक्त प्रारूप मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड और अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 8 अक्टूबर 2025 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में 8 से 17 अक्टूबर तक दावे-आपत्ति लिये जाएंगे। दावे-आपत्तियों का निराकरण 27 अक्टूबर तक किया जाएगा। फोटोयुक्त अंतिम मतदाता सूची का नगर पालिका वार्ड तथा अन्य विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 13 नवम्बर 2025 को किया जाएगा।

# भारतीय सिंधू सभा ने किया सामाजिक प्रतिभाओं का सम्मान



**जागरण, सतना।** सतना भारतीय सिंधू सभा द्वारा अखंड भारत सिन्ध स्मृति दिवस एवं सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 24 अगस्त रविवार को सिन्धी कॉलोनी स्थित माधव गुणवंती हाल में महंत स्वामी खिम्यादास के सानिध्य में एवं मुख्य अतिथि महेश ठारवानी ख्प्रदेश महामंत्री, के मुख्यआतिथ्य में विशिष्ट अतिथि लालचंद लालवानी प्रदेश उपाध्यक्ष, सतीश सुखेजा प्रदेश उपाध्यक्ष, एवं गोपी गेलानी पार्षद, मनीष टेकवानी पार्षद, के उपस्थिति में एवं संस्थाध्यक्ष अशोक चांदवानी जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया । संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने बताया कार्यक्रम का शुभारंभ इष्टदेव भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया पवन सोनी द्वारा मां सरस्वती वंदना की गई। तपश्चात मंचासीन अतिथियों का संस्था पदाधिकारी द्वारा माल्यार्पण से स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन देते हुए संस्था के अध्यक्ष अशोक चांदवानी ने आए हुए अतिथियों एवं उपस्थित सम्मानीयगणों का शब्दों से स्वागत करते हुए कहा कि हम विश्व की प्राचीनतम सभ्यता सिंधू घाटी सभ्यता के वारिस हैं जिन्होंने सिंधू सरस्वती जैसी पवित्र नदियों का पानी पीया है इसका हमे गर्व है।

# नेहा पाण्डेय को किया गया सम्मानित



**सतना।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका नेहा पांडेय को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष 2022.23 मे निरंतर विभिन्न क्षेत्र जैसे स्वच्छता अभियान , मतदाता जागरूकता अभियान , नशा मुक्ति अभियान वृक्षारोपण आदि क्षेत्रों में 240 घंटे का श्रमदान करने में सम्मान दिया गया। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति आरण्के कुडरिया कार्यक्रम समन्वयक अभिमन्यु अग्निहोत्री के अनुशांसा पर बी प्रमाण पत्र जारी किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर शोभा गुप्ता पूर्व प्राचार्य डॉक्टर ए के पांडेय एरासेयों नोडल अधिकारी डॉक्टर प्रज्ञा द्विवेदीएरासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीप्ति शुक्ला डॉ शर्मिला सिंह के साथ महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक और स्टाफने नेहा पांडेय को बहुत.बहुत बधाई दी।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी-**7089620900 **सिंगरौली-**9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com